बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष 5, अंक 170, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 20

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 19










# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों का मिला लाभ

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया।

# सीआईएससीई के नतीजे : लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

## 10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, जारी नहीं होगी मेधा सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10वीं कक्षा : 99.31 प्रतिशत लड़के, 99.65 प्रतिशत लड़कियां सफल
- 12वीं कक्षा : 97.53 प्रतिशत लड़के, 98.92 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा कि 10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।

आईसीएसई परीक्षाएं 21 फरवरी को शुरू हुईं और 28 मार्च को 18 दिन में खत्म हुईं। आईएससी परीक्षा (12वीं कक्षा) 47 लिखित विषयों में कराई गई, जिनमें से 12 भारतीय भाषाओं, चार विदेशी भाषाओं और दो शास्त्रीय भाषाओं में थी। आईएससी परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुईं और चार अप्रैल को खत्म हुईं।

कुल 2,695 स्कूलों के अभ्यर्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठे और 82.48 प्रतिशत (2,223) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा के लिए कुल 1,366 स्कूलों के अभ्यर्थी बैठे और 66.18 प्रतिशत (904) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 2.43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे।

### विदेशी स्कूलों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। आईसीएसई परीक्षा (10वीं कक्षा) 60 लिखित विषयों में कराई गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी।

# उप राज्यपाल ने की केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

## प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से धन प्राप्त करने के हैं आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी





- आम आदमी पार्टी ने मामले को साजिश बताया, मंत्री सौरभ ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा की संभावित हार की बौखलाहट कहा

दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है।

यह जानकारी राजभवन सूत्रों ने दी। वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। क्योंकि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीट हार रही है। भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराए हुए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उप राज्यपाल के सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद भुल्लर को 1993 में दिल्ली में एक बम विस्फोट में नौ लोगों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 25 अगस्त, 2001 को टाडा अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी मौत की सजा को कम किए जाने के बाद से वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सक्सेना ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उप राज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में खालिस्तानी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें की थीं। केजरीवाल ने आप को पर्याप्त वित्तीय सहायता के बदले में भुल्लर की रिहाई में मदद का वादा किया था। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में आप के एक पूर्व कार्यकर्ता मुनीश कुमार रायजादा ने खालिस्तानी नेताओं के साथ केजरीवाल की मुलाकात की कथित तस्वीरें साझा की थीं।

### अंतरिम जमानत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

# रांची में ईडी का छापा, 35 करोड़ की नकदी और आभूषण बरामद

रांची, एजेंसी



छापे के दौरान बरामद नकदी गिनते ईडी कर्मी। ● एजेंसी

- मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर भी की छानबीन
- जांच एजेंसी ने नकदी गिनने के लिए लगाईं आठ मशीनें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिसमें 35 करोड़ की बेहिसाब नकदी बरामद की गई।

सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी मंत्री आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल, दो इंजीनियर कुलदीप मिंज और विकास कुमार तथा ठेकेदार मुन्ना सिंह के अलावा संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर आलम के आवासों पर की गई। इनमें सबसे अधिक 30 करोड़ की नकदी जहांगीर आलम के घर से बरामद हुई।

सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं। इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है। आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं। बरामद नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं। अभियान के तहत कुल छह परिसरों की तलाशी ली गई और एजेंसी ने एक परिसर से 2.93 करोड़ रुपये तथा एक अन्य परिसर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। छापे में अधिकारियों के पदस्थापन के लिए विधायकों और अन्य बड़े लोगों द्वारा आलम को लिखे गए सिफारिशी पत्र भी बरामद हुए हैं।

### धनशोधन के मामले से जुड़ी है छापेमारी

यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ धनशोधन के मामले से जुड़ी है, जिसे ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल जारी एक बयान में आरोप लगाया था कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी।






## एक नजर

### यूपी बोर्ड : इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई की रात्रि 12 बजे तक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सोमवार को आवेदन से लेकर परीक्षा तक पूरा ब्योरा जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना आवेदन बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर कर सकते हैं।

### गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सोरेन

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका राज्य उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट से उमर अंसारी को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के यूपी विस चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर अंसारी से निचली कोर्ट में पेश होने को कहा।

### खेद प्रकाश

पांच मई के अंक में अमिताभ बच्चन के चित्र की जगह उनके डुप्लीकेट का चित्र प्रकाशित हो गया था। इस मानवीय चूक के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। - संपादक

# अरुण को कोर्ट ने भेजा एक दिन की न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

## शाह का फर्जी वीडियो

- तेलंगाना के कांग्रेस नेताओं को एक और नोटिस जारी
- रेड्डी से जब्त लैपटॉप-फोन को फोरेंसिक जांच को भेजा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने सोमवार को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के चार सदस्यों को नए सिरे से नोटिस जारी कर उन्हें जांच में शामिल होने को कहा। कांग्रेस के ये नेता समन जारी होने के बावजूद भी पेश नहीं हुए थे। पुलिस ने कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक अरुण बी रेड्डी से जब्त किए लैपटॉप और मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। वहीं, दिल्ली की अदालत ने सोमवार को रेड्डी को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

टीपीसीसी के चार सदस्य शिव कुमार अंबाला, अस्मा तस्लीम, सतीश मन्ने और नवीन पीतम को दोबारा नोटिस जारी हुआ है। इनको समन भेज कर पिछले सप्ताह जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था । टीपीसीसी अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के वकील को छोड़कर, अब तक कोई भी पुलिस के सामने पेश नहीं हुआ है।

# नड्डा, मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलुरु।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए एससी/एसटी के सदस्यों को डराने-धमकाने वाले पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

- सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने की थी शिकायत

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जनप्रतिनिधि और आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो का हवाला दिया गया।

# राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या

पटियाला, एजेंसी



- भाई-भाभी से झगड़े के बाद भाखड़ा नहर में कूदी महिला खिलाड़ी
- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराई बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसके पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भाखड़ा नहर से सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# सपा ने श्यामलाल पाल को बनाया नया प्रदेश अध्यक्ष



- लोकसभा चुनाव के बीच हटाए नरेश उत्तम पटेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ा निर्णय लेते हुए नरेश उत्तम पटेल की जगह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इस पद पर बदलाव सात साल बाद किया है। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव को हटाने के बाद नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बदलाव के पीछे नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना भी वजह है। ऐसे में वह अपने चुनाव पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। श्यामलाल पाल प्रयागराज के निवासी हैं। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले के पीछे पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों वाले लक्ष्य को साधना है। पिछले साल ही श्यामलाल को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

# मुंबई दंगा पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्देश लागू न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे। इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

# बरेली, आंवला समेत 10 सीटों पर मतदान आज

- सुबह सात से शाम छह बजे तक पड़ेंगे वोट


**लखनऊ।** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों पर आज सात मई को मतदान होगा। कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आठ महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। एक करोड़ 89 लाख 14 हजार 788 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। 20,415 मतदेय स्थल व 12339 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

खेती-किसानी

पंतनगर विश्वविद्यालय की बायो कंट्रोल प्रयोगशाला ने ईजाद किए चार जैव नियंत्रक अभिकर्ता

# कीटनाशकों से नहीं अब जैव नियंत्रकों से समृद्ध होगी खेती

मृगांक मौली, पंतनगर




जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में निर्मित चार बायो कंट्रोल एजेंट।

**अमृत विचार** : फसल में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशकों का प्रयोग बीती बात हो चुकी है, अब इनका नाश जीवाणु करेंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग में जैव नियंत्रण परियोजना के तहत जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की परियोजनाधिकारी डॉ. रूपाली शर्मा के निर्देशन में वैज्ञानिकों ने चार जैव नियंत्रक अभिकर्ताओं का निर्माण किया है, जिसे पेटेंट भी करा लिया है।

जैव नियंत्रक अभिकर्ता मिट्टी में पाए जाने वाले वह सूक्ष्म फफूंद और जीवाणु हैं, जिनसे पौधों में रोग जनकों का आंशिक या पूरी तरह से विनाश किया जाता है। ये तीन प्रकार से कार्य करते हैं। इनमें परजीविता- जैव नियंत्रक रोग कारक जीव के ऊपर चिपककर उसकी बाहरी परत को कुछ प्रतिजैविक पदार्थों से गलाकर उसमें के सभी पदार्थों का उपयोग कर लेता है, जिससे वह नष्ट हो जाता है। प्रतिजैविकता -इस प्रक्रिया में जैव नियंत्रक प्रतिजैविक पदार्थ उत्पन्न करता है, जो रोग कारकों के लिए विष है। प्रतिस्पर्धा - इसमें जैव नियंत्रक वातावरण में मौजूद पोषक पदार्थों, जल व स्थान के लिए रोग कारकों से स्पर्धा करते हैं। प्रयोगशाला में चार जैव नियंत्रकों पंत बायो कंट्रोल एजेंट-1 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम), पंत बायोकंट्रोल एजेंट-2 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस), पंत बायो कंट्रोल एजेंट-3 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम 2) व पंत बायो कंट्रोल एजेंट-4 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस 2) का उत्पादन किया गया है।

### ऐसे करते हैं बीजों और पौधों में जैव नियंत्रकों का उपयोग

जैव नियंत्रक के 10 ग्राम पाउडर का पानी में घोल बनाकर बीजों को इसमें डाल देते हैं। बीजों को छाया में सुखाकर बुवाई कर देते हैं। पौध उपचार में पौधशाला से उखाड़कर पौध की जड़ को जैव नियंत्रक घोल में आधा घंटा डुबाते हैं। मृदा उपचार में एक किग्रा. जैव नियंत्रक एक कुंतल सड़ी खाद या कंपोस्ट में मिलाकर एक माह बाद खेत में डालते हैं।

### रोग व कीट नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं जैव नियंत्रक

रोग व कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के प्रयोग ने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम कर दी है। पौधों में रोगकारकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। साथ ही मिट्टी के उपयोगी सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जिससे रोगजनकों में वृद्धि हो रही है। जैव नियंत्रक एक बार मिट्टी में स्थापित हो जाता है तो यह स्वयं अपनी कार्यक्षमता बढ़ाता रहता है।

# आज ईवीएम पर अपनी किस्मत लिखने का दिन

## जिले के 3089 बूथों पर सुबह सात बजे शुरू होगा मतदान, 29.95 लाख लोग करेंगे मताधिकार का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अपने सबसे बड़े लोकतांत्रिक अधिकार को प्रयोग करने का दिन आखिर आ गया। मंगलवार को सुबह सात बजे से आपके पास मौका होगा कि ईवीएम में पांच साल के लिए अपनी किस्मत की जिम्मेदारी किसी प्रत्याशी के नाम तय कर दें। जिले में 3089 बूथों पर 29 लाख 95 हजार 729 मतदाताओं को यह मौका मिलेगा। पुलिस-प्रशासन की ओर से निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लिए जाने का दावा किया गया है। बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए हैं।

जिले की बरेली और आंवला सीट पर तीसरे चरण के चुनाव में मंगलवार को मतदान होने जा रहा है। बरेली संसदीय क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्र बरेली, बरेली कैंट, नवाबगंज, भोजीपुरा, मीरगंज और आंवला संसदीय क्षेत्र के आंवला, बिथरी चैनपुर, फरीदपुर में 29,95,729 मतदाता है। इसके अलावा बदायूं जिले में आने वाले विधानसभा क्षेत्र दातागंज के 4,15,731 और शेखूपुर के 4,04,687 मतदाता भी आंवला के सांसद का चुनाव करेंगे।

### बरेली में 13 प्रत्याशी

बरेली सीट पर भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, इंडिया गठबंधन के तहत सपा से प्रवीण सिंह ऐरन, पीस पार्टी से इरशाद अंसारी एडवोकेट, सम्राट मिहिर भोज पार्टी से जगपाल सिंह यादव, भारत जोड़ो पार्टी से मो. नाजिम अली, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से भूपेंद्र कुमार मौर्य, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से रवि कुमार और जन शक्ति एकता पार्टी से रोहताश कश्यप मैदान में हैं। आयशा बी, आशीष गंगवार, नितिन मोहन, बुद्धप्रिय कर्मराज और वसीम मियां समेत पांच प्रत्याशी निर्दलीय हैं।

### आंवला में 9 उम्मीदवार

आंवला सीट पर भाजपा से धर्मेंद्र कश्यप, सपा से नीरज मौर्य, बसपा से आबिद अली, पीस पार्टी से कौसर खां, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से निर्मोद कुमार सिंह, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से प्रेमपाल सागर, भारत जोड़ो पार्टी से मोहम्मद आमिर खां, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से राजकुमार पटेल के साथ मक्खन लाल निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

बरेली में 13 और आंवला में नौ प्रत्याशी मैदान में हैं। इस तरह कुल 38 लाख 16 हजार 147 मतदाता बरेली और आंवला संसदीय क्षेत्र में अपनी किस्मत का खेवनहार चुनेंगे। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा।



परसाखेडा में पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित करते मतदान कर्मी। ● अमृत विचार

## परसाखेड़ा से रवाना पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंचीं

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा वेयर हाउस से सोमवार को पोलिंग टीमें रवाना होकर शाम तक बूथों पर पहुंच गईं। इस दौरान परसाखेड़ा में पूरे दिन अफरा-तफरी जैसी स्थिति बनी रही। पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मचारियों को यहां अव्यवस्था की वजह से ड्यूटी प्राप्त करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए अधिग्रहीत वाहन सुबह ही परसाखेड़ा में बनाई गई पार्किंग में लाकर खड़े कर दिए गए। सुबह सात बजे से मतदान कार्मिकों के पहुंचने का भी सिलसिला शुरू हो गया था जो दोपहर बाद तक जारी रहा। वेयरहाउस में ड्यूटी बांटने के लिए विधानसभा क्षेत्रवार टेबल बनाई गईं थीं जहां पहुंचकर कार्मिकों ने ईवीएम, वीवीपैट के साथ ड्यूटी प्राप्त की। अफरा-तफरी के बीच पोलिंग पार्टियां रवाना होती रहीं। डीएम रविंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह समेत सभी पुलिस-प्रशासन के अधिकारी व्यवस्था का जायजा लेते रहे। कुल 12,356 कार्मिक चुनाव ड्यूटी में लगाए गए हैं। 1256 कार्मिकों को रिजर्व रखा गया है।

● **परसाखेड़ा वेयर हाउस पर दिन भर रहा अव्यवस्था और अफरातफरी का माहौल**

## मां होने की मुश्किल, गोद में बच्चों को लेकर ड्यूटी



कई महिला कर्मचारी गोद में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर ड्यूटी संभालने पहुंचीं। आठ महीने के बच्चे के साथ पहुंची आलमपुर जाफराबाद प्राइमरी स्कूल की सहायक अध्यापक ममता ने ड्यूटी कटवाने की कोशिश की लेकिन अधिकारी नहीं माने। बोलीं, बच्चे की तबीयत खराब है, फिर भी अधिकारी नहीं मान रहे हैं। मीरगंज के थानपुर में तैनात शिक्षा मित्र ममता कश्यप चार महीने की बेटी को लेकर पहुंची थीं। तीन साल की बेटी खुशी और बेटे यश के साथ पहुंची उदयपुर में तैनात शिक्षा मित्र हर्षना ने बताया कि परिवार में बच्चों को संभालने वाला कोई नहीं था। करगैना प्राइमरी स्कूल में तैनात सहायक अध्यापक पूनम चंद्रा नौ महीने के बच्चे को लेकर आईं थी। सहायक अध्यापक अनीता की गोद में भी सात माह का बच्चा था। बोलीं, घर पर कोई नहीं है।

### 40 डिग्री रहेगा आज तापमान



कड़ी धूप ने लिया मतदान कर्मियों का इम्तहान। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव के दिन मंगलवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। प्रशासन की ओर से गर्मी से बचाव के लिए मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं की गई हैं और मतदाताओं को भी अपना बचाव करने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चुनाव के बाद 8 मई से कुछ दिन के लिए बूंदाबांदी से तापमान गिरेगा। इसके बाद 15 मई से फिर तापमान बढ़ना शुरू होगा।

## बूथों पर पहुंचते ही पोलिंग पार्टियों के लिए आया ठंडा शर्बत और नाश्ता

**बरेली, अमृत विचार :** कड़ी धूप में पसीने से लथपथ पोलिंग टीमों के सदस्य उस वक्त हैरान रह गए जब बूथ पर पहुंचते ही उनके लिए नाश्ते के साथ ठंडा शर्बत पेश कर दिया गया। शहर से देहात तक तमाम जगह यह आतिथ्य सत्कार जागा। शहर में पार्षदों ने यह जिम्मेदारी संभाली तो देहात में प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने। कई जगह पोलिंग पार्टियों के लिए अब सुबह के नाश्ते का भी इंतजाम किया जा रहा है।

कई जगह पोलिंग टीमों में शामिल कर्मचारियों ने इसे आचार संहिता के खिलाफ बताते हुए नाराजगी जताते हुए शर्बत और नाश्ता लेने से इन्कार कर दिया तो कहीं उनके हल्के-फुल्के एतराज को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि वे लोग उनके लिए मेहमान हैं और मेहमानों को कोई परेशानी न होने देना उनका फर्ज है। फरीदपुर के एक गांव में टीम को पहुंचते ही ठंडा पानी मिला। इसके कुछ देर बाद नाश्ता और चाय भी पहुंच गई। शहर में तो कुछ पार्षदों ने पोलिंग टीमों को सुबह का नाश्ता भी उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कुछ जगह तो हलवाई लगाए गए हैं जो पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पोलिंग टीमों के लिए भी नाश्ते के पैकेट तैयार करेंगे। राजेंद्रनगर, मॉडल टाउन, आवास-विकास, रहपुरा चौधरी, भूड़ समेत कई इलाकों में इस तरह की तैयारी की जा रही है।

● **ग्रामीण इलाकों में प्रधानों-बीडीसी सदस्यों और शहर में पार्षदों ने संभाली जिम्मेदारी**

## जिले में बने 13 पिंक बूथों पर खास इंतजाम



जिले में 13 पिंक बूथ बनाए गए हैं। किसी विधानसभा क्षेत्र में एक तो किसी में दो पिंक बूथ बने हैं। इन बूथों पर महिला कर्मचारियों को तैनात किया गया है। खासतौर पर साजसज्जा करने के साथ बूथों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर बार की तरह यह प्रयोग किया गया है।

## ड्रोन से भी की जाएगी मतदान केंद्रों की निगरानी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और आंवला लोकसभा सीट पर मतदान के दौरान पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। सुरक्षा में 15 हजार से अधिक जवान लगाए गए हैं। इसके अलावा मतदान केंद्रों की ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य अधिकारियों ने सोमवार को कई मतदान स्थलों का जायजा लिया।

## रूट डायवर्जन से मिनी बाईपास से किला तक जाम

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की वजह से रूट डायवर्जन किया गया। इसकी वजह से सोमवार को मिनी बाईपास से किला तक जाम लग गया। इसका असर शहर में भी हुआ। एसपी ट्रैफिक शिवराज ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

## भीषण गर्मी में पानी का संकट



परसाखेड़ा में मतदान कार्मिकों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जो पानी यहां उपलब्ध था, वह पीने में अच्छा नहीं था लेकिन मजबूरी में लोगों को इस्तेमाल करना पड़ा। यही नहीं, पानी की टंकियां दोपहर में ही खाली हो गईं थी। फोन से संपर्क न होने से भी पोलिंग पार्टियों को रवाना करने में देरी हुई। मतदान कार्मिक भी संपर्क न होने से ड्यूटी लेने के लिए घंटों तक भटकते रहे।

## वोटर आईडी नहीं तो ये विकल्प आएंगे काम

जिनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है, वे विकल्प के तौर पर स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र और राज्य के साथ निजी कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक और डाकघर से जारी फोटोयुक्त पासबुक का प्रयोग कर मतदान कर सकते हैं। सांसद और विधायकों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसेबिलिटी आई कार्ड आदि दस्तावेज भी वैध माने जाएंगे।


### माय बूथ एप करें इस्तेमाल

चुनाव के दौरान मतदाता माय बूथ एप बरेली का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे उन्हें पता चल जाएगा कि किसी बूथ पर कितनी भीड़ है। इसकी वजह से उन्हें गर्मी में परेशान नहीं होना पड़ेगा।







शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## डाक से भेजे गए 15 सौ वोटर आईडी कार्ड

**बरेली, अमृत विचार** : भारतीय डाक विभाग ने रविवार और सोमवार को करीब 15 सौ से अधिक वोटर आइडी कार्ड डाक के माध्यम से लोगों को भेजे। इसके अलावा डाकियों ने लोगों को वोटर आईडी कार्ड देकर मतदान के प्रति जागरूक किया। डाक विभाग के जनसंपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने कहा कि तीसरे चरण के मतदान से पहले विभाग के तीन सौ से अधिक डाकियों को वोटर आईडी वितरण के काम में तैनात किया गया। जिन मतदाताओं के पास वोटर आईडी नहीं है, उन को डाकियों ने विकल्पों के बारे में भी बताया।

# खेल नहीं आसान... लड़ानी पड़ेगी जान

## बरेली-आंवला में 2014 के बाद चुनाव दर चुनाव कड़ा हुआ है भाजपा और सपा का मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मतदाताओं की खामोशी के साथ पिछले चुनावों के नतीजे भी इशारा कर रहे हैं कि बरेली और आंवला में इस बार मुकाबला काफी कड़ा हो सकता है। दोनों सीटों पर पहली बार भाजपा और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी रही सपा के बीच वोटों का अंतर सर्वाधिक स्तर तक पहुंचा था। आंवला में उसके बाद लगातार यह अंतर घटता जा रहा है। बरेली में 2017 के चुनाव में और बढ़ा लेकिन उसके बाद यहां भी कम होने लगा।

इस बार चुनाव में बरेली और आंवला दोनों सीटों पर दोनों तरफ से काफी जोर लगाना पड़ा है। अब तक के हालात साफ बता रहे हैं कि मुकाबला किसी के लिए भी आसान नहीं है। वैसे भी 2014 के बाद मुकाबला लगातार कड़ा होता गया है। लोकसभा चुनाव 2014 में बरेली में भाजपा और सपा के वोटों में 23.6 प्रतिशत का अंतर था जो 2017 के विधानसभा चुनाव में और बढ़कर 35.4 तक पहुंचा लेकिन इसके बाद कम होने लगा।

लोकसभा चुनाव 2019 में यह अंतर एक साथ करीब 20 प्रतिशत घटकर 15.7 प्रतिशत रह गया। इसके बाद विधानसभा चुनाव 2022 में और घटा और सिर्फ 6.5 प्रतिशत रह गया।

आंवला में भी वोटों के अंतर में लगातार गिरावट आई। लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा और सपा के वोटों का अंतर 13.9 प्रतिशत था जो मामूली बढ़त के साथ विधानसभा चुनाव 2017 में 14.1 पर पहुंचा लेकिन लोकसभा चुनाव 2019 में 10.7 प्रतिशत का ही अंतर रह गया। इस चुनाव में भाजपा के मुकाबले सपा के साथ गठबंधन के तहत बसपा ने प्रत्याशी उतारा था। विधानसभा चुनाव 2022 में वोटों के अंतर और गिरावट आई और सिर्फ 3.6 प्रतिशत का ही अंतर रह गया। चुनावी मुकाबले में फासला लगातार कम होते जाने की वजह से ही इस बार दोनों पार्टियों ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकी है। नतीजा क्या आएगा, यह 4 जून को पता चलेगा।

### बरेली संसदीय क्षेत्र ... किस चुनाव में भाजपा कितनी आगे

| चुनाव | भाजपा | अंतर | सपा |
|---|---|---|---|
| लोकसभा चुनाव- 2014 | 50.9% | 23.6% | 27.3% |
| विधानसभा चुनाव- 2017 | 47.3% | 35.4% | 11.9% |
| लोकसभा चुनाव- 2019 | 53.1% | 15.7% | 37.4% |
| विधानसभा चुनाव- 2022 | 48.9% | 6.5% | 42.4% |

### आंवला संसदीय क्षेत्र... किस चुनाव में भाजपा कितनी आगे

| चुनाव | भाजपा | अंतर | प्रतिद्वंद्वी |
|---|---|---|---|
| लोकसभा चुनाव- 2014 | 41.2 % | 13.9% | 27.3% (सपा) |
| विधानसभा चुनाव- 2017 | 39.0% | 14.1% | 24.9% (सपा) |
| लोकसभा चुनाव- 2019 | 51.3% | 10.7% | 40.6% (बसपा) |
| विधानसभा चुनाव- 2022 | 44.7% | 3.6% | 41.1% (सपा) |

## शत-प्रतिशत मतदान कर नया इतिहास रचें

निष्पक्ष चुनाव कराने की प्रशासन की पूरी तैयारी है। मतदाता भयमुक्त होकर बूथों पर मतदान करें। कोशिश करें कि सुबह ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लें ताकि गर्मी में परेशानी न हो। मतदाताओं से अपील है कि मतदान में पिछले चुनाव का रिकॉर्ड तोड़कर नया इतिहास रचना है।



**-सौम्या अग्रवाल**, कमिश्नर



जिले के सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि वह लोकतंत्र इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लें। सुबह सबसे पहले बूथों पर जाकर मतदान करें, इसके बाद ही जलपान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोग मतदान करें। यह मौका पांच साल बाद आता है। इसलिए इसमें चूकना नहीं चाहिए।

**-रविंद्र कुमार**, जिलाधिकारी

## खानकाहों से अपील- ज्यादा से ज्यादा करें मतदान

- **कहा- किसी के बहकावे में न आएं, व्यवस्था को नकारने के बजाय बदलाव का हिस्सा बनें**

**बरेली, अमृत विचार** : दरगाह आला हजरत, शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया और खानकाह-ए-नियाजिया से चुनाव की पूर्व संध्या पर अपील जारी की गई है कि लोग ज्यादा से ज्यादा से मतदान करके लोकतंत्र के इस पर्व में भागेदारी करें।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि पिछले दो चरणों के चुनाव में वोटिंग का प्रतिशत काफी कम रहा है। मंगलवार को तीसरे चरण में बरेली समेत देश के कई जिलों में मतदान होना है। दरगाह से अपील जारी की गई है कि लोग किसी के बहकावे में आए बगैर बेहतर उम्मीदवार के लिए वोट करें और व्यवस्था को नकारने से बेहतर है कि बदलाव का हिस्सा बनें। खानकाह-ए-नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी ने कहा है कि पांच साल में एक बार लोकतंत्र अपना नेता चुनने का मौका देता है, इसलिए लोग गर्मी या किसी और रुकावट की परवाह किए बगैर वोट जरूर करें। हजरत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया के सरपरस्त मुंतखब सकलैनी ने लोगों से अपील की कि लोकतंत्र और संविधान की मजबूती के लिए चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लें। जमात रजा-ए-मुस्तफा के पूर्व मीडिया प्रभारी समरान खान ने भी कहा कि लोग मतदान करने के बाद ही कोई और काम करें।

## मतदान के लिए दूसरे शहरों से काम छोड़कर आए तमाम लोग

बरेली, अमृत विचार : दूसरे शहरों में काम कर रहे तमाम लोग मतदान करने घर लौटे हैं। भरतौल के रहने वाले सौरभ पटेल ने बताया कि वह नोएडा में निजी कंपनी में काम करते हैं। वह काम छोड़कर मतदान करने के लिए गांव आए हैं। वहीं सीबीगंज के रहने वाले अकील अहमद ने बताया कि दिल्ली में रहकर जरी का काम करते हैं लेकिन वोट डालने के लिए वह अपने गांव आए हैं। मथुरापुर के रहने वाले असलम ने बताया कि वह उत्तराखंड में रहकर मजदूरी करते हैं। वोट डालने के लिए आए हैं।




## मतदान से एक दिन पहले सपा नेताओं ने रूठों को मनाया

**बरेली, अमृत विचार** : जिले की दोनों सीटों पर कांटे की लड़ाई देखते हुए सपा नेताओं का मतदान से पहले पूरा दिन रूठों को मनाने में गुजरा। रविवार की रात से ही यह सिलसिला शुरू हो गया। उन लोगों को भी याद किया गया तो नगर निगम चुनाव में टिकट काट दिए जाने के बाद निष्क्रिय हो गए थे। बिरादरी के वोटों को साधने के लिए भी नेताओं को गांव-गांव भेजा गया।

- **बिरादरियों को साधने की कोशिश ऐरन ने बाइक पर छानीं गलियां**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने सोमवार को कार छोड़कर बाइक पर उतर आए। मढ़ीनाथ, सिकलापुर और पुराना शहर के गली मोहल्लों में ऐसे कई नेताओं से मिलने पहुंचे जो अब तक सक्रिय नहीं थे। सुप्रिया ऐरन भी रूठे नेताओं को मनाने के लिए जुटी रहीं। इससे पहले सुबह नेहरू युवा केंद्र पर सपा नेताओं का जमावड़ा रहा। ऐरन ने यहां बूथों पर बस्ते पहुंचाने के काम का जायजा लिया। सपा नेता जोन और सेक्टर के प्रभारियों को फोन करके बूथों पर बस्ते पहुंचने की जानकारी लेते रहे।

उधर, पार्टी के कई नेताओं को कश्यप, पाल, मौर्य समाज के नेताओं को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वे भी पूरे दिन सक्रिय रहे। फरीदपुर के मैनी और मीरगंज के सिंधौली गांव में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने लोगों से संपर्क किया। अपनी बिरादरी में पहचान रखने वाले दूसरे नेता भी दिन भर जिले में दौरे करते रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटीं मोहल्लों में वोटर पर्चियां

**बरेली, अमृत विचार** : चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद सोमवार को घर-घर वोटर पर्चियां पहुंचाई गईं। सपा और भाजपा दोनों की तरफ यह काम शुरू किया लेकिन गंभीरता भाजपा कार्यकर्ताओं ने ही दिखाई। सपा ने कुछ इलाकों में पर्चियां बांटकर यह काम बीएलओ पर छोड़ दिया। बीएलओ ने कहीं पर्चियां बांटी कहीं नहीं।

- **सपा नेताओं ने बीएलओ पर छोड़ी यह जिम्मेदारी**

सोमवार को मॉडल टाउन, राजेंद्रनगर, एकतानगर, आवास विकास कालोनी, जनकपुरी समेत आदि कॉलोनियों में सुबह-सुबह घरों में कॉल बेल बजनी शुरू हो गईं। भाजपा कार्यकर्ता वोटर पर्चियां बांटने पहुंचे थे। इन पॉश इलाकों में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पर्ची बांटने नहीं पहुंचे। वजह शायद यह भी थी कि इन इलाकों में सपा को कम वोट मिलता है। इसलिए उसने यह काम बीएलओ पर छोड़ दिया। हालांकि बीएलओ ने इलाकों में एक जगह बैठकर आधी-अधूरी पर्चियां बांटीं और लौट गए। कुछ वोटरों ने बीएलओ से घर पर्ची नही पहुंचने पर अफसरों से शिकायत की बात कही तो उनके घरों में वोटर पर्ची पहुंचा दी गई।

## पर्ची न मिलने पर युवक को पीटा, कुर्सियां फेंकी



स्वालेनगर में मारपीट के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।

**बरेली, अमृत विचार** : किला क्षेत्र के स्वालेनगर में मतदाता पर्ची न मिलने पर दबंगों ने भाजपा कार्यकर्ता को पीट दिया और कुर्सियां और अन्य सामान फेंक दिया। थाना किला में मामले की शिकायत की गई है।

भाजपा कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बताया कि पार्टी का बूथ स्तर का कार्यालय स्वालेनगर में है। प्रचार बंद होने के कारण कार्यालय भी बंद कर दिया। सोमवार रात को भाजपा कार्यकर्ता मतदाता पर्ची बना रहे थे। इस दौरान कुछ लोग पहुंचे और पर्ची मांगने लगे कि तभी बिजली जाने से अंधेरा हो गया। आरोपी तुरंत पर्ची मांगने लगे तो लखन ने बीएलओ के आने पर पर्ची देने की बात कही। इस पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी और लखन के कपड़े फाड़ दिए। मामले की शिकायत थाना किला में की गई है।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटि्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्मे की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

# मुफ्त राशन बांटने के लिए कोटे की दुकानों पर भेजा घुना गेहूं

## संजयनगर के कोटेदारों को एफसीआई गोदाम से भेजी गई थी आपूर्ति


कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इस महीने मुफ्त राशन में बांटने के लिए कोटेदारों के पास घटिया गेहूं भेज दिया गया। कोटेदारों ने इसका वीडियो बनाकर अफसरों से शिकायत की।

**● कोटेदारों ने गेहूं वापस लौटाया, डीएसओ से की शिकायत**

आननफानन में गेहूं वापस करा दिया गया। दूसरा गेहूं कोटेदारों के पास भेजा गया। खाद्यान्न आपूर्ति सिंगल स्टेज व्यवस्था के तहत ठेकेदारों की ओर से एफसीआई गोदामों से कोटेदारों को की जा रही है। दो दिन पहले संजय नगर क्षेत्र के कई कोटेदारों को खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए एफसीआई गोदाम से वाहन पहुंचा था। यहां कोटेदार ने गेहूं चेक किया तो कट्टे में घुना गेहूं निकला। जिसका वीडियो बनाकर कोटेदारों ने अधिकारियों को भेज दिया। इसपर अधिकारियों ने खाद्यान्न की गाड़ी को वापस करा दिया और दूसरा गेहूं कोटेदार को भिजवाया गया।

**एफएसडीए को भेजा वीडियो, जांच की मांग:** कोटेदारों ने खराब गेहूं का वीडियो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को भेजकर कार्रवाई की मांग की है। विभाग ने सैंपलिंग का आश्वासन दिया है।




वायरल वीडियो : गेहूं की बोरियां गीली थीं, अंदर गेहूं भी सड़ा हुआ था।

### गीले कट्टों का भी वीडियो वायरल

उधर, राशन के गीले कट्टों का भी वीडियो वायरल हो रहा है, जो दो दिन पहले का बताया जा रहा है। बताते हैं कि छावनी अशरफ खां, परतापुर, कर्मचारी नगर इलाके के कोटेदारों के यहां खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए वाहन आया था। इसमें राशन की कट्टे गीले थे। इसपर कोटेदारों ने आपत्ति जताई थी। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

> खाद्यान्न की आपूर्ति एफसीआई के गोदामों से की जाती है। कोटेदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर गेहूं की गुणवत्ता खराब हो तो उसको रिसीव न कर खराब कट्टों को अलग कर दिया जाए। किसी भी कीमत पर खराब गुणवत्ता का खाद्यान्न नहीं बंटने दिया जाएगा। **-नीरज सिंह**, जिलापूर्ति अधिकारी

# जिले में राजकीय माध्यमिक स्कूल वाईफाई से होंगे लैस

**बरेली, अमृत विचार :** डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिले के राजकीय माध्यमिक स्कूल वाईफाई से लैस होंगे। शासन के निर्देश पर सभी स्कूलों से जरूरी सूचनाएं मांगी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत इस सुविधा की शुरुआत कराई जाएगी। डीआईओएस ने इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर जरूरी सूचनाएं मांगी हैं।

**● डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने को उठाया कदम**

जिले में कुल 62 राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 35 हजार से अधिक छात्र पंजीकृत हैं। विद्यालयों में कंप्यूटर लगे हैं, लेकिन इंटरनेट की सुविधा नहीं है। वाईफाई लगने के बाद यह विद्यालय पूरी तरह से हाईटेक हो जाएंगे। एक स्कूल पर करीब 50-60 हजार रुपये की राशि खर्च होगी। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि विद्यालयों में सभी छात्रों की ई-मेल आईडी होगी और शिक्षण संस्थान की भी वेबसाइट बनेगी। इससे छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई की भी सुविधा मिलेगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग ● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग ● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

# तीन हजार बैंककर्मी चुनाव में, शाखाएं बंद

## ग्रामीण इलाकों में संकट, हजारों ग्राहक बैंक के बाहर सूचना चस्पा देखकर मायूस लौटे

**बरेली/आंवला, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बैंकों के भी तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसकी वजह से शहर से देहात तक सैकड़ों बैंक शाखाएं मंगलवार को बंद रहेंगी। ग्रामीण इलाकों की ज्यादातर बैंक शाखाओं के बाहर तो 6 से 8 मई तक बैंक शाखा बंद रहने की सूचना चस्पा कर दी गई है। बैंक बंद रहने से हजारों ग्राहक सोमवार को मायूस होकर लौट गए।

ग्रामीण इलाकों की तमाम बैंक शाखाएं सोमवार को बंद रहीं। भारतीय स्टेट बैंक की आंवला नगर, बहजुईया, सेंधा समेत कई बैंक शाखाएं इनमें शामिल थीं। शाखा प्रबंधकों की ओर से चस्पा की गई सूचना में कहा गया है कि 7 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में स्टाफ की ड्यूटी के कारण बैंक संबंधी सभी काम 6 मई से 8 मई तक बाधित रहेंगे। आंवला शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार पुष्कर ने बताया कि उनकी शाखा के सभी आठ कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगी है। इसलिए शाखा बंद करनी पड़ी। सेंधा शाखा प्रबंधक शशांक चंद्र ने बताया कि उनकी शाखा में दो लोगों का स्टाफ है, जो चुनाव में चला गया है। एलडीएम वीके अरोड़ा ने बताया कि बैंक कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी लगे होने के कारण मंगलवार को बैंक बंद रहेंगी। बुधवार को सभी बैंक यथावत खुलेंगी।



आंवला में एसबीआई की सेंधा ब्रांच में तीन दिन की बंदी का लगा नोटिस।


*सूचना*

दिनांक **07.05.2024 लोकसभा चुनाव** संपन्न होना है। स्टाफ की चुनाव मे ड्यूटी लगी होने के कारण बैंक से संबंधित सभी कार्य **06.05.2024 से 08.05.2024** तक बाधित रहेगा।

शाखा प्रबन्धक

**असुविधा के लिए खेद है।**

### बूथों पर अव्यवस्थाओं से परेशान हुए कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के तमाम मतदान केंद्रों पर सोमवार रात में मतदान कर्मियों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। किसी केंद्र पर शौचालय में गंदगी थी तो कहीं पर अंधेरा था। कई जगह पीने के पानी का भी इंतजाम नहीं था। सुभाष नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल में कर्मियों के लिए न तो लाइट की व्यवस्था थी और न ही सोने का कोई इंतजाम था। कुर्सी और बेंच की भी समुचित व्यवस्था नहीं रही। बालजती स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में करीब 24 बूथ बनाए गए हैं और यहां करीब 200 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है, लेकिन महिलाओं के लिए अलग से शौचालय तक की व्यवस्था नहीं रही। जसोली स्थित आदर्श उच्च प्राथमिक स्कूल में गंदगी की समस्या रही।


सदर तहसील में कमरों पर ताले मिलने के बाद डीएम से शिकायत करतीं महिला कर्मी।

## पहला वोट डालने के लिए जोश में युवा

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की आशाएं युवा मतदाताओं पर टिकी हुई हैं। युवाओं का कहना है कि रोजगार और शिक्षा को प्राथमिकता देने वाले को अपना सांसद चुनेंगे। मंगलवार को बरेली लोकसभा क्षेत्र में 28,955 और आंवला लोकसभा क्षेत्र में 41,133 युवा पहली बार मतदान करेंगे। इसको लेकर वे उत्साहित हैं।


अभी तक माता-पिता, दादा, दादी को वोट डालने जाते देखा था। मुझे लगता था कि मैं कब वोट डाल पाऊंगा। मंगलवार को मेरा यह सपना पूरा होगा, मैं उत्साहित हूं। -**निकुंज**


पहली बार वोटर बनने पर मतदान करने का मौका मिल रहा है। परिवार के साथ पोलिंग बूथ पर जाकर सुबह सबसे पहले मैं वोट डालूंगा, उसके बाद कोई और काम करूंगा। - **पलक गुप्ता**


वोटर लिस्ट में नाम आने से देश का नागरिक होने की जिम्मेदारी का अहसास हुआ है, मंगलवार को सबसे पहले मतदान करेंगे, उसके बाद कोई और काम करूंगा। - **ऋषभ अग्रवाल**


पहली बार मेरे वोट से सरकार बनेगी, इसकी खुशी है। मेरे कई दोस्त भी इस बार अपना पहला वोट डालेंगे। मैंने उन्हें जागरूक किया है कि वे वोट डालने के लिए जरूर जाएं। - **अंशिका सिन्हा**

### सबसे पहले करें मतदान


होटल रेडिसन ग्रुप के एमडी मेहताब सिद्दीकी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के महापर्व में अपना मत देकर जरूर शामिल हों। मतदाता सबसे पहले मतदान करें। आरएमएस ग्रुप के तनवीर अहमद, प्रांजल सचदेवा, जीएम हर्षित उप्पल और पीआरओ अमित एन शर्मा आदि मतदान का संकल्प लिया।

### हर वोट की है कीमत


राष्ट्र के बेहतर निर्माण में वोटरों की अहम भूमिका है। एक-एक वोट की कीमत होती है। एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं और अपने-अपने परिवार और संपर्क के लोगों के वोट जरूर डलवाएं। - **मुहम्मद खालिद जीलानी एडवोकेट** (आरटीआई एवं सोशल एक्टिविस्ट)

## कॉमर्शियल और यात्री वाहन ही चुनाव ड्यूटी में लगाए

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव में कॉमर्शियल और यात्री वाहनों को ही लगाया गया है।जिलाधिकारी की फटकार के बाद निजी गाड़ियों को चुनाव से हटा दिया है। परिवहन विभाग ने व्यापारियों, डॉक्टरों और उद्यमियों की कार को भी चुनाव की डयूटी में लगा दिया था। इसकी शिकायत जिलाधिकारी के पास भी पहुंची थी। इस मामले में दोषी पाए जाने पर एआरटीओ प्रवर्तन को भी निलंबित किया गया था। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव में अब सिर्फ कॉमर्शियल और यात्री वाहनों को ही भेजा गया है।










### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नाटक का मंचन



**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल, वेलफेयर सोसायटी की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नाटक का मंचन किया। रोडवेज स्थित जीवन ज्योति कैंपस के सभागार में रंगकर्मियों, समाजसेवियों, व्यापारियों, कलाकारों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में संजीव सक्सेना और सुनयना स्पेन्सर के निर्देशन में नाटक मतदान की महत्वा क्यों और कैसे विषय पर का मंचन किया गया। नाटक में शिखा, किम्बर्ली, एंजेल, बबिता, दीक्षा, नीलम, खुशी, रश्मि, सुषमा, लक्ष्मी, साक्षी, किरन आदि ने भाग लिया। इस मौके डॉ. रजनीश सक्सेना, सीएल शर्मा, अनुपम कपूर, पंकज अग्रवाल, मोहम्मद नवी, वीपी खंडेलवाल, कनिष्क शर्मा मौजूद रहे।

### गोष्ठी में मतदाता जागरूकता की ली शपथ




**बरेली, अमृत विचार :** सुपंथी साहित्य परिषद की ओर से बदायूं रोड स्थित गंगानगर कॉलोनी में डॉ. मुकेश शर्मा मीत के संयोजन में मतदाता जागरूकता पर केंद्रित काव्य गोष्ठी हुई। इसमें मतदान करने और कराने की शपथ ली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार डॉ. दीपंकर गुप्त ने की। काव्य गोष्ठी में गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, डॉ. मुकेश शर्मा मीत, राजबाला धैर्य समेत अन्य ने अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में दीपक मुखर्जी, उमेश त्रिगुणायत अद्भुत, मनोज दीक्षित, टिंकू, स्नेह सिंह, अभिषेक अग्निहोत्री, संजय कुमार, मुकेश शर्मा, एवं रितेश आदि मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारी संघ ने मतदान के प्रति किया जागरूक




**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जिला अध्यक्ष राम लाल कश्यप के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों ने लोगों को मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने को कहा। इस दौरान रविंद्र कश्यप, रनवीर सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह कोली, सतीश वाल्मीकि, भगवान दास कश्यप, निहाल सिंह, राम मोहन कश्यप, संतोषी देवी, शिवानी आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**बरेली, अमृत विचार :** चंद्रलोक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने सोमवार सुबह आठ बजे मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर गांधी उद्यान में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। यहां से रैली चौकी चौराहा होते हुए वापस गांधी उद्यान पहुंची। रैली के जरिये लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर रेशु अग्रवाल, प्रधानाचार्य नीमा जे सिंह, सुधांशु मिश्रा, नेहा गुप्ता, यामिनी वर्मा, प्रत्यूष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र की अस्मिता को बचाने के लिए मतदान अवश्य करें




**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से कहरवान स्थित कार्यालय सभागार में जागो वोटर जागो अभियान की बैठक पूर्व अध्यक्ष सीए राजेन विद्यार्थी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश रस्तोगी ने सभी मतदाताओं से मतदान का आवाह्न किया। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि क्लब का हर सदस्य अपने पास के कम से कम दस घरों में जाकर यह मालूम करेगा कि मतदाता ने वोट डाला है कि नहीं। यदि नहीं डाला है तो उसकी पूरी मदद करके वोट डलवाएगा। बैठक में महासचिव सत्येन्द्र सक्सेना, शकुन सक्सेना, रश्मि सक्सेना, विजय कपूर, जितेंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, मंजू लता, प्रीति सक्सेना, प्रकाश चंद्र, निर्भय आदि लोग मौजूद रहे।



# हत्या का वीडियो बनाया, बाद में गुदा द्वार में डाल दिया पाइप

## अरविंद की हत्या के दौरान नृशंसता की हद पार की आरोपियों ने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ठेला लगाने के विवाद में अरविंद की बेरहमी से हत्या की गई थी। आरोपी अरविंद की पिटाई का वीडियो बनाते रहे और जब उसकी मौत हो गई तो उसके गुदा द्वार में प्लास्टिक का पाइप डाल दिया। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से मोबाइल बरामद हुए हैं। पोस्टमार्टम में उसके शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं और उसकी पसलियां टूटकर फेफड़ों में घुस गईं।

बिथरी चैनपुर के रामगंगा नगर कॉलोनी निवासी अरविंद किराये पर नकटिया पर रहता था। शनिवार को ठेला लगाने को लेकर सेटेलाइट पर सेवाराम जायसवाल निवासी कालीबाड़ी फाल्तूनगंज से उसका विवाद हो गया था। सेवाराम के बेटे विशाल जायसवाल उर्फ मूंगफली ने टेपों चालक अमित सिन्हा उर्फ विशाल गोकुलनगर नकटिया, कालीबाड़ी निवासी किशोर व नवादा शेखान निासी किशोर के साथ मिलकर शनिवार रात अरविंद शर्मा और उसके साथी विपिन का अपहरण कर लिया था। आरोपियों ने बाद में विपिन को छोड़ दिया और अरविंद को पकड़कर गुलाबबाड़ी नवादा शेखान में ले गए। वहां बंद करके अरविंद को बेरहमी से पीटा। इस दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया, जिसमें अरविंद आरोपियों से छोड़ देने की फरियाद करता दिख रहा है, लेकिन चारों में से कोई नहीं पसीजा। जब अरविंद मर गया तो आरोपियों ने उसके गुदा द्वार में टंकी का प्लास्टिक का पाइप डाल दिया। आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल में पुलिस को वीडियो मिला है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर से लेकर पैरों तक अरविंद के शरीर पर अनगिनत चोटों के निशान हैं। उसकी मौत पसली टूटकर फेफड़ों में घुसने से हुई है।

### सीने में चाकू के किए थे तीन वार, दिल भी हुआ पंक्चर

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के हजियापुर में जीजा जाकिर की हत्या साले शाहिद ने बेरहमी से की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जाकिर के सीने में तीन और हाथ पर एक चाकू के दो घाव मिले हैं, जिसमें दो घाव होने से दिल भी पंक्चर हो गया। वहीं शाहिद अभी फरार है। हजियापुर निवासी जाकिर खान (35) ने अपने ही मोहल्ले में शाहिद की बहन बेबी से वर्ष 2005 में प्रेम-विवाह किया था। इस शादी का शाहिद विरोध करता था। रविवार को जाकिर अपनी ससुराल गया था। वहां पर उसका शाहिद से झगड़ा हुआ और शाहिद ने जाकिर की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। मॉडल टाउन चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता ने बताया कि आरोपी घर से फरार है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस आरोपियों से कर रही पूछताछ

पुलिस चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर सुबूत जुटाए जा रहे हैं। सभी को बुधवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा जाएगा। पुलिस विपिन से पूछताछ करना चाह रही है, लेकिन भय के कारण वह कुछ नहीं बोल रहा है।

## थाना प्रभारी पर फॉलोवर के बेटे को लॉकअप में बंद करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मीरगंज परिसर में रहता है फॉलोवर, आरोप- बेटे को कहा आतंकवादी

**अमृत विचार :** मीरगंज थाना परिसर में रह रहे फॉलोवर ने थाना प्रभारी पर बेटे को आंतकवादी बताते हुए बिना वजह लॉकअप में बंद रखने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर थाना प्रभारी ने जातिसूचक बातें कहीं। पीड़ित ने मामले में एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से शिकायत की।

बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले देवपाल सिंह ने बताया कि वह मीरगंज थाना परिसर में बने आवास में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा 12वीं क्लास में पढ़ाई करता है। आरोप है कि उनका बेटा चार दिन पहले घर से मैगी लेने के लिए बाजार जा रहा था। उसके बेटे की दाढ़ी-मूछें थोड़ी बड़ी थीं। इस दौरान थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने उसे रोक लिया। जिसके बाद उसे आतंकवादी कहते हुए लॉकअप में बंद कर दिया। उन्हें इसकी जानकारी हुई तो वह थाने पहुंचे। जहां पर थाना प्रभारी से बेटे को बंद करने का कारण पूछा।

आरोप है कि इस दौरान थाना प्रभारी ने उनके बेटे को आतंकवादी बताया और गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्द कहे। विरोध करने पर कहा कि अगर नहीं सुधरे तो अधिकारियों को गलत रिपोर्ट भेज दूंगा।

> मुझ पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। कर्मचारी शराब पीने का आदी है और काम करने से मना कर देता है। उसका बेटा भी खुराफातियों के साथ घूमता है। **-कुंवर बहादुर सिंह**, थाना प्रभारी

## गबन मामले में आर्किटेक्ट की अग्रिम जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली :** बरेली कॉलेज में बिना टेंडर भवन निर्माण कराकर कई करोड़ रुपये के गबन के मामले में अमरोहा सिविल लाइंस निवासी आर्किटेक्ट योगेन्द्र मोहन सक्सेना की तीसरी अग्रिम जमानत अर्जी जिला जज विनोद कुमार ने सशर्त मंजूर कर ली। अनिल भटनागर एडवोकेट ने बताया कि अदालत ने ट्रायल पूरा होने तक योगेन्द्र मोहन की अग्रिम जमानत को मंजूरी दी है। अब उन्हें केस के निपटारे तक जमानत कराने की जरूरत नहीं है। वादी मुकदमा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने 7 दिसम्बर 2018 को थाना बारादरी में शासकीय धन का गबन करने पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में क्राइम ब्रांच ने बरेली कालेज प्रबंध समिति सचिव देवमूर्ति, उपाध्यक्ष काजी अलीमुद्दीन, आर्किटेक्ट योगेन्द्र मोहन समेत चार का नाम प्रकाश में लाते हुए धोखाधड़ी की धारा में आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने देवमूर्ति की ट्रायल पूरा होने तक अग्रिम जमानत मंजूर की थी।

## हत्यारोपी डीआईओएस बागपत को गिरफ्तार करने का आदेश

**विधि संवाददाता, बरेली :** हत्या के मामले में आरोपी बागपत के जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सक्सेना के कोर्ट में हाजिर न होने पर अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बागपत पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर गिरफ्तार कर 18 मई को हाजिर करने का आदेश दिया है।

थाना सुभाषनगर में वर्ष 2009 में मेहंदी खां व उसके साथियों के विरुद्ध हत्या, आपराधिक षडयंत्र का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें धर्मेन्द्र को भी पुलिस ने आरोपी बनाया था। अदालत ने एसपी को भेजे पत्र में उल्लेख किया कि धर्मेन्द्र हत्या जैसे गम्भीर मामले में आरोपी हैं। बागपत में डीआईओएस हैं, कोर्ट में हाजिर न होने के कारण पुराने मुकदमे की कार्रवाई अटकी हुई है, लिहाजा अभियुक्त को विशेष पुलिस दल गठित कर गिरफ्तार कर 18 मई को ट्रायल कोर्ट में पेश किया जाए। मामले में वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दायर किया गया था, जिसमें कोई भी स्टे आर्डर ट्रायल कोर्ट को प्राप्त नहीं हुआ है।

## दहेज हत्या में पति सास और ससुर समेत चार बरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** दहेज हत्या के मामले में स्पेशल कोर्ट एससी/एसटी एक्ट ने भमोरा ग्राम नितोई निवासी पति नवल किशोर, ससुर रामनिवास, सास हीराकली, ननद कुमारी नेमवती समेत चार को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अधिवक्ता अवनीश वर्मा ने झूठा फंसा देने का तर्क दिया था।

आंवला के मानपुर निवासी रामगोपाल ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया कि उसने छोटी बहन गीता की शादी 27 फरवरी 2020 को ग्राम निताई के नवल किशोर के साथ की थी। आरोप है कि बहन के पति, सास-ससुर, ननद दहेज में बाइक, एलसीडी और फ्रिज की मांग करते थे। कई बार उन्हें समझाया, लेकिन वे नहीं माने। 29 सितंबर 2020 की सुबह सूचना मिली कि पति नवल किशोर, सास, ससुर और ननद ने हत्या कर गीता का शव फंदे से लटका दिया है। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए थे।




डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487

उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल

OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग

दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135

ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
   - 24 घंटे के अन्दर
   - 14 दिन के बाद भी
   - हथेली व तलुवे का भी पीला होना
   - Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)



समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST
- Growth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H. Hormone
- Vitamin D
- Prolactin Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306



प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



## कामयाबी का जश्न

बरेली, अमृत विचार : आईसीएसई की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में कैंट स्थित सेंट मारिया गौरिटी की छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। 10 वीं की परीक्षा में 157 छात्राओं ने भाग लिया था। इसमें 97.6 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। छात्रा आर्या शाही ने 97.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा नब्या सिंह ने 97.4 फीसदी अंक प्राप्त किए। वहीं, 12 वीं की परीक्षा में 113 छात्राओं ने भाग लिया था। शत प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। अनन्या सिंह ने 96.25, एलिस अग्रवाल ने 96 और संस्कृति शाक्य ने 95.25 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम देखकर छात्राएं खुशी से झूम उठीं। शिक्षकों ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# 10 वीं में श्लोक और 12 वीं में प्रभांशु मंडल के टॉपर

## सीआईएससीई : 10 वीं में 99 और 12 वीं में 98.2 फीसदी छात्र सफल, दोनों टॉपर हार्टमन स्कूल के

- परीक्षा परिणाम देखकर खुशी से झूम उठे छात्र, स्कूलों में दिखा जश्न का माहौल
- शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया, अभिभावक भी दिखे गदगद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सीआईएससीई (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) ने 10 वीं और 12 वीं का परीक्षाफल सोमवार को घोषित कर दिया। आईसीएई 10 वीं में हार्टमन स्कूल के छात्र श्लोक गोयल ने 98.6 और इसी स्कूल के छात्र प्रभांशु सिंह ने आईएससी 12 वीं में 97.25 फीसदी अंक हासिल कर मंडल टॉप किया है। हालांकि, सीआईएससीई ने आधिकारिक तौर से कोई मेरिट सूची जारी नहीं की है।

मंडल के 11 विद्यालयों के करीब 950 विद्यार्थियों ने 12 वीं की परीक्षा में भाग लिया था। जबकि 12 स्कूलों के करीब 1048 छात्रों ने 10 वीं की परीक्षा दी थी। 10 वीं में 99 और 12 वीं में 98.2 फीसदी छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे परीक्षाफल घोषित किया गया। हार्टमन स्कूल, जेपीएम, सेंट मैरीज आदि स्कूलों में परीक्षाफल के इंतजार में पहले से ही छात्रों का जमावड़ा लगा था। परीक्षा परिणाम देखने के बाद छात्र खुशी से झूम उठे। स्कूलों में शिक्षकों ने छात्रों को मुंह मीठा कराया। अभिभावक भी गदगद नजर आए।



सीआईएससीई का रिजल्ट आने के बाद हार्टमन स्कूल में खुशी मनाते छात्र। ● अमृत विचार



रिजल्ट आने पर सेंट मारिया गौरिटी में सेल्फी लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



सोमवार को परीक्षाफल घोषित होने के बाद हार्टमन स्कूल में खुशी मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं प्रभांशु



12 वीं के मॉडल टॉपर शिवनगर निवासी प्रभांशु सिंह ने बताया कि वह इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने रोजाना 6 से 7 घंटे नियमित पढ़ाई की। इस दौरान वह सोशल मीडिया से दूर रहे। संगीत, योगा के जरिए स्वास्थ्य पर ध्यान देते रहे। बेटे की सफलता से उत्साहित व्यवसाई पिता अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान परिवार के सभी सदस्यों ने प्रभांशु का विशेष ध्यान रखा।

### श्लोक को पिता की तरह बनना है चिकित्सक



10 वीं के मॉडल टॉपर स्टेडियम रोड निवासी श्लोक गोयल ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान नियमित रूप से 5 घंटे पढ़ाई की। वह पिता डा. निकुंज गोयल की तरह ही चिकित्सक बन कर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में इस दिशा में पढ़ाई करेंगे। बेटे की सफलता से गदगद डा. निकुंज ने बताया कि बेटा शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहा है। उसका सोशल मीडिया से ज्यादा लगाव नहीं है।

## — 12 वीं के होनहार —

### शिक्षक और माता-पिता के मार्गदर्शन में पाई सफलता



हार्टमन स्कूल के शास्त्री नगर निवासी आर्यन सक्सेना ने 12 वीं में 96.5 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। आर्यन ने गुरुजन और माता पिता के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की है। शेरगढ़ में एआरपी पद पर तैनात पिता ओम कुमार और मां क्यारा के उच्च प्राथमिक स्कूल में प्रधानाध्यापक दीपमाला जौहरी ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही होनहार रहा है। आर्यन ने रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई की। क्रिकेट के प्रति उसका अधिक रुझान है।

### सभी विषयों को नियमित रूप से पढ़ा



हार्टमन स्कूल के अक्षत पाहूजा ने 12 वीं में 96.5 फीसदी अंक अर्जित किए हैं। बताया कि पढ़ाई के लिए कोई विशेष रूपरेखा तैयार नहीं की थी, नियमित रूप से सभी विषय जरूर पढ़ते रहे। एक घंटा खेल के लिए भी निकाला। बेटे की सफलता पर पिता विशाल पाहुजा और शिक्षिका मां अमिता नारंग बेहद खुश हैं। अक्षत ने बताया कि वह सिविल सेवा की तैयारी करेंगे।

### आद्रिका की डॉक्टर बनने की चाहत



हार्टमन स्कूल के शास्त्री नगर निवासी आद्रिका ने 12 वीं में 96 फीसदी अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। पिता हिमांशु रखेजा और मां शिप्रा रखेजा ने बताया कि बेटी आगे चल कर जिस क्षेत्र में अपना भविष्य संवारना चाहती है, इसके लिए कोई बाध्यता नहीं है। सोशल मीडिया से दूर रहने वाली आद्रिका ने बताया कि गीत – संगीत और क्रिकेट में उनकी रूचि अधिक है। वह डॉक्टर बनना चाहती हैं।

## — 10 वीं के होनहार —

### माही का सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का ख्वाब

हार्टमन स्कूल की कर्मचारी नगर निवासी माही शर्मा ने 10 वीं में 98.4 फीसदी अंक प्राप्त कर मंडल में विद्यालय का नाम रोशन किया है। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि तैयारी में शिक्षकों के साथ माता पिता का मार्गदर्शन मिला। इस दौरान टीवी और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी।

### माता-पिता की तरह श्रेया भी बनना चाहती हैं चिकित्सक



हार्टमन स्कूल की राजेंद्र नगर निवासी श्रेया शर्मा ने 10 वीं में 98.2 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। बेटी की सफलता पर पिता एसआरएमएस में कार्यरत डा. शोभित शर्मा और माता डा. राधा शर्मा गदगद हैं। श्रेया भी माता पिता की तरह डाक्टर बनना चाहती हैं। इसी क्षेत्र में उनका रुझान है।

### शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा कारगर



सेंट मारिया गौरिटी की श्रीअरोरा ने 10 वीं में 97.2 अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने रोजाना 5 से 6 घंटे तक पढ़ाई की। श्री अरोरा ने बताया कि छुट्टियों में ऑनलाइन शिक्षकों का मार्गदर्शन सबसे ज्यादा कारगर साबित हुआ।

### इंजीनियरिंग कर देश सेवा करना चाहती हैं अविका



हार्टमन स्कूल की राजेंद्र नगर निवासी अविका जग्गी ने 10 वीं में 95 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। पिता आशीष जग्गी और मां रोमा जग्गी ने बताया कि पढ़ाई के प्रति उनकी बेटी शुरू से ही गंभीर रही है। परीक्षा के दौरान एकाग्र होकर तैयारी करती रही। अविका ने बताया कि वह इंजीनियरिंग कर देश सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को दिया है।

### अनिरुद्ध बनना चाहते हैं इंजीनियर



हार्टमन स्कूल के अनिरुद्ध जौहरी ने 10 वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वह रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रसून जौहरी और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निशी जौहरी के बेटे हैं। वह इंजीनियर बनना चाहते हैं।

### कृतिका की सफलता से परिजन गदगद



हार्टमन स्कूल की कृतिका महरोत्रा ने 10 वीं में 93.20 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस कामयाबी पर परिजनों में खुशी की लहर है। पिता आशु महरोत्रा और माता कंचन महरोत्रा बेटी की सफलता से उत्साहित हैं।




### 10 वीं में ऋषभ और 12 वीं में अमित का उत्कृष्ट प्रदर्शन



ऋषभ।



अमित कुमार।



प्रशांत।



शिद्रा।

बरेली, अमृत विचार : सेंट जेवियर स्कूल का आईसीएसई बोर्ड का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 12 वीं में अमित कुमार ने 96 और प्रशांत ने 92.5 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। 10 वीं में ऋषभ सक्सेना ने 96, शिद्रा फातिमा ने 92 फीसदी अंक प्राप्त किए। स्कूल की संयुक्त निदेशक अनामिका आदित्य ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

### ख्याति ने 91.2 फीसदी अंक प्राप्त किए



ख्याति



हर्षदीप।



रिद्धिमा।



मान्या।



छवि।

बरेली, अमृत विचार : सेंट मैरीज कान्वेंट स्कूल का परीक्षाफल भी शतप्रतिशत रहा। 10 वीं में स्कूल की छात्रा ख्याति सिंह ने 91.2, हर्षदीप ने 90.2, छवि ने 90, मान्या ने 85.4 और रिद्धिमा ने 84.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य विनायक सिन्हा ने सभी सफल छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### सांस लेने में हो दिक्कत तो तुरंत लें डॉक्टर की सलाह



बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी विभाग में सोमवार को विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया। असिस्टेंट प्रो. सौम्या अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को बताया कि अस्थमा एक ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की श्वास नली में सूजन आ जाती है, जिससे श्वास नली सिकुड़ जाती है। जिससे व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ होती है। अगर ऐसी समस्या हो तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें और जांच कराएं। इसमें इन–हेलर और कुछ दवाएं दी जाती हैं, लेकिन इसे कब कैसे और कितना लेना है, यह भी जानना आवश्यक है। फार्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य असिस्टेंट प्रो. जीवन चंद्र पांडेय, सुगंधा सिंह, सृष्टि कटियार, वर्षा सैनी, ऐश्वर्या यादव, शुभम गंगवार, जगमोहन गंगवार, अमित गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## जीएमसी हल्द्वानी ने जीता मेडिकल क्रिकेट कप



मेडिकल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फाइनल में एसआरएमएस को सात विकेट से हराया
- एसआरएमएस के डॉ. रेहान बने बेस्ट बैट्समैन आफ टूर्नामेंट

अमृत विचार : गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) हल्द्वानी ने फाइनल मैच में एसआरएमएस आईएमएस को सात विकेट से हराकर मेडिकल क्रिकेट कप पर कब्जा किया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को एसआरएमएस आईएमएस के कप्तान डॉ. रेहान अली ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने 20 ओवर में 162 रन बनाए। गवर्नमेंट मेडिकल कालेज (जीएमसी) हल्द्वानी की टीम ने 10 गेंद शेष रहते विजयी लक्ष्य हासिल कर ली और पहली बार मेडिकल क्रिकेट कप अपने नाम किया। जीएमसी हल्द्वानी के रियाज चौधरी को 49 गेंदों पर नाबाद 75 रन बनाने पर मैन आफ द मैच चुना गया और टूर्नामेंट में चार मैच में 251 रन और दो विकेट लेने वाले एसआरएमएस के कप्तान डॉ. रेहान अली को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बैट्समैन भी चुना गया। टूर्नामेंट के तीन मैच में छह विकेट हासिल करने वाले जीएमसी हल्द्वानी के करन सिंह को टूर्नामेंट का बेस्ट बॉलर चुना गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने विजेता जीएमसी हल्द्वानी और उपविजेता एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी और सर्टिफिकेट दिए। इस दौरान डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. क्रांति, डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा, डीन यूजी डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, मेहुल कुमार, प्रेसिडेंट नंदिनी आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज में चालक होंगे भर्ती

बरेली, अमृत विचार : रोडवेज में चालकों की कमी पूरी करने के लिए संविदा पर भर्ती की जाएगी। अधिकारियों ने इसके लिए आवेदन मांगे हैं। बरेली रीजन में सौ से अधिक चालक कम होने से बसों का संचालन प्रभावित होता है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली रीजन में छह सौ से अधिक रोडवेज बसों का संचालन होता है। चालकों– परिचालकों की कमी की वजह से बसों का संचालन प्रभावित होता था। पिछले दिनों 250 से अधिक संविदा परिचालकों को भर्ती किया गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र आकाश व पुत्रवधु अंजली को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण इनसे समस्त संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **रमेश पुत्र श्री मैकू लाल, निवासी- निकट स्टेट बैंक, जज साहब का अहाता, सुभाष नगर, बरेली**

**सूचना**

मेरे पुत्र छेदालाल के आमी नं. 3195491F के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रामकली व जन्मतिथि 05.02.1955 अंकित है जो कि गलत है। जबकि सही व शुद्ध नाम रामलली व जन्मतिथि 01.01.1952 है। जो कि आधार कार्ड व अन्य कागजात में भी अंकित है। जिसे संशोधित कराना चाहती हूं। **रामलली पत्नी प्रताप सिंह निवासी ग्राम साबरखेड़ा थाना हाफिजगंज, सदर जिला बरेली**

**NOTICE**

I Declare that in my son chheda Lal w.o-3195491F, Rank Havaldar, Army Record my name and D.O.B. is wrongly Entered as Ram Kali and 05.02.1955 Due to Clerical Mistake But my Correct Name and D.O.B. is Ram Lali and 01.01.1952. **Ram Lali w/o Pratap Singh R/o Vill Sawarkhera, P.S. Haafijganj, Bareilly**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने दोनों पुत्रों वीरेश व मुन्नालाल को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे, हमारा व हमारे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **रघुनंदन प्रसाद पुत्र ख्याली राम निवासी संजय नगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### ससुराल वालों ने दामाद को पीटा, शिकायत

**आंवला, अमृत विचार :** ससुराल आए दामाद का साली के रिश्ते को लेकर विवाद हो गया। जिससे नाराज ससुरालियों ने दामाद की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया, दामाद ने ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। इस्लामनगर बदायूं के गांव बालपुर निवासी कैलाश ने बताया कि उसकी ससुराल आंवला के गांव वीरपुरा गौंटिया में है। उसने अपनी साली का रिश्ता तय कराया था, जिसमें गोद भराई भी हो गई थी। उसके ससुरालियों ने साली को नाबालिग बताकर रिश्ता तोड़कर दूसरी जगह तय कर दिया, 16 मई को शादी होनी है। रविवार की शाम वह वीरपुरा गौंटिया पहुंचा और ससुरालियों से कहा कि यदि रिश्ता तोड़ा तो लड़के वालों की ओर से दी गई गोद भराई की सामान को वापस नहीं किया। इससे ससुराली नाराज हो गए और उससे मारपीट की।

### प्लॉट पर कब्जे का विरोध किया तो चलाईं गोलियां

**बरेली, अमृत विचार :** प्लाट की नींव खुदवा रहे एक व्यक्ति से दबंगों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर फायर कर दिया। कोर्ट के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने चार नामजद समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।बारादरी थाना क्षेत्र के शाहदाना निवासी शुभम ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सूखी छावनी चुंगी में एक प्लॉट खरीदा था। 6 अप्रैल को शाम सात बजे वह प्लॉट की सफाई कराने और नींव खुदवाने के लिए मजदूर लेकर पहुंचे। इसी बीच शाहबाद प्रेमनगर निवासी नुमान, आसमा परवीन, रईस, जाकिर व चार पांच अज्ञात लोग पहुंचे और गाली गलौज करते हुए धमकाने लगे। कहा कि प्लॉट पर निर्माण कराने के बदले पांच लाख रुपये देने होंगे। विरोध पर आरोपियों ने तमंचों से फायरिंग कर दी। शोर होने पर लोगों के आने पर भाग गए। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो कोर्ट की शरण ली।

### परशुराम जयंती पर होगा सुंदरकांड का पाठ

**बहेड़ी, अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के पर पंजाबी कालोनी स्थित शिव मंदिर में परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे सुंदरकांड का पाठ होगा। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ब्राहाण परिवार सभा के पं. विजय दत्त गौतम ने सभी सजातीय बंधुओं से समय पर पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### पुलिस ने 7 लोगों पर की शांति भंग की कार्रवाई

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलग-अलग स्थानों से 7 लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने मानपुर निवासी सरताज, बिलौरी निवासी मुन्नालाल, जडैंल सिंह, कटसारी निवासी भगवानदास, पप्पू, रामनगर निवासी सुंदर, नगर निवासी ओमकार यादव, गंज शास्त्री नगर निवासी हसीन के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

# बदतमीज गिल के क्रू मेंबर्स का सामान होटल से चोरी, हंगामा

## आरोपी होटल कर्मी के रिश्तेदार और परिजन भी कोतवाली पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली


होटल के बाहर हंगामा करते फिल्म के क्रू मेंबर्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित एक होटल में फिल्म बदतमीज गिल के क्रू मेंबर्स ने कर्मचारी पर चोरी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाना कोतवाली ले गई। होटल कर्मी के पक्ष के लोग भी थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। क्रू मेंबर्स की ओर से थाना कोतवाली में शिकायती पत्र दिया गया है।

क्रू मेंबर्स टीम के सुफरत खां ने बताया कि बरेली में बदतमीज गिल फिल्म की शूटिंग चल रही है। फिल्म के मुख्य कलाकार परेश रावल, अपार शक्ति खुराना और वाणी कपूर हैं। परेश रावल, वाणी कपूर और अपार शक्ति खुराना गांधी उद्यान के पास स्थित एक होटल में ठहरे हैं, जबकि क्रू मेंबर्स के कुछ सदस्य स्टेशन रोड स्थित एक होटल में रुके हैं। आरोप है कि सोमवार रात करीब 11 बजे होटल कर्मी नशे में दो लड़कियों के कमरे में घुस गया। उस समय दोनों लड़कियां कमरे में नहीं थी। आरोपी युवक कमरे से बैग और रुपये लेकर जा रहा था कि तभी दोनों लड़कियां पहुंच गई औरउन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपी बदतमीजी करने लगा। शोर सुनकर अन्य लोग भी पहुंच गए और हंगामा होने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। थाने में आरोपी पक्ष के परिजन और अन्य लोग पहुंचे और तमाम आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। कोतवाली में देर रात तक हंगामा होता रहा।

> शिकायत पर होटल कर्मी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। - **दिनेश कुमार शर्मा**, इंस्पेक्टर कोतवाली

# पुलिस ने भमोरा में विवाद के बाद रोकी मूर्ति स्थापना

संवाददाता, भमोरा

- **नई परंपरा का आरोप लगा रहे थे दूसरे समुदाय के लोग, चुनाव के बाद मामला देखेगी पुलिस**

**अमृत विचार :** भमोरा में एक समुदाय की ओर से मूर्ति स्थापना की नई परंपरा डालने की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने चुनाव के बाद मामला सुलझाने की बात कही। ग्राम कैमुआ में कुछ समय पहले गांव के एक धर्म स्थान पर मूर्ति पुरानी होने के कारण खंडित हो गई थी। ग्रामीण चिरंजी लाल गुप्ता ने दूसरी मूर्ति लगाने के लिए अपने घर पर तैयार कराई थी।

रविवार को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कर देर शाम देव स्थान पर मूर्ति की स्थापना रहे थे। इसी दौरान गांव के दूसरे समुदाय के लोगों ने नई परंपरा बताते हुए विरोध कर पुलिस को फोन कर दिया। सूचना पर ट्रेनी आईपीएस सीओ आंवला के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ गांव में पहुंच गए। पता चला कि मूर्ति पहले से ही स्थापित थी परंतु खंडित होने के कारण नई मूर्ति लगाई जा रही थी इस पर दूसरे समुदाय ने मदरसे के अंदर नमाज पर लगी रोक को हटाने की बात कहते हुए मूर्ति स्थापित करने की बात रखी। पुलिस अधिकारियों ने चुनाव बाद समस्या का समाधान की बात कही, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात है। वहीं उस मूर्ति को चिरंजी लाल के घर पर रखवा दी गई।

### शंखा पुल पर कार टकराई, तीन लोग घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे के शंखा पुल के पास कट से मुड़ते समय दो कार आमने -सामने से टक्कर हो गई, जिससे दोनों कार चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। शाहजहांपुर के कटरा निवासी रामदेव सिंह सोमवार को अपनी कार से रामपुर से लौट रहे थे। उनकी कार शेर सिंह चला रहा था। हाईवे के शंखा पुल के पास पहुंचने पर बरेली की ओर से आ रहे शीशगढ़ निवासी कार सवार रिफाकत से अगरास शंखा रोड को जाने के लिए कट से मुड़ने पर आमने सामने की टक्कर में कार सवार तीनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल भेज दिया।

# शाहजहांपुर के युवक का शीशगढ़ में मिला शव

- **जेब में मिली सल्फास की डिब्बी पुलिस को आत्महत्या का शक**

**शीशगढ़, अमृत विचार:** शाहजहांपुर के युवक का शव सोमवार सुबह शीशगढ़ के विलासपुर बस अड्डे पर मिला, जेब में मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई तो परिजनों को सूचना दी गई।

जाबिर खान अपनी आरा मशीन के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने पहुंचकर मुआयना किया तो उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान मनोज कुमार (23) पुत्र रामनिवास निवासी गवार थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर के रूप में हुई, इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। उसकी जेब से शाहजहांपुर से शीशगढ़ का 5 मई का रोडवेज बस का टिकट, एक शराब का पऊआ और सल्फास की एक डिब्बी मिली, जिसमें दो गोली बची हुई थीं। इससे प्रथम द्रष्टा मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया है कि मनोज कुमार की शीशगढ़ के पास के गांव जगत में ननिहाल थी। जहां के लिए वह घर से निकला था,जो नहीं पहुंचा था। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी।

## वोटरों का नसीब... इसी रास्ते पर जाना है वोट डालने



**देवरनियां :** प्रशासन पोलिंग बूथों और पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने के लिए लंबे समय से जिम्मेदारों को हिदायत दे रहा है, लेकिन देवरनियां में इसका असर नहीं दिखा। देवरनियां से मुड़िया जागीर रोड करीब दो वर्ष से खराब है। दो किमी इस सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं। मुड़िया जागीर के राजकीय इंटर कॉलेज, जूनियर हाईस्कूल और प्राइमरी स्कूल पर बने पोलिंग बूथों पर जाने वाली पोलिंग पार्टियों को परेशानी उठानी पड़ी। मंगलवार मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर जाने के लिए परेशानी झेलनी पड़ेगी। देवरनियां कंपोजिट प्राइमरी स्कूल पर बने बूथों पर जाने वाले वार्ड दो के रास्ते में गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इसी रास्ते से होकर मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचेंगे। इस विषय में चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी का कहना है,कि सफाई करा दी जाएगी।

# शराब पीने को पैसे देने से मना करने पर चलाई गोली, दो घायल

**कैंट,अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में 3 मई की शाम 8:30 बजे घर से बुलाकर ले गए युवक पर गोली चला दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की तहरीर कैंट थाने में दी गई, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। सोमवार को घायल के पिता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। घायल जितेन्द्र के पिता विश्राम सिंह निवासी इचौरिया ने बताया कि 3 मई की रात गांव का ही अजय पाल उनके बेटे जितेन्द्र को बुलाकर बधिया पुलिया के पास ले गया। वहां उसके साथी अली मोहम्मद और पैगाम निवासी अंगूरी टांडा थाना सुभाषनगर और चौबारी निवासी कमल मिले। आरोप है कि अजय पाल ने जितेन्द्र से शराब पीने को पैसे मांगे। मना करने पर दोनों में विवाद हो गया। इस पर अजय पाल ने तमंचा निकाल कर तान दिया, जितेन्द्र ने तमंचे की नाल पकड़ ली, गोली जितेन्द्र की हथेली को पार कर पास में खड़े अली मोहम्मद उर्फ ननुआ के पेट में जा लगी। दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद अजय पाल, पैगाम और कमल फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल अली मोहम्मद उर्फ ननुआ बदायूं के दातागंज क्षेत्र के गांव माहतरपुर का मूल निवासी है। जो कुछ समय से सुभाषनगर के अंगूरी टांडा में रह रहा है। और पुलिस हिरासत में पैगाम का पिता सुभाषनगर थाने में हिस्ट्रीशीटर है।

# छात्रा ने शोहदे के डर से स्कूल जाना छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **स्कूल नहीं गई तो घर में आकर पिता से की मारपीट**

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में शोहदे के डर से एक छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। शोहदा छात्रा को रास्ते में रोककर परेशान करता था। सोमवार को जब छात्रा स्कूल नहीं गई तो आरोपी अपने साथी के साथ उसके घर पहुंचा और पिता से मारपीट की। छात्रा के पिता की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी के एक मोहल्ले के निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी प्रेमनगर क्षेत्र में स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। मोहल्ले का निखिल बेटी को आए दिन परेशान करता है और स्कूल जाते समय हाथ पकड़कर रास्ता रोकता है और बदतमीजी करता है। कई बार टोकने पर भी आरोपी नहीं माना। आरोपी के डर की वजह से बेटी ने कॉलेज जाना छोड़ दिया। सोमवार को बेटी कॉलेज नहीं गई तो आरोपी अपने साथी के साथ उनके घर पर पहुंच गया और शोर करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पीड़ित की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने निखिल व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बैनामे में धोखाधड़ी के आरोप में अदालत के आदेश पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** बंटवारे के बहाने जमीन का फर्जी तरीके से दान पत्र करा दिया गया। जानकारी होने पर जमीन मालिक ने अदालत के आदेश पर 4 लोगों को नामजद करते हुए धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिंभावली गढ़ हापुड़ के गांव बंगौली निवासी उर्मिला ने बताया कि उसके ससुर श्याम सिंह ने अपने तीनों लड़कों और एक चौथे मुंहबोले लड़के सुधीर कुमार को संयुक्त रुप से जमीन खरीदने के लिए रुपये दिए थे। सभी लड़कों की पत्नियों के नाम जमीन खरीदने को कहा गया था। जमीन का 49 लाख 90 हजार रुपये में 15 सितंबर 2008 को बैनामा कराया गया। सुधीर कुमार ने उस बैनामा में अपनी पत्नी के साथ अपने लड़के का नाम भी खरीदार में डलवा लिया। जबकि बैनामा में उसका और देवरानियों एवं मुहबोले बेटे की पत्नी का नाम डलवाने की बात हुई थी। आरोप लगाया की ससुर के महबोले बेटे के मन में लालच आ गया और उसने 2019 में चार हिस्सों में बटवारा करने को कहकर बुला लिया। और उन लोगों से कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए। संदेह होने पर जांच कराई गई तो पता चला कि सुधीर कुमार ने फर्जी तरीके से दानपत्र विवेक कुमार वर्मा के नाम करा लिया। जिसमें उन्होंने एलपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट आंवला के नाम दान करने को दर्शा दिया गया है। उन लोगों ने षडयंत्र के तहत बंटवारे का बहाना बनाकर उनकी जमीन का दानपत्र करा लिया। उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। महिला ने इस मामले में न्यायालय में शरण ली।

# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के लिए सोशल मीडिया पर लिखे अपशब्द

**देवरनियां, अमृत विचार :** गांव अमृता निवासी विपिन गंगवार उर्फ विराट कुर्मी ने थाने में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पर अप शब्दों का प्रयोग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है।

उनका कहना है कि वह भाजपा कार्यकर्ता है, उन्होंने अपनी फेसबुक आईडी पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल के प्रतिनिधि और भाजपा नेता प्रशांत पटेल को 2027 का विधायक बताते हुए स्टेट्स लगाया है ,जिसे देखकर उनकी फेसबुक आईडी से जुड़े आर्यवीर गंगवार ने प्रशांत पटेल को लेकर अप शब्दों का प्रयोग किया है।

उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
Direct Admission Open Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

# पहली बार मतदान के लिए युवाओं में उत्साह

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को जिले में मतदान किया जाएगा। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में उत्साह है।

युवाओं का कहना है कि उनके लिए खेल स्टेडियम के साथ-साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं ताकि युवा पीढ़ी का आर्थिक, सामाजिक,शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव हो सके। युवाओं ने बताया कि उन्होंने मतदान की पूरी तैयारी की हैं। वह सभी सुबह मतदान करने जाएंगे।


युवाओं को बेरोजगारी की समस्या से निजात दिलाने के लिए रोजगार की दिशा में ज्यादा से ज्यादा विकल्प की जरूरत है। -**शरद सक्सेना**


हर चुनाव में पार्टियां युवाओं को रोजगार देने का वादा करती हैं। बाद में निराशा हाथ लगती है। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत है।-**सलौनी गंगवार**


क्षेत्र में बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए कोई डिग्री कॉलेज तक नहीं है। इसलिए बेटियों की शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज जरूरी है ,ताकि बेटियां क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। - **मनु प्रिया**


पहली बार मतदान में भागीदारी करूंगा। इस लिए मन में उत्साह है। मेरा मानना है कि युवाओं को रोजगार के लिए उद्यम स्थापित किए जाएं ताकि युवा पीढ़ी का भी विकास संभव हो सके।-**सुमित कुमार**

## सार-संक्षेप

### देवरनियां में लेनदेन के विवाद में चले लाठी -डंडे

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां कोतवाली के पास रविवार रात 11 बजे बरेली-नैनीताल हाईवे पर पैसों के लेनदेन को लेकर दो संप्रदायों के बीच विवाद हो गया, बात बढ़ने पर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने केवल एक आरोपी का शांतिभंग में चालान करके मामले को रफा-दफा कर दिया। इससे दूसरे समुदाय के लोगों में आक्रोश हैं। देवरनियां निवासी देवीदास ने बताया कि रेलवे फाटक के पास अनीस की दुकान से पेप्सी लेने के बाद वह वहीं खड़ा था। इस दौरान अनीस पर 80 रुपये आ रहे थे। उसी पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई, जो मारपीट में बदल गई। इसी दौरान कुछ लोग कार से आए जिनके हाथों में हॉकी,डंडा, तमंचा,चाकू थे। इन लोगों ने मारपीट करनी शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना स्थल से चंद कदम दूर कोतवाली है, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल किया तो पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस कर्मी पहुंच गए। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को भागने से नहीं रोका। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि एक आरोपी का शांतिभंग में चालान किया है , बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चुनाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी

**मीरगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वागीश कुमार शर्मा ने बताया कि मीरगंज में 148 बूथ बनाए गए हैं जिसमें हेल्प डेस्क पर आशाओं की ड्यूटी लगाई गई है। आशाओं को आवश्यक दवाएं एवं गर्मी में लू से बचाव के लिए 50-50 ओआर एस के पैकेट दिए गए हैं । डॉ. अमित कुमार ने बताया कि समस्त आशाएं ड्रेस में मतदान बूथ पर प्रात: 6 :30 बजे से सायं 06 :30 बजे तक उपस्थित रहेंगी । आशाओं के पर्यवेक्षण के लिए संबंधित संगिनी , एएनएम एवं सीएचओ को लगाया गया है यदि किसी आशा के पास दवाइयां कम पड़ती है तो संबंधित एएनएम एवं सीएचओ की ओर से तत्काल उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सेमिनार में छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताया



**सिरौली, अमृत विचार :** वसुंधरा इंटर कॉलेज रामनगर रोड सिरौली की छात्राओं को सेमिनार में स्वास्थ जागरूकता के महत्व को बताया गया, शिक्षित लड़कियों की कम उम्र में शादी होने की आशंका कम होती है और उनका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है जिसके कारण उनके स्वास्थ्य मातृत्व जीवन की भी संभावना अधिक होती है। जो महिलाएं उच्च शिक्षा पूरी करती हैं और किसी भी प्रकार कौशल हासिल करती हैं, वे जीवन भर आर्थिक रूप से उत्तरोतर वृद्धि करती हैं। शिक्षित महिलाओं के बच्चों में कुपोषण या परेशानियां की भी संभावना कम होती है। उक्त विषय पर विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं से संवाद के माध्यम से जागरूकता प्रदान की गई।

### मौसमी बीमारियों से बचने के लिए धूप में जाने से बचें



**शेरगढ़ , अमृत विचार :** पारा चढ़ने के साथ सीएचसी में इलाज कराने पहुंचने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। सोमवार को 235 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसमें लूज मोशन के साथ- साथ ज्यादातर मरीज दाद खाज खुजली एवं बुखार के रहे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मी की वजह से लूज मोशन एवं दाद खाज खुजली की समस्या बढ़ रही है ऐसे में मौसम के अनुरूप फलों एवं सब्जियों का सेवन करें,अधिक मात्रा में पानी पिएं तथा धूप से बचाव करें,बाहर निकले तो सिर पर कपड़ा डालकर निकलें,मक्खी मच्छरों से बचाव के लिए फुल कपड़े पहने।

### मुकदमा वापस न लेने पर पूरे परिवार को पीटा

**मीरगंज, अमृत विचार :** मुकदमा वापस नहीं लेने पर दबंगों ने आरोपियों के साथ मारपीट की, पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। रामजी शर्मा ने बताया कि उनकी जमीन गुलड़िया में है। विपक्षियों से उन्होंने मुकदमा वापस लेने से मना कर दिया तो 7-8 लोगों ने विगत 1 अक्टूबर 2023 को उसके घर में घुस आए और गालियां देने लगे, विरोध करने पर उसके परिवार के साथ मारपीट की। दिव्यांग होने की वजह से वह लड़ाई करने में समर्थ नहीं था। आरोपियों ने उसे मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे और उसके परिवार को बचाया। पीड़ित ने इसकी सूचना मीरगंज में दी थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद उसने एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने मारपीट के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

### रैली के बाद छात्रों को मतदान की दिलाई शपथ



**भोजीपुरा , अमृत विचार :** निहाल श्याम कॉलेज ने मतदाता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके साथ छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई। छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर संदेश दिया कि मतदान के महापर्व पर मतदान जरूर करें। कॉलेज के प्रबंधक जितेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि मतदान करने स्वयं भी जाए और अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें । इस अवसर पर नितारा के अध्यक्ष प्रीति सिंह, कॉलेज के प्रबंधक जितेंद्र पाल सिंह, प्राचार्य डॉ. सीएम गंगवार , डॉ. उदय गुप्ता, डॉ. विनीता सिंह , शीतल शर्मा, कोमल आर्य, वीरेंद्र, सचिन, मंजू सभी की उपस्थिति रही।

### दबंगों ने प्लाट पर कब्जा करके मांगी रंगदारी

**सीबीगंज, अमृत विचार :** फर्जी कागजात तैयार कर दबंगों ने एक व्यक्ति के प्लाट पर कब्जा कर लिया। प्लाट मालिक ने जब विरोध किया तो उसकी कनपटी पर तमंचा तानकर कए लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आईजी के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर निवासी नुक्ता प्रसाद ने बताया कि महेशपुर अटरिया गांव में उनके भाई का एक प्लॉट है। महेशपुर अटरिया गांव निवासी सोमपाल लोधी ने अपने बेटे के नाम पर दान पत्र के कागज बनाकर प्लाट पर कब्जा कर लिया। वह जब अपने प्लाट पर पहुंचे तो सुभाष लोधी, शौकत अली, जुनैद, सोमेश और सोमपाल पहुंच गए और उनकी कनपटी पर तमंचा तान दिया और कहा कि प्लॉट वापस चाहिए तो एक लाख रुपये देने होंगे। उन्होंने मामले की शिकायत आईजी डॉ. राकेश सिंह से की। आईजी के आदेश पर सीबीगंज थाना पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, महिला की मौत

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज क्षेत्र में बरेली-पीलीभीत हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और चार साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। हाफिजगंज पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पीलीभीत के बरखेड़ा निवासी हरिओम पत्नी विमला देवी और चार साल की बेटी तानिया के साथ रविवार को देर शाम करीब 9 बजे कार से घर वापस जा रहे थे। हरिओम हाफिजगंज में बाईपास पर पहुंचे ही थे कि सामने से ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में विमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई और हरिओम और तानिया घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

### शेरगढ़ में 51 केंद्रों पर होगा मतदान

**शेरगढ़,अमृत विचार :** शेरगढ़ में मतदान अधिकारी देर रात तक चुनाव संबंधी जरूरी दस्तावेज तैयार करने में जुटे रहे। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने फोर्स के साथ पोलिंग बूथों का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में 77 मतदेय स्थल तथा 51 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां मतदाता अपने मनपसंद उम्मीदवार को चुनने के लिए मतदान करेंगे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र में चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग बूथों पर मतदान अधिकारी एवं फोर्स पहुंच गई है।


Vote For Nation.....
मैसर्स आर.एस. इंजीनियरिंग ट्रेडर्स
बरेली
Mob.: 9412187812
रनवीर सिंह
भारतीय संविधान ने दिया है हमें यह अधिकार हमारा अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
पहले मतदान, फिर जलपान
मंजीत सिंह बिट्टू
FASHION POINT
56, सिविल लाइन्स, निकट प्रसाद टॉकीज व निकट कुमार टॉकीज, बरेली मो. 8755622786
CALIBRE CLASSES
Awas Vikas Colony, Behind Royal Enfield Agency, Pilibhit Bypass Bareilly
Mob.: 7500928180, 8077097545
Sumit Saxena
भारतीय संविधान ने दिया है हमें यह अधिकार हमारा अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
इकबाल बहादुर लोधी
अशोक राजपूत
हमारा संकल्प विकसित भारत
आपका अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
धर्मेन्द्र कश्यप
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
"Wear your scars with smile"
OPSUMS ADVANCED LAPAROSCOPY & GYNAECOLOGY
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
हड्डी रोग/नाक, कान, गला रोग
न्यूरो सर्जरी/यूरोलॉजी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
मेडिसिन विभाग/बाल रोग विभाग
क्रिटिकल केयर एवं आई.सी.यू.
पैथोलॉजी
Dr. Om Kumar Sharma M.S., FMAS Advanced Laparoscopic Surgeon
Dr. Shashi Bala Patel M.S. (Obs & Gynae) Hysteroscopy Specialist
SHRI BEGRAJ MULTI SPECIALITY
24/7 Emergency Services
श्री बेगराज मेमोरियल हॉस्पिटल
100 Feet Road, Bareilly | 8077778055, 9458228617
shribegrajmemorialhospital@gmail.com opsums.com
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
सीए राजेन विद्यार्थी
"रोटरी गवर्नर नामित"
प्रेमनगर, बरेली
7 मई 2024 को तैयार रहें
आपका अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
SANDEEP COMPUTER INSTITUTE
130, Shiv Garden Colony, Dohra Road, Bareilly
Mob.: 6388537773
Kashish Kushwaha
Admission Fees Free
All Course Available
Now Hurry UP!
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
INDRA COOL SERVICE
Add: Neharu Park colony 39/40 Bareilly
Mob.: 8077378317
अमित वर्मा
आपका अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
धर्मेन्द्र गुप्ता
चेयरमैन
डी.जी. इन्फ्रा ग्रुप
भारतीय संविधान ने दिया है हमें यह अधिकार हमारा अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें बढ़ाएं भारत की शान
SINCE 1972
Kipps SUPER MARKET
CIVIL LINES
SPECIAL OFFER
5% OFF MRP से कम
राहुल खण्डेलवाल
Home Delivery Any Where in Bareilly
SUPER SAVING
DELIGHTFUL DEALS
47, Civil Lines, Bareilly +91 7351326601, 8449583284
आशु अग्रवाल
निशान्त अग्रवाल
राम रसायन तुम्हरे पासा
सदा रहो रघुपति के दासा
(मतदान का अधिकार हमारे लिए राम रसायन जैसा है इसका सही उपयोग करते हुये सही प्रत्याशी चुनते हुए मतदान अवश्य करना है।)
वोट जरूर करें
TAYAL CEMENT & ENG. MART
Cement, Building Material, General Order Suppliers & Govt. Contractor
8791127111, 9690827111, 7060127111
Dr Lal PathLabs
India's leading and most reputed diagnostic chain
HOME COLLECTION FACILITY AVAILABLE 9627327111, 9690227111
'Sanskriti' The Hall
CONFERENCE, MEETINGS, KITTY PARTIES & GET-TOGETHERS
9568227111, 9557727111, 8791227111
TAYAL LOGISTICS
Bulk Shifters & Transport Contrctors
9927727111, 7302127111, 9359227111
Manju & Piyush Kumar Agarwal
Bareilly
पहले मतदान, फिर जलपान
आप अपने नजदीकी बूथ पर जाकर अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल जरूर करें
एक वोट, देश के भविष्य के लिए
7 मई 2024 को अपना मतदान अवश्य करें!
The Experience of High Quality
Annapurna Rasoi
Pro. Pankaj Agarwal
Disposable Food Thali
From ₹120 to ₹350
आउटडोर कैटरिंग सुविधा भी उपलब्ध है।
Ground Floor, Rajeshwar Tower, Pilibhit Road Opp. Lalla Market, Prem Nagar, Bareilly
Call Us : 7078426288, 8979480288
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
मंगलवार, 07 मई 2024 को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।
समयः प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
वोटिंग मशीन में क्रमांक 2 पर कमल का फूल के सामने वाला बटन दबाने पर इसके ठीक बायीं तरफ लगी लाल बत्ती जलेगी और 'पी' की आवाज आने पर आपका ऐतिहासिक वोट आपके अपने लोकप्रिय प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप को पड़ जायेगा।
यदि ऐसा न हो तो तुरन्त पीठासीन अधिकारी से शिकायत करें।
नमूना डमी ई.वी.एम.
Ready
मतदान केन्द्र का नाम
Ballot Unit
1
2 धर्मेन्द्र कश्यप
3
4
5
6
7
8
9
10
11
12
13
14
15 NOTA
24- आँवला लोकसभा क्षेत्र से
भा.ज.पा प्रत्याशी
धर्मेन्द्र कश्यप
सांसद आँवला
को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर विजयी बनायें।
कार्यालय : चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली।
Mob.: 9837339116
एड. प्रियभाषिनी पाठक
भारतीय संविधान ने दिया है हमें यह अधिकार हमारा अमूल्य मतदान ही है लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
सोच समझकर सही प्रतिनिधि को वोट देता है वही मतदाता भारत देश का भाग्य विधाता है।
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
SUNEIL DENTALS
DOHRA ROAD, BAREILLY - 8923678643
Dr. D.K. Singh
BDS (MIDA) P.G.C.C. RCT Specialist
Dr. Sarika Singh BDS
Dr. Saurav BDS
A Multi Speciality Dental & Oral Care Center
Latest Equipments
Quality Treatment
FACILITIES
X-Ray / IOPAR
डेंटल इम्प्लान्ट
Painless Tooth Extraction दांत निकालना
अक्ल दाड़ ऑपरेशन
फ्लैप सर्जरी Scaling
दांत सीधे कराना / अन्दर करना
RCT / Filling
बत्तीसी
फिक्स दांत
टूटे जबड़े का इलाज
जबड़ा उतर जाना
प्री कैंसर उपचार / रोकथाम
बच्चों का इलाज
मुख / दांत संबंध सभी उपचार की सुविधा।
Time: Mon. - Sat. 10:00 AM to 2:00 PM | 05:00 PM to 8:00 PM
Sun. 10:00 AM to 2:30 PM
पताः- डोहरा मेन रोड रुद्राक्ष अपार्टमेंट से आगे बादाम सिंह मार्केट, बरेली
GATTUMAL AYURVEDA
चुने सही
चाहे उम्मीदवार हो या जोड़ों के दर्द का तेल
घुटनों का दर्द, पीठ का दर्द, कंधे का दर्द, गर्दन का दर्द, कमर दर्द, कलाई दर्द में लाभदायक..
दर्द को करे फ्रीज...
*दर्दीज़*
DARDEAZE
SUPER PAIN OIL
10ml Extra
100 ml + 10 ml Extra
PREMIUM 100% Natural QUALITY
सभी मेडिकल एवं आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध
Customer Care : 9456812345 | www.gmayurveda.com | Follow us -
पहले मतदान फिर जलपान 7 मई को मतदान अवश्य करें, 25 - लोकसभा, बरेली
आपका पहला वोट
ASLI AAM
Lassi
एक मजबूत सरकार चुनने और देश को मजबूत बनाने के लिए हो।
अपने मताधिकार का प्रयोग करें, देश के विकास में सहभागी बनें।
PRAYAG
Milk & Milk Products
PREMIER AGRI FOODS PVT. LTD
आउटलेट फ्रेंचाईजी के लिये सम्पर्क करें +91-81910-98602 +91-81910-98603

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम्॥

जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## संपादकीय

# स्कूलों को धमकी

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इससे अभिभावकों में दहशत है। प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को तीसरे चरण के लिए मतदान किया जाना है। गुजरात की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इससे ठीक एक दिन पहले सुबह के समय एक ईमेल मिला, जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अहमदाबाद में वीआईपी आवागमन बना रहता हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत तमाम बड़ी हस्तियों के वोट डालने की संभावना है। इसके चलते अहमदाबाद पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूलों की जांच में जुटी है। बेंगलुरु, दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में अफरातफरी का माहौल है। इस धमकी के बाद परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने अभिभावकों से परेशान नहीं होने की अपील की है। निश्चित रूप से बम संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था।

गौरतलब है कि 1 मई को दिल्ली-एनसीआर में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। दहशत फैलाने वाले का मकसद क्या था, इस बाबत पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो। पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुटी है। साजिशकर्ता कहीं भी बैठकर ये मेल भेज सकते थे। दो वर्ष पहले भोपाल के मिशनरी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा किया था कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए जनरेट होने वाले इंटरनेट प्रोटोकोल एड्रेस के माध्यम से ईमेल स्कूलों की मेल आईडी पर आने की जानकारी एवं साक्ष्य उस विवेचना में मिले। उस समय भी सवाल था कि यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। हालांकि इन ईमेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकर्ता को चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है। क्योंकि ईमेल भेजने के बाद ऐसे अकाउंट समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी धमकियां भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

# जीतेगी पार्टी और हारेगी जनता


डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है।

18 वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है। देश में अनेक राजनैतिक पार्टियां अपना भविष्य आजमा रही हैं, जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है। एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है। यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आएगा। पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा- "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आएगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुंच पाए।

साम्प्रदायिकता : आप क्या है? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है। आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में सांप्रदायिकता अपने चरम पर है। शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है, जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असंभव होगा और यदि आप यह सोच रहे हैं कि आप इससे बचे रह जाएंगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा। हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हां इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचारः दशकों से अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा किया गया वायदा और बनाए गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहे हैं। समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है। कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाए, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग हैं, आज तक किसी को नहीं पता। पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है।


आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है।

आजादी पर रोकः आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारीः जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है। बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार ख़त्म कर रहे हों पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिकार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता। कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेक ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही हैं।

बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमें अवसाद उत्पन्न कर रही है। वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो।

लिखने और कहने को अनेक मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है कि दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ रहे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने हैं और समाधान किसी के पास नहीं है। जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशकों पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे। अब हम इनकी उपस्थिति के बावजूद इनकी लागत को न उठा पाने से लड़ रहे है। आज प्रत्येक आदमी इन मुद्दों के नए स्वरुप से लड़ रहा है और बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के यह आसानी से कहा जा सकता है कि "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। क्योंकि इन समस्याओं ने इतना विकराल स्वरुप बना लिया है जिसका समाधान करने की शायद ही कोई सोचे। आज भी चुनाव हो रहे है आगे भी होते रहेंगे। एक दो नहीं बल्कि ऐसी अनेक बातें आएंगी और जाएंगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देंगी। पर यह भी अमिट सत्य है कि इन अव्यवस्था के लिए सिर्फ एक पार्टी या राजनैतिक दल जिम्मेदार नहीं है बल्कि शासन करने वाला प्रत्येक सख्श जिम्मेदार है जिसने इन मुद्दों से लड़ने के लिए समय पर सही कार्यवाही नहीं की।

## प्रसंगवश

# हमारे परिवार नहीं है

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जन सभाओं में यह बात जोर शोर से कह रहे हैं कि, 'हमारे तो परिवार नहीं है, हम तो आपके परिवार, बच्चों के लिए खप रहे हैं'। इस तरह वे अपने को त्यागमूर्ति साबित करके देश हित हेतु समर्पित सिद्ध कर रहे हैं। विचार करने पर उनके इस उद्घोष में सत्यता नहीं परिलक्षित होती है। उनके परिवार तो है। विधि सम्मत विवाहिता पत्नी अभी विद्यमान होकर परित्यक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं। रही दूर रखने की बात, तो यह हिंदू धर्म व संस्कृति तथा कानूनी प्रावधानों से भी मेल नहीं खाता। विष्णु और शिव संसार का प्रभार उठाए हैं। उनकी पत्नियां साथ हैं। शिव जी ने तो अपने अर्द्ध वाम अंग में ही पार्वती माता को स्थान दे दिया है और अर्द्धनारीश्वर होकर लोक पूज्य है। यही नहीं भारत के महापुरुष, जिनकी राष्ट्र व समाज के प्रति अप्रतिम सेवाएं रहीं हैं, पत्नी साथ रखते रहे हैं। गांधी और डा.राजेन्द्र प्रसाद के नाम इस प्रसंग में हम ले सकते हैं। जहां तक कानून का प्रश्न है, तो वैध तलाक के लिए हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत न्यायालय की डिग्री होनी चाहिए। मोदी जी के केस में ऐसा कुछ नहीं है, यानी देश के कानून के अनुसार पृथकत्व नहीं है। परिवार में भाई, भतीजे भी आते हैं। भतीजी विगत में गुजरात में, पार्षद चुनाव लड़ने का भाजपाई टिकट चाहती थी, जो उसे नहीं दिया गया, ताकि वंश में कोई और आगे न बढ़ सके। फैसला तो जनता करती। एक सुभाषित है-परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।/स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।। (अर्थात् परिवर्तनशील संसार में मरता जीता कौन नहीं है? किंतु उसी का जन्म सार्थक है, जिससे वंश/कुल की उन्नति हो।)


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पत्नी व परिवार के त्यागी मोदी ने क्या भव्य बंगला और उच्चकोटि की सुख सुविधाएं भी त्यागीं? नहीं। चार करोड़ से ऊपर का सूट पहना। वैसे चाणक्य भी समृद्धतम राज्य के प्रधानमंत्री थे, जो नगर के बाहर कुटिया में रहकर राजकाज करते और बेहद सादा जीवन व्यतीत करते थे।

# पहाड़ों में धधकी हुई है आग


अशोक पांडे
हल्द्वानी

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

अकेले कुमाऊं में पांच सौ से अधिक जगहों पर दावानल का कहर बरपा है। पांच लोग जल कर मर चुके हैं और तमाम जगहों से आग के विकराल स्वरूप के डरावने वीडियो सामने आ रहे हैं। शहरों-गांवों की हवा में इस कदर धुआं घुल चुका है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, बच्चों-बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जो अभी घट रहा है उसकी पहले से ही आशंका थी क्योंकि जंगलों का सुलगना इस साल जनवरी में ही शुरू हो गया था। यह और बात है कि हमेशा की तरह इस बार भी किसी ने समय रहते उसकी सुध न ली।

पहाड़ की सुंदरतम जगहों में हफ्तों से धुएं का गहरा परदा पड़ा हुआ है, हवा गाढ़ी हो गई है, धूप का निशान नहीं है। उसके बावजूद कल मैं देख रहा था भीमताल की झील का पानी हेलीकॉप्टरों की मदद से उठा कर जंगलों की आग के ऊपर बरसाया जा रहा था। इस दृश्य से मुदित कुछ युवा पर्यटक हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी ले रहे थे। पास के खोखे में उनके लिए मैगी उबल रही थी। पर्यटन और रोजगार का अद्भुत मॉडल सामने था।

पहाड़ों में अमूमन इस मौसम में आग लगना आम है। सदियों से यह परंपरा रही है कि चारे के लिए अच्छी घास उगाने की नीयत से जंगलों में फैली हुई चीड़ की सूखी पत्तियों यानी पिरूल को नियंत्रित रूप से जलाया जाता था। इस आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात विभाग ने बाकायदा पतरौल और अगलैन जैसे पदों पर लोग तैनात किये हुए थे। इस विभाग में काम कर चुके पुराने अफसरों के संस्मरण पढ़िए तो पता चलता है समूचा डिपार्टमेंट इस बात को सुनिश्चित करता था कि हर साल अप्रैल-मई-जून में लगने वाली इस आग से कम से कम नुकसान हो। उत्तराखंड बनने के बाद जंगल में लगने वाली आग से निबटने के लिए अलग से बाकायदा एक विभाग भी बनाया गया। अपने उद्देश्यों में वह कितना सफल रहा है सबको दिखाई देता है।

हमसे पहले की पीढ़ियां इस आपदा से साल-दर-साल सलीके से लड़ती रही हैं। इधर के सालों में ऐसा क्या हुआ होगा कि तमाम अफसरशाही, नेतागिरी, अखबारबाजी और सोशल मीडिया के बावजूद हालात बिगड़ते चले गए।

समझ में आता है कि हमने एक समुदाय के रूप में सोचना और काम करना बंद कर दिया है। हम एक जिम्मेदार और सभ्य समाज के रूप में रहना भूल चुके हैं। इस तरफ रहने वाले सोचते हैं उधर की आग से हमें क्या, उधर वाला सोचता है अभी मेरा घर बचा हुआ है। आगे की आगे देखेंगे। जब दोनों तरफ के गांव आग की चपेट में आ जाते हैं तो दोनों मिलकर सोचते हैं इतनी बड़ी सरकार है, यह तो उसका काम है। वन विभाग कहता है उसकी व्यवस्था तो पूरी तरह चौकस है, शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आते।

जंगल में आग लगती है तो कीड़े-मकोड़े मरते हैं, तितलियां मरती हैं, छोटी झाड़ियां और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं, वन्य जीवों के कुनबे उजड़ जाते हैं। प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा डावांडोल होता है कि अगर सब ठीक चला तब उसे सम्हलने में दस-बारह साल लग जाते हैं। पानी के प्राकृतिक स्रोत तबाह हो जाते हैं। यह कॉमन सेंस की बात है जिसे अनिवार्य रूप से स्कूलों के पाठ्यक्रमों में जगह मिलनी चाहिए।

सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है, न कोई विजन। आग बुझाने की ट्रेनिंग के जो कार्यक्रम दिसंबर जनवरी में गांव-गांव में चलाए जाने चाहिए थे उनकी याद मई-जून में आती है। जिन वनकर्मियों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया जाना चाहिए था उनके पास एक लाठी है या हद से हद एक रेक जिसके दांते टूट चुके हैं। जंगल जलता है तो वे उसी जंगल के बचे हुए पेड़ों के पत्तों को तोड़ कर उनकी झाड़ू बनाते हैं। फिर उसी झाड़ू से पीट-पीट कर आग बुझाने का प्रागैतिहासिक तरीका अपनाया जाता है।

पर्यावरण किसी भी राजनैतिक पार्टी के एजेंडे में कहीं नहीं है। हिमालय और उसके सरोकार किसी मैनीफेस्टो का हिस्सा नहीं बनते। एक जमाने में आग को बुझाने का काम सरकार और जनता दोनों का साझा होता था। अब दोनों के बीच कैसी दूरी है बताने की ज़रूरत नहीं। जो सरकार जागेश्वर जैसी जगह के पांच सौ साल पुराने देवदारों को काटने की योजना तक बना सकती है, उसके सरोकारों में पेड़ और जंगलों की जगह कहां होगी यह भी बताना बेमानी है।

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है , हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतजार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

## सोशल फोरम

# ये गारंटियां पे गारंटियां

ये चुनाव भी क्या शै हैं, जैसे गारंटियां ही गारंटियां दिए जा रहे हैं नेता। एक से बढ़कर एक गारंटी। पहले तो व्यावसायिक कंपनियां गारंटियां दिया करती थीं और कोई भी चीज़ खरीदने के बाद गारंटी संभाल कर रखते थे ताकि समय आने पर कंपनी को दिखाई जा सके। अब पिछले दस वर्षों से राजनीति वाले भी गारंटियां देने लगे हैं और जनता इनसे कुछ पूछने के मूड में दिख रही है -पुरानी गारंटियां दिखा कर। जैसे अच्छे दिन आने की गारंटी दी गई थी, जैसे स्विटजरलैंड से काला धन लाकर सीधे हर किसी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये आने की गारंटी और दो करोड़ युवाओं को रोज़गार जैसी गारंटियां दी गई थीं। अच्छे दिनों की बात तो चुनावी जुमला कहकर टाल दी गई और युवाओं को रोजगार के नाम पर कितने युवाओं को रोजगार मिला, ये आंकड़े आए नहीं कभी। हां, महंगाई की कोई गारंटी नहीं थी, सो महंगाई खूब बढ़ी और रसोई गैस सिलेंडर एक हज़ार से ऊपर चला गया। किसानों को तीन कृषि कानूनों का विरोध एक साल से ऊपर तक करना पड़ा, तब कभी जाकर जान छूटी। अब एमएसपी के लिए फिर संघर्षरत हैं, किसान और हरियाणा में तो भाजपा प्रत्याशियों को इसके बारे मे काले झंडे दिखा कर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस गारंटी का क्या होगा और कौन पूरी करेगा? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि यदि सत्ता में आई तो कोई डमी प्रधानमंत्री नहीं बनाएगी? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि इमरजेंसी जैसी कोई भूल फिर नहीं करेगी? क्या यह अग्निवीर योजना रद करेगी और रसोई गैस व पेट्रोल की कीमतों पर काबू रखेगी ? ओल्ड पेंशन बहाल करेगी?


कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

यह शहजादा या शाही परिवार पर हमले करने से जनता की समस्याओं का हल निकल आएगा या सत्ता में आने पर कौन -कौन सी गारंटी राहुल पूरी कर पाएंगे? उतनी ही गारंटियां दो, जितनी पूरी कर सको। बाद में चुनावी जुमले साबित न हों ये गारंटियां ।
चुनाव में मारी एंटरियां/ तो देने लगे गारंटियां।

-फेसबुक वॉल से

# ऐतिहासिक बरेली कॉलेज की विरासत


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते।

बरेली कॉलेज अपनी स्थापना के 187 वर्ष पूरे कर चुका है। 1937 में शुरू हुए इस शिक्षा संस्थान के 1905 में बने नए भवन का उद्घाटन करने अवध-आगरा क्षेत्र के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर जेम्स जोन्स डिगस लाटूश आए थे। महाविद्यालय बनते-बनते इस कॉलेज ने अपने लंबे सफरनामे में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। वर्ष 1987 में इस कॉलेज की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई गई। तब 'शताब्दियों में बरेली कॉलेज' को कुछ इस तरह याद किया गया था- शताब्दियों से जिनका उच्च शिक्षा से कोई संबंध न रहा हो उन्हें किसी विशेष शिक्षण संस्था का प्राचीन इतिहास कुछ भी आकर्षित न करे पर पिछले डेढ़ सौ वर्षों से बरेली और उसके आसपास दूर-दूर के क्षेत्रों में जिनके किसी संबंधी का भी कोई संबंध बरेली कॉलेज से रहा है वह उसके अस्तित्व के विगत इतने वर्षों के इतिहास से अपने को जुड़ा हुआ समझ सकता है। आगरा के आगरा कॉलेज और दिल्ली के दिल्ली कॉलेज की तरह बरेली कॉलेज भी देश के प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। उसकी स्थापना सन् 1837 में एक स्कूल के रूप में हुई थी तो देश में समझौते की नई शिक्षा नीति का ऐलान हो चुका था और उसकी शिक्षा का उद्देश्य प्रशाससिक कार्यों में सहयोग के लिए बाबू तैयार करना था। सन् 1950 में उसे राजकीय कॉलेज का स्तर तो दे दिया गया था, पर उस समय तक जो भारतीयता की भावना इस क्षेत्र में फैल गई थी वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के आते-आते स्वयं ब्रिटिश शासन के लिए पर्याप्त सिर दर्द बन चुकी थी। मार्च अप्रैल सन् 58 तक उस संग्राम के महान नेता नाना साहब अपने साथियों के साथ तत्कालीन बरेली कॉलेज की इमारत में रहे थे और 31 मई को सवेरे जिस दिन संग्राम छिड़ गया तो अंग्रेज अधिकारी मारे गए उनमें बरेली कॉलेज के अंग्रेज प्रिंसिपल बक़ भी थे। ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना के बाद बरेली कॉलेज को अपने विकास में इस बगावत का परिणाम वर्षों तक भुगतना पड़ा। अपनी बीए और वकालत की परीक्षाओं के लिए वर्षों तक कलकत्ता, इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से संबद्ध रहने के बाद अब बरेली कॉलेज इस क्षेत्र के विश्वविद्यालय रूहेलखंड से संबद्ध सर्वाधिक प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं। लगातार शिक्षण कार्य के इस लंबे काल में बरेली कॉलेज ने सत्ता के सर्वोच्च पदों को प्राप्त करने वाले अधिकारी ही नहीं, अनेक क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भी उत्पन्न किए। अपने एक निर्णय में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपदस्थ करने वाले भूतपूर्व जस्टिस सिन्हा और राज्यपाल श्री बर्नी इसी बरेली कॉलेज की देन हैं। बरेली कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक और कवि वीरेन डंगवाल के संपादन में एक स्मारिका भी प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने इस ऐतिहासिक शिक्षा संस्थान के अतीत का उत्खनन करके हमें हमारी विरासत सौंपने का बड़ा काम किया था, जिसमें 1857 में इस कॉलेज में फारसी के अध्यापक रहे कुतुबशाह को याद किया गया था,जो क्रांतिकारी नेता खान बहादुर खां के प्रकाशक थे और बगावत के उन दिनों छपने वाले इश्तहारों में उनका नाम होता था। कुतुबशाह को फांसी की सजा तजवीज की गई थी,लेकिन बाद को उसे देश निकाला में तब्दील कर दिया गया। आज कुतुबशाह के नाम का कोई पत्थर बरेली कॉलेज की किसी दीवार पर नहीं लगा है। कितना अजीब है कि सत्तावनी क्रांति के इस अप्रतिम योद्धा की कोई तस्वीर भी हमारे पास नहीं है। कॉलेज के सभागार में देश के प्रसिद्ध राजनेताओं की आदमकद तस्वीरें सजी हैं, लेकिन यहां से जुड़ी रही बड़ी शख्सियतों के निशानात पूरी तरह गायब हैं।

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते। शहीद भगतसिंह के चाचा क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह, हिन्दी एकांकी के जनक भुवनेश्वर, प्रसिद्ध छायावादी कवि होरीलाल शर्मा 'नीरव', साहित्यकार निरंकार देव सेवक, पं. छेदालाल (1870 में कॉलेज के पहले बीए) या प्राच्यशास्त्री और भाषाविद् प्रो. भोलानाथ शर्मा का इस कॉलेज से सघन जुड़ाव रहा। यहां आने वाले कवि साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर', हरिवंश राय 'बच्चन', सुभद्रा कुमारी चौहान, मदर टेरेसा, विजय लक्ष्मी पंडित, सेठ गोविन्द दास और डॉ. कर्णसिंह जैसों के नाम को हम गर्व के साथ स्मरण कर सकते हैं।

# तर्क और विज्ञान का रास्ता

मैंने ओशो का पढ़ा और गुना। वह सागर विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी और प्रवक्ता रहे। दर्शन में वह बौद्ध दर्शन से प्रभावित हुए और बौद्ध दर्शन में भी लगता है वह महायान की वज्रयान शाखा से क्योंकि तभी तो उन्होंने संभोग से समाधि जैसी किताब लिखी। हर दार्शनिक की एक सोच होती है, वह जिंदगी जीने का एक दर्शन बनाता है, उसे ही ज़िंदगी में आगे बढ़ने का दर्शन, आगे बढ़ने का रास्ता बताता है। ओशो हो या कृष्णमूर्ति हो, उनका भी पसंदीदा एक रास्ता है, जिसे ही वह ज़िंदगी जीने का सही रास्ता समझते है। घूम फिर कर वह उसी रास्ते पर बार बार आ जाते है। एक बात साफ है इनके रास्ते में कर्मकांड कहीं नहीं है। यह तर्क और विज्ञान का रास्ता है।


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मैं भी बौद्ध दर्शन से बहुत प्रभावित हूं। राहुल सांकृत्यान ने नरम मंत्रयान के रूप में 400 से 700 ई. तक और गरम मंत्रयान या जिसे वज्रायान कह सकते हैं, उसका समय 800 से 1200 ई० तक माना है। महायान से ही आगे चलकर मंत्रयान, तंत्रयान, वज्रयान आदि पंथ निकले थे। उल्लेखनीय है हीनयान में व्यक्तिगत निर्वाण को प्रमुखता, अष्टांगिक मार्ग की साधना (विपश्यना ध्यान) पर जोर है, वहीं महायान में बोधिसत्व की कल्पना, परोपकार, महामैत्री, महाकरुणा एवं आदर्श अवतार की कल्पना है, जो चोरों तक के दुःखी रहने तक निर्वाण नहीं चाहता। महायानी (माध्यामिक मत के) नागार्जुन का शून्यवाद सभी पदार्थों चित्त और पंच स्कन्धों को भी शून्य मानता था, जबकि मैत्रेय और असंग (जो क्रमशः लगभग 375 व 400 ई. में जन्मे थे) का योगाचार मत (विज्ञानवाद) विज्ञान या चित्त को सत मानता है, शेष सब कुछ असत है। योगाचारियों का यह चित्त अकुशल कर्मों के प्रभाव से, स्मृति, वासना, कल्पना आदि से अशुभ हो जाता है। योगाचार मत ने इसी कारण प्रज्ञा के साथ योग और आचार को महत्ता दी। चौथी शताब्दी के असंग कृत 'प्रज्ञा पारमिता' ही आधार बनी 'गुह्य समाज तंत्र' की। हुआ यह कि युवा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों के एक साथ रहने से ब्रह्मचर्य के पालन में कठिनाईयां आने लगीं और कालान्तर में वे अपना धर्मशास्त्र 'गुह्य समाज तंत्र' लेकर सामने आए । बुद्ध ने कहा था कि न तो भोग से और न कृच्छ साधनाओं से निर्वाण मिलता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए गुह्य समाज तंत्र ने घोषणा की कि सांसारिक सुखों से मुंह मोड़कर शरीर को दंडित करना निर्वाण की राह नहीं है और उन्होंने योग द्वारा समाधि में सफलता के लिए नारी (प्रज्ञा) की पूजा और उसका सहयोग अनिवार्य बताया। गुह्य समाज तंत्र (शास्त्र) की सबसे बड़ी विशेषता बौद्ध धर्म में शक्ति तत्व की प्रतिष्ठा करना है।

# राजपूतों की नाराजगी के ग्राउंड जीरो राजकोट में मुद्दा दिख रहा फीका



राजपुरूष

- केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से उपजा था विवाद, देश भर में हुए थे प्रदर्शन
- रूपाला कड़वा पाटीदार समाज से तो कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पाटीदार

**अमृत विचार।** राजकोट में सात मई के मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है, लेकिन पूरा शहर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की होर्डिंग्स से भरा पड़ा है। इन होर्डिंग्स में शानदार नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एम्स की सौगात मिलना, राजकोट को अहमदाबाद से जोड़ने वाला छह-लेन राजमार्ग, हर घर में नल से पानी, स्मार्ट सिटी की सुविधा जैसे विकास के तमाम बड़े काम पूरे करने की भरमार के साथ आगे और तेजी से विकास के वादे लिखे नजर आते हैं। यहां 22 साल बाद दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के सामने पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के परेश धनानी ने डटकर मुकाबला किया है, ऐसा अधिकतर लोग मानते हैं। लेकिन राजपूतों की भाजपा के नाराजगी के सवाल पर जवाब टाल जाते हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों के उम्मीदवार अमरेली जिले के मूल निवासी हैं और राजकोट में नए चेहरे हैं। परेश धनानी ने 2002 के विधानसभा चुनाव में अमरेली सीट से रूपाला को हराया था।

राजकोट अगर इस चुनाव में हॉट सीट हैं और सभी कि निगाहें टिकी हैं, तो उसकी वजह इस क्षेत्र का इस बार के चुनाव में राजपूतों की भाजपा से नाराजगी का ग्राउंड जीरो बनना रहा है। चुनावी अभियान की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री रूपाला के एक बयान ने पूरे उत्तर भारत में क्षत्रिय समाज के बीच तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि रूपाला ने जल्दी ही माफी मांग ली, इसके बावजूद क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का मुद्दा तमाम लोकसभा सीटों पर सामने आया और भाजपा ने उसे ठंडा करने, क्षत्रियों को मनाने में तमाम ताकत भी लगाई। लेकिन रूपाला को चुनाव मैदान से नहीं हटाया। दरअसल, 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुए अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया था, उन्होंने रुखी समाज (दलित समुदाय) की बड़ाई करते हुए कहा था कि इस समाज ने विदेशी आक्रांताओं के तमाम अत्याचार के बाद भी न तो अपना धर्म बदला और न वैसे पारिवारिक संबंध स्थापित किए, जैसे कि अनेक राजाओं और राजघरानों ने झुक कर बनाए थे। इसके बाद राजपूत समाज में आक्रोश और नाराजगी के स्वर फूट पड़े थे। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। समाज के लोगों ने भाजपा के प्रति निराशा व्यक्त की थी। शासन में उचित हिस्सा नहीं मिलने की बात उठाई थी।

मतदान से पहले राजपूतों की नाराजगी की बात राजकोट लोकसभा क्षेत्र में चर्चा में तो है, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा मुद्दा है, ऐसा नजर नहीं आता है। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर क्षत्रियों का वोट सीमित संख्या में है, इसलिए उनके असंतोष से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद रूपाला और भाजपा ने यहां जमकर आपदा प्रबंधन भी किया है। रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ जाति का जमकर सहारा लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता रूपाला की जीत के लिए दम लगाए हैं। पार्टी की एक खास इकाई ने लोगों के बीच जाकर यह प्रचार किया है कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध की आशंका के मद्दे नजर अन्य प्रमुख जातियों को साध रखा है।

इस सबके बीच कांग्रेस उमीदवार परेश धनानी कहते हैं कि राजकोट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ है। यहां भाजपा ने विकास की परिभाषा को संकुचित करके समुदायों का धार्मिक और जातीय आधार पर ध्रुवीकरण कर दिया है। भाजपा राजकोट में व्यापारिक समुदाय को लुभाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का कार्ड खेल रही है। उनके मुताबिक इस बार लड़ाई सांसद बनने की नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है। मुद्रास्फीति, व्यापार में मंदी और बेरोजगारी है, लेकिन लोगों को इन मूल मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा धार्मिक और जातीय विभाजन कर रही है। आम लोग अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, उन पर झूठे मुकदमे लाद दिये जाते हैं। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के राज्य में देश की विविधता में एकता को नष्ट किया जा रहा है।

### पीएम मोदी के राजनीतिक सफर का हुआ था आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी राजनीतिक सफर का आगाज राजकोट से ही हुआ था। वर्ष 2001 में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह राजकोट सीट से ही उपचुनाव में जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### 18 सीटें ढाई लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं भाजपा

- गुजरात में मंगलवार को तीसरे चरण में 25 सीटों पर वोट पड़ेंगे। सूरत सीट भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा यहां क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाना चाहती है। कांग्रेस इसे रोकने की कोशिश में भले जुटी हो, लेकिन पार्टी का वोट बैंक यहां लगातार गिरावट की ओर है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा आगे रहती थी। यहां तक कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीती थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2019 में गुजरात की 18 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

### 2019 में और बढ़ गया था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 के चुनाव में राजकोट में भाजपा के मोहन कुंडरिया ने 7,58,645 वोट पाकर जीतें थे। कांग्रेस के कगथारा ललितभाई को 3,90,238 वोट मिले थे। 2014 में भाजपा के मोहन भाई कुंदरिया के 5,08,437 वोट और कांग्रेस के कुंवरजी भाई बावलिया ने 3,75,096 वोट पाए थे।


# हरियाणा में इस बार जाति का रंग गाढ़ा

मनोज त्रिपाठी





**अमृत विचार।** हरियाणा में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं नजर आ रही हैं। हालांकि पार्टी ने कांग्रेस और अन्य दलों से काफी पहले अपने प्रत्याशी घोषित करके चुनावी अभियान में बढ़त जरूर बना रखी है। चुनावी रणनीति के तहत ही मुख्यमंत्री बदल दिया था। हालांकि जेजेपी ने साथ छोड़ दिया है, लेकिन 2019 के चुनाव में 1977 के बाद से राज्य के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक 58 फीसदी से अधिक मत हासिल करने से भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। इसके मुकाबले कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में 28.5 प्रतिशत मतों से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मत पर्तिशत बढ़ाकर सीटों का सूखा खत्म करना है। पार्टी इस बार राज्य में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। उधर, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) तथा जननायक पार्टी (जेजेपी) विधानसभा चुनावों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं।

कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए जातीय संतुलन साधा है। पार्टी ने जो नौ उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें दो जाट, दो दलित, दो ओबीसी, एक-एक पंजाबी, ब्राह्मण तथा एक वैश्य प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा ने भी जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधकर एक बार फिर सभी सीटें जीतने की व्यूह रचना की है। पार्टी ने ब्राह्मणों को खास तरजीह दी है। जाट वोट 22 प्रतिशत हैं, उन्हें भाजपा ने दो सीटें दी हैं, तो ब्राह्मण आठ फीसदी होने के बावजूद दो सीटें पाने में सफल रहे हैं। भाजपा ने दो दलित, एक पंजाबी, एक अहीर, एक वैश्य तथा एक गुर्जर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा जातीय संतुलन और जीत की संभावना वाले उम्मीदवार उतारे जाने से राज्य में इस बार तीन हॉट सीट बन गई हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पहले रोहतक और हिसार को हॉट सीट माना जाता था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मैदान में आने से करनाल और उद्योगपित नवीन जिंदल व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के आमने-सामने होने से कुरूक्षेत्र का नाम हॉट सीटों में जुड़ गया है। अब कांग्रेस से पूर्व अभिनेता राज बब्बर के आने से गुरुग्राम सीट चर्चा में है। फिलहाल चुनावी अभियान में जो समीकरण उभर रहे हैं, उनके मुताबिक राज्य की आठ सीटों पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कुरुक्षेत्र समेत दो सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष दिख रहा है, जबकि सिरसा में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर है।




### भाजपा ने बनाई है गैर जाट वोटरों को साधने की रणनीति

- हरियाणा में इस बार भाजपा ने गैर जाट मतदाताओं पर ज्यादा ध्यान दिया है। अंबाला से पूर्व सांसद रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया और सिरसा से पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों सीटें आरक्षित हैं। बंतो कटारिया पहले भी भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं, जबकि अशोक तंवर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और गुरुग्राम सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत यादव चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही ओबीसी समाज से आते हैं। जाटलैंड नाम से मशहूर रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में गैर जाटों को उतारकर भाजपा ने बड़ा राजनीतिक कार्ड खेला है। रोहतक से पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सोनीपत में पूर्व सांसद रमेश कौशिक की जगह ब्राह्मण विधायक मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा गया है। हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से पार्टी ने जाट प्रत्याशी उतारे हैं। कुरुक्षेत्र सीट से अभी तक मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद थे। भाजपा ने यहां से दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकर वैश्य समुदाय को साथ जोड़ने का काम किया है।




**किस दल से किस जाति के प्रत्याशी**

| जाति | भाजपा | कांग्रेस | इनेलो | जेजेपी |
|---|---|---|---|---|
| जाट | 2 | 2 | 4 | 5 |
| गुर्जर | 1 | 1 | – | – |
| अहीर | 1 | 1 | – | 2 |
| वैश्य | 1 | 1 | – | – |
| ब्राह्मण | 2 | 1 | 2 | – |
| दलि | 2 | 2 | 2 | – |
| पंजाबी | 1 | 1 | – | – |
| सैनी | – | – | – | 1 |
| मराठा | – | – | 1 | – |

**10** लोकसभा की सीटें हैं राज्य में

**25** मई को छठे चरण में मतदान

**1.98** करोड़ से अधिक हैं मतदाता

**3.63** युवा पहली बार डालेंगे वोट

### कांग्रेस में हुड्डा का वर्चस्व, जातीय संतुलन


- कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से श्रुति चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती की जगह राव दान सिंह को उतारा है। वह हुड्डा के करीबी हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ बंसीलाल के परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती रही है। लेकिन इस बार पार्टी ने जाट समुदाय से आने वाले मौजूदा भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के खिलाफ ओबीसी समुदाय के सदस्य को मैदान में उतारते हुए अपनी रणनीति बदल दी है। कांग्रेस ने बृजेंद्र सिंह को हिसार सीट से मैदान में नहीं उतारा। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हिसार से 2019 का संसदीय चुनाव जीता था। इसी साल मार्च में वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश को हिसार से मैदान में उतारा है। अंबाला से पार्टी ने मौजूदा विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है। वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूल चंद मुलाना के बेटे हैं, जो लंबे समय से हुड्डा के सहयोगी रहे हैं। सोनीपत से हुडा के सहयोगी सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा और जय प्रकाश जाट समुदाय से हैं, जबकि अन्य दो राव दान सिंह और महेंद्र प्रताप ओबीसी वर्ग से हैं। कुमारी शैलजा और वरुण चौधरी अनुसूचित जाति से हैं, जबकि सतपाल ब्रह्मचारी ब्राह्मण हैं। करनाल से उतरे बुद्धिराजा पंजाबी समुदाय से हैं।

**2019 में मिलीं सीटें**

| भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|
| 10 | 00 |

**2014 का परिणाम**

| भाजपा | इनेलो | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 07 | 02 | 01 |



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रानौत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। कहा कि आज भारत की कमान सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बताया। कहा कि कंगना मंडी का विकास करेंगी। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का गुणगान किया।

## भाजपा ने पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज पर लगाया है दांव

# अभेद्य किला बचाने और जीतने की जंग में एसटी वोटर हथियार

सरगुजा संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

- कांग्रेस ने शशि सिंह को सौंपा है अजेय किले को जीतने का जिम्मा



**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ प्रांत की सरगुजा लोकसभा सीट भजपा का अजेय किला है। 2004 से पार्टी लगातार यहां जीत रही है। इस चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को जीतने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने युवा नेता शशि सिंह को सौंपा है तो भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले बगावत कर भगवा खेमे में आए चिंतामणि महाराज पर दांव लगाया है। चिंतामणि महाराज पूर्व विधायक रहे हैं तो शशि सिंह के पिता पूर्व मंत्री। इस चुनाव में स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस मुद्दा तो बनाना चाहती है पर राष्ट्रीय मुद्दों के शोर में स्थानीय मुद्दे दब से गए हैं। मोदी की गारंटी का शोर तो यहां सुनाई देता है पर भाजपाई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी खूब भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह भी है। वनवास के समय प्रभु राम यहां भी कुछ समय तक रहे थे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को भी हवा दे रही है।




2019 में भाजपा नेता रेणुका सिंह यहां सांसद बनीं थीं। उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका भी मिला। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने भरतपुर- सोनहत से विधानसभा का टिकट दिया और वह विधायक बन गईं। ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस बार लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का भी प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। सरगुजा सीट भाजपा जीते इसकी जिम्मेदारी रेणुका सिंह को भी दी गई है। वैसे भाजपा में इस सीट से टिकट के कई दावेदार थे लेकिन बाजी चिंतामणि महाराज के हाथ लगी। इसी शर्त पर ही वे भाजपा में शामिल हुए थे। इस क्षेत्र में उनका जबरदस्त प्रभाव माना जाता है। वह सामरी से विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था इससे नाराज होकर वे भाजपा में आए थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राहुल गांधी की खास युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह को मैदान में उतारा है। वह जिला पंचायत की सदस्य हैं। उनके पिता तुलेश्वर सिंह अजित जोगी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कंवर और गोंड जनजाति के मतदाता यहां हर बार बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस जाति के मतदाताओं पर हर दल की निगाह है।

### विधानसभा की सभी आठ सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी आठ सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। यहां की रामानुजगंज सीट से विधायक राम विचार नेता तो प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इससे पहले रमन सरकार में भी वे मंत्री पद पर रह चुके हैं।

### स्थानीय समस्याएं कम नहीं, पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी

- यहां बनाए गए एयरपोर्ट को चालू करने की मांग हो रही है पर अभी तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसी तरह पड़ोसी राज्यों को जोड़ने के लिए रेल सुविधा का अभाव। दिल्ली के लिए हफ्ते में एक बार ट्रेन की सुविधा है तो अंबिकापुर से रेनुकूट रेल मार्ग व बरवाडीह रेल मार्ग को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी अभी तक काम नहीं हो पाया है। हालांकि चुनाव में इन मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ रहे हैं। कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का आरोप बड़ी तेजी से लगा रही है तो भाजपा यह बताने में जुटी है कि न संविधान बदलेगा न आरक्षण खत्म होगा।

# उत्साह तो दिख नहीं रहा, क्या दौड़ रहा कोई अंडर करंट

दिग्विजय सिंह

- मौसम गर्म लेकिन चुनावी माहौल नजर आ रहा ठंडा
- नारे व मुद्दे कम नहीं पर 2014 व 2019 वाला जोश है नदारद
- आरोप-प्रत्यारोप ने रोचकता बढ़ाई पर चर्चाएं बेनतीजा निकल रहीं

**अमृत विचार।** मौसम गर्म है, पर चुनाव ठंडा। 40 डिग्री से ऊपर तापमान में लू का तो असर है, पर लहर गायब है। नारे और मुद्दे कम नहीं हैं, लेकिन माहौल 2014 और 2019 वाला नहीं है। चौपालों और चाय-पान की दुकानों पर चर्चा है, दोनों गठबंधनों के आरोप-प्रत्यारोप को लेकर रोचकता है, लेकिन बहस-मुबाहिसा बेनतीजा है। ऐसा लगता है, जैसे वोटर पहले से मन बनाए बैठा है कि उसे किसे वोट देना है या फिर उसे पता है कि इस बार चुनाव का नतीजा क्या रहने वाला है। क्या इसी कारण ऊपर से उदासीनता नजर आ रही है, लेकिन मतदाता के मन में अंडर करंट दौड़ रहा है। हकीकत क्या है, इसका इशारा तो मंगलवार को तीसरे चरण में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले मतदान से मिलेगा। लेकिन जमीनी हालात दो-तीन सीटों को छोड़कर बाकी जगह कुछ ऐसे नजर आ रहे हैं, जैसे उत्साह में कहीं कोई कमी रह गई है।

प्रदेश में पहले दो चरणों में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव से कम वोट डाले गए थे। इस बार चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तमाम जतन किए हैं। वोटर को बूथ तक पहुंचाने के लिए प्रत्याशियों के साथ चुनाव संचालन समितियों ने नए सिरे से रणनीति तय की है। यह सारी कवायद कितनी सफल रही, इसका खुलासा तीसरे चरण में मंगलवार को होने वाले मतदान के आंकड़ों से ही होगा, लेकिन जिस तरह रविवार शाम प्रचार बंद होने के बाद सोमवार को पूरे दिन मतदान वाली सभी दस लोकसभा सीटों पर नेताओं, प्रत्याशियों और उनकी बूथ मशीनरी में सिर्फ एक ही चिंता अपने-अपने वोटर को अधिक से अधिक संख्या में बूथ तक पहुंचाने की नजर आयी, उससे यह कहना बेमानी नहीं होगा कि जीत का भरोसा मजबूत करने के लिए हर उम्मीदवार का गुणा-गणित वोटर पर ही आकर अटक गया है।



बड़ा सवाल

## 10 का दम, मतदाता बना चुके मन

- एक केंद्रीय मंत्री के साथ योगी सरकार के दो मंत्रियों की प्रतिष्ठा का फैसला तो सपा के लिए अग्नि परीक्षा

**अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण में मंगलवार को 10 लोकसभा सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हाथरस, संभल, आंवला, बरेली, बदांयू और एटा में वोट डाले जाएंगे। प्रमुख प्रत्याशी आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, मैनपुरी से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, हाथरस में प्रदेश सरकार के एक और मंत्री अनूप वाल्मीकि तथा एटा में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह हैं। इस चरण में सपा की अग्नि परीक्षा है। सपा महासचिव रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद से तो शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव बदांयू से मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में इस चरण की दस सीटों में मैनपुरी और संभल को छोड़कर आठ सीटें भाजपा ने जीती थीं। इस बार इंडिया गठबंधन की ओर से सपा नौ सीटों पर जबकि कांग्रेस एक सीट फतेहपुर सीकरी में चुनाव लड़ रही है। भाजपा सभी 10 सीटों पर मैदान में है।



**2022** मैनपुरी सीट पर मुलायम सिंह के निधन के बाद डिंपल यादव जीत चुकीं हैं उपचुनाव

**नये चेहरे** आगरा लोकसभा सीट पर दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री के सामने सपा और बसपा ने उतारे हैं नये उम्मीदवार

### एटा में जीत की राह बनी थोड़ी पेचीदा

- एटा में पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। सपा द्वारा यादव के बजाय देवेश शाक्य को मैदान में उतारने से भाजपा को थोड़ी मुश्किल पेश आयी है। लेकिन बसपा प्रत्याशी इरफान ने सपा के जीत के गुणा-भाग को पेचीदा बना दिया है।

### आंवला में कड़े मुकाबले के आसार

- भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप यहां हैट्रिक लगाने के इरादे से फिर से मैदान में हैं। लेकिन सपा ने नीरज मौर्य को मैदान में उतारकर कड़ी टक्कर दी है। यहां मौर्य वोटरों की भारी संख्या है। भाजपा के लिए राहत की सांस बसपा के आबिद अली बने हैं, जो साइकिल की रफ्तार रोकने के लिए मजबूती से डटे रहे हैं।

### संभल में उलझे दिख रहे समीकरण

- संभल में समीकरण उलझे नजर आ रहे हैं। सपा के जियाउर्रहमान बर्क और भाजपा के पुराने दिग्गज परमेश्वर लाल सैनी के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आया है। लोग मान रहे हैं कि बसपा से उतरे पूर्व विधायक सौलत अली ने मामला फंसा दिया है। वह सपा के वोटों में सेंध लगा रहे हैं।

### बरेली में चुनाव ध्रुवीकरण की तरफ

- बरेली में जीत की राह ध्रुवीकरण की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। यहां बसपा प्रत्याशी के मैदान से बाहर होने के कारण भाजपा-सपा में सीधी लड़ाई है। भाजपा से सांसद संतोष गंगवार की जगह आए कुर्मी बिरादरी के ही छत्रपाल गंगवार की सपा के प्रवीण सिंह ऐरन से कड़ी टक्कर है।

### बदायूं में तीसरे कोण से संघर्ष रोचक

- भाजपा से मौजूदा सासंद की जगह मैदान में आए दुर्विजय सिंह का मुकाबला सपा नेता शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव से है। आदित्य पहला चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने मुस्लिम खां पर दांव लगाकर चुनाव रोचक बना दिया है। बसपा का समीकरण राह में रोड़े न अटका दे, इसे लेकर सपा में खासी बेचैनी है।

### मैनपुरी में विरासत या बदलाव

- हाई प्रोफाइल बनी इस सीट पर मुलायम सिंह यादव की विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी रही है। भाजपा से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह की चुनौती के चलते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को साइकिल गांव-गांव में दौड़ानी पड़ी है। बसपा के शिवप्रसाद यादव से यादव मतों में सेंधमारी बचाने से जूझना पड़ा है।

### आगरा में केंद्रीय मंत्री का इम्तिहान

- आगरा से 2019 में भाजपा से चुने गए केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल की प्रतिष्ठा फंसी है। सपा और बसपा ने जाटव समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं। दोनों ही नए चेहरे हैं। बसपा से पूजा अमरोही प्रत्याशी हैं। सपा के सुरेश चंद कर्दम ने कड़ी चुनौती पेश की है। ऐसे में बघेल की प्रतिष्ठा की परीक्षा चुनाव में हो रही है।

### फतेहपुर सीकरी में बसपा का फंसाव

- भाजपा ने दिग्गज राजकुमार चाहर को फिर से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व फौजी रामनाथ सिकरवार पर दांव लगाया है। उनकी इलाके में अपनी पहचान है। भाजपा विधायक के पुत्र मैदान में उतरकर चाहर का विरोध कर रहे हैं। उधर, बसपा के रामनिवास शर्मा भाजपा और कांग्रेस को परेशान कर रहे हैं। उनका समीकरण खेल बिगाड़ सकता है।

### हाथरस में वोटों की सेंधमारी का खेल

- भाजपा ने यहां भी टिकट बदलकर योगी सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को मैदान में उतारा है। उनकी राह रोकने के लिए सपा ने जसवीर वाल्मीकि को चुनावी रण में उतार दिया। बसपा के हेमबाबू धनगर भी शिद्दत से डटे हैं। यहां मुकाबले का ताना-बाना कुछ इस तरह बुना गया है कि सभी एक-दूसरे की राह में रोड़े अटकाते नजर आ रहे हैं।

### फिरोजाबाद में त्रिकोणीय मुकाबला

- भाजपा ने टिकट बदलकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को उतारा था। सपा से वर्ष 2014 में चुनाव जीते अक्षय यादव उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। पिछली बार सपा में फूट के बावजूद भाजपा यह सीट कम अंतर से जीत पाई थी। बसपा ने चौधरी बशीर को टिकट देकर सपा को झटका देने की कोशिश के साथ ही अलग राह बनाने की कवायद की है।

## परवान चढ़ेगा प्रयोग या साइकिल फिर होगी पंचर

**चुनाव डेस्क।** पहले 2017 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी नतीजों में फेल होने फिर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के साथ मिलकर लड़ने के बावजूद सपा को मनमाफिक सफलता नहीं मिली थी। उसके खाते में सिर्फ पांच सीटें ही आई थीं।

इसके चलते इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल इंजीनियरिंग का नया प्रयोग किया है। इसमें सिर्फ अपने परिवार को छोड़कर किसी यादव को टिकट नहीं दिया है। 2019 में सपा ने प्रदेश में 37 सीटों पर चुनाव लड़ा था। तब उसने एम-वाई समीकरण के तहत सर्वाधिक प्रत्याशी यादव फिर मुस्लिम उतारे थे। सपा के 27 प्रतिशत प्रत्याशी यादव और 11 प्रतिशत मुस्लिम थे।

कुर्मियों को सिर्फ आठ प्रतिशत टिकट दिए थे। इस बार यादव प्रत्याशियों का हिस्सा सिर्फ 7 फीसदी है, जबकि कुर्मी-पटेल प्रत्याशी 16 प्रतिशत, पासी समाज के 11 प्रतिशत, कुशवाहा-शाक्य-सैनी समाज के 10 प्रतिशत, जाटवों के भी 10 प्रतिशत, निषाद समाज के 8 प्रतिशत और मुस्लिम प्रत्याशी सिर्फ 6 प्रतिशत ही उतारे हैं। इसके मुकाबले प्रदेश में भाजपा 75 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने 21 प्रतिशत ब्राह्मण और 17 प्रतिशत ठाकुर प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी के 8 प्रतिशत उम्मीदवार कुर्मी हैं। भाजपा ने लगभग ऐसी ही रणनीति वर्ष 2019 के चुनाव में भी अपनायी थी, तब ब्राह्मण प्रत्याशी 22 प्रतिशत और ठाकुर प्रत्याशी 18 प्रतिशत उतारे थे। कुर्मी समाज के 9 प्रतिशत प्रत्याशी थे।



इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस नार्थ ईस्ट दिल्ली से उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। कहा कि देश का विकास इंडिया गठबंधन ही कर सकता है।

## आजमगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी की रैली कराने की तैयारी

**चुनाव डेस्क।** आजमगढ़ लोकसभा सीट भाजपा के लिए नाक का सवाल बन गई है। ऐसे में भाजपा यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की तैयारी कर रही है। उप चुनाव में इस पर भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीते थे। जबकि 2019 में उन्हें सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आजमगढ़ जिले की ही लालगंज लोकसभा सीट भी भाजपा पिछले चुनाव में हार गई थी। तब बसपा की संगीता आजाद यहां से जीतीं थीं। घोसी संसदीय सीट भी बसपा के कब्जे में गई थी। बसपा के अतुल राय यहां से जीते थे। इस बार सपा ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव तो भाजपा ने दिनेश लाल यादव को पुनः मैदान में उतारा है। लालगंज से भाजपा ने पूर्व सांसद नीलम सरोज तो सपा ने पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज पर दांव लगाया है।

## भाजपा से पुराने चेहरे, सपा ने लगाया है ओबीसी-दलित दांव

चुनाव डेस्क



- 2019 में चौथे चरण की सभी सीटों पर खिला था कमल, विपक्ष के हाथ एक भी सीट नहीं लगी थी
- भाजपा प्रत्याशी सभी 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन से सपा 11 और कांग्रेस दो सीटों पर मैदान में
- सपा के प्रत्याशियों में पांच दलित समाज, चार ओबीसी वर्ग और दो सवर्ण जाति से
- भाजपा ने 13 में से 11 सीटों पर मौजूदा सांसद उतारे, कानपुर बहराइच में नए प्रत्याशी

**अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण के मतदान के बीच चौथे चरण के चुनाव वाली 13 लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। रुहेलखंड से लेकर सेंट्रल यूपी तक फैला यह चरण भाजपा का गढ़ माना जाता है। पिछली बार 2019 में भाजपा ने सभी 13 सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी ने एक बार फिर सभी सीटें जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सारी कोशिश इस बार भाजपा से कुछ सीटें छीनने की ही नजर आ रही है। सपा के 11 प्रत्याशियों में पांच दलित, चार ओबीसी और दो सवर्ण हैं। भाजपा ने 13 में से 11 पुराने चेहरों पर ही दांव लगाया है। केवल कानपुर और बहराइच में नए प्रत्याशी को मैदान में उतारा है।

चौथे चरण के मतदान वाली 13 सीटों पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, खीरी, फर्रूखाबाद, हरदोई ,कन्नौज, कानपुर, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव लोकसभा सीट पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्नाव से साक्षी महाराज, खीरी से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होना है। विपक्ष के लिहाज से यह चरण बेहद अहम है। बीते चुनाव में यही अकेला ऐसा चरण था, जिसमें विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिली थी। भाजपा ने सभी 13 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। जबकि इंडिया गठबंधन से सपा 11 और 2 सीटों सीतापुर और कानपुर में कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में कन्नौज, मिश्रिख और इटावा लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी 10 सीटें 12 से लेकर 32 प्रतिशत मतों के अंतर से जीती थीं। इस बार चौथे चरण की सभी सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले में नजर आ रही हैं। तीन से चार सीटों पर बसपा लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में लगी है।

कन्नौज संसदीय सीट

## समाजवाद के गढ़ में मोदी की गारंटी बनाम विरासत की जंग

- सपा मुखिया अखिलेश यादव और भाजपा के सुब्रत पाठक ठोक रहे ताल
- बसपा प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में नहीं छोड़ रहे कोई कसर

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज का नाम आते ही इत्र की खुशबू दिलो दिमाग में छा जाती है। इत्र ही इस नगरी की पहचान है। समाजवाद के गढ़ में 1996 के बाद 2019 में कमल खिला। तब सुब्रत पाठक सांसद बने, लेकिन इस बार राह आसान नहीं दिख रही है। सुब्रत के सामने खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं तो बसपा से इमरान बिन जफर ने ताल ठोक रखी है। हालांकि मुख्य मुकाबला तो सपा और भाजपा के बीच है, लेकिन बसपा की कोशिश है कि किसी तरह इसे त्रिकोणीय बनाया जाए। अखिलेश जहां 2019 में पत्नी डिंपल यादव को मिली हार का बदला लेने को व्यग्र दिख रहे हैं तो सुब्रत पाठक की कोशिश है कि इस सीट पर मोदी की गारंटी के सहारे वे जीत दर्ज कर भगवा रंग को और गाढ़ा कर दें। कमल खिलेगा या वर्षों से अखिलेश यादव हार का बदला ले पाएंगे यह तो मतदाताओं को तय करना है फिलहाल इस सीट पर लड़ाई रोमांचक दिख रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि पीएम नरेंद्र मोदी कन्नौज मुख्यालय पर सभा करेंगे पर इस बार उनके हाथ निराशा लगी है।

कन्नौज की पहचान पूरी दुनिया में इत्र के कारोबार को लेकर है। कभी यहां के लोगों ने फ्रांस की ग्रासे सिटी जैसा बनाने का सपना दिखाया गया तो कभी विकसित कन्नौज का लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। अब फिर से वादों की झड़ी लगाई जा रही है। अब देखना यह है कि किसके वादे मतदाताओं के दिल में उतरते हैं और वे उसे अपना सांसद चुनते हैं। फिलहाल चुनाव में राम और मुफ्त राशन की गूंज है तो बेरोजगारी और संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने देने का शोर भी। सबके अपने- अपने दावे भी हैं। मतदाता तो खामोश है वह यह बताने को तैयार नहीं वोट किसे देना है। अखिलेश यादव का रोड शो हो या सीएम योगी आदित्यनाथ की रैली भीड़ तो हर जगह जुट रही है पर भीड़ वोट में कितना बदलेगी इसका अंदाजा लगा पाना बड़े बड़े धुरंधरों के लिए कठिन हो रहा है।

### लोहिया और उनके शिष्य मुलायम भी यहां से बने सांसद

डॉ. राममनोहर लोहिया हों या मुलायम सिंह यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शिला दीक्षित इस सीट से सांसद बन चुकी हैं। यहां तक कि अखिलेश यादव भी जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। अब यहां से चौथी बार मैदान में हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया तो 1967 के चुनाव में यहां से सांसद बने थे। हालांकि जब 1971 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस को यहां से जीत मिली। आपात काल लगाए जाने से नाराज यहां के मतदाताओं ने 1977 में कांग्रेस को नकार दिया तो फिर कांग्रेस को उबरने में काफी समय लगा। यहां से जनता पार्टी के टिकट पर 1977 में रामप्रकाश त्रिपाठी जीते तो 1980 के चुनाव में छोटे सिंह यादव सांसद बने। हालांकि जब 1984 का चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को उतारा और फिर क्या था यहां के मतदाता हाथ के साथ हो गए। शीला सांसद बन गईं। 1989 और 1991 की रामलहर में भी यहां के मतदाताओं ने समाजवाद को नहीं छोड़ा। दोनों ही चुनावों में छोटे सिंह यादव जनता दल के टिकट पर जीते, लेकिन 1996 की राम लहर में यहां से चंद्रभूषण सिंह भाजपा से सांसद बनने में कामयाब हो गए। इसके बाद भाजपा हो या कांग्रेस और बसपा मैदान में प्रत्याशी उतारे जरूर पर सफलता के लिए तरस गए। यहां तक की 2014 की प्रचंड मोदी लहर में भी यहां के मतदाता सपा के साथ रहे और उन्होंने डिंपल यादव को ही सांसद चुना। 2012 के उप चुनाव में भी डिंपल यहां से जीती थीं तब यह सीट अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई थी।



### युवा मतदाताओं पर सपा की निगाह

- समाजवादी पार्टी की निगाह युवा और नए मतदाताओं पर है। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव लगातार बेरोजगारी का मुद्दा इसी लिए उठा रहे हैं ताकि युवाओं को वे अपने से जोड़कर खुद की जीत सुनिश्चित कर सकें। भाजपा में बाहर से भले ही अंतरकलह नहीं दिख रही है लेकिन अंदरखाने भितरघात भी खूब हो रही है। सपा के लोग नाराज और खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को साधने में लगे हुए हैं। ऐसे नेताओं की बकायदा सूची तैयार की गई है जो सांसद से नाराज हैं और गाहे बगाहे अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे हैं।

### बसपा की मजबूती में खुद का फायदा देख रही सपा

- बसपा ने वैसे तो कानपुर निवासी इमरान बिन जफर को उम्मीदवार बनाया है। इसलिए उन पर बाहरी को होने का ठप्पा है। इमरान और उनकी टीम लगातार अनुसूचित जाति की बस्तियों में भ्रमण कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि भाजपा में जा चुके उनके परंपरागत मतदाता यदि पार्टी के साथ आएंगे तो इमरान चुनाव जीत सकते हैं। जबकि सपा इसमें अपना फायदा देख रही है। भाजपा की मजबूती की वजह ही बसपा के परंपरागत मतदाता बन गए हैं। ऐसे मतदाता जितनी ज्यादा संख्या में बसपा में लौटेंगे उतना ही फायदा सपा को होगा।

### अखिलेश यादव के नाम जीत की हैट्रिक का रिकार्ड

- इस सीट पर 1998 में सपा के टिकट पर प्रदीप यादव जीते थे। हालांकि जब 1999 का चुनाव हुआ तो सपा प्रमुख मुलायम सिंह खुद मैदान में उतरे। मतदाताओं ने उन्हें सिर माथे पर बिठाया। वे भी सांसद बने। इसके बाद उन्होंने इस सीट को अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप दिया। 2000 के उप चुनाव में पहली बार अखिलेश यादव यहां से सांसद बने और फिर 2004 और 2009 में भी जीते। 2012 में मुख्यमंत्री बनने के बाद त्यागपत्र दिया तो पत्नी डिंपल को विरासत सौंप दी। डिंपल भी यहां से 2014 में भी जीतीं पर 2019 में हार गईं।

**1977** में कांग्रेस को नकार दिया तो फिर उबरने में काफी समय लगा

**2014** की मोदी लहर में भी यहां के मतदाता सपा के साथ रहे

### छह में से पांच सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में कानपुर देहात की रसूलाबाद, औरैया की बिधूना और कन्नौज की छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज विधानसभा सीट है। बिधूना पर सपा का कब्जा है। इस सीट पर सपा की रेखा वर्मा विधायक हैं। जबकि अन्य सीटों पर भाजपा काबिज है। कन्नौज सीट से विधायक असीम अरुण राज्य सरकार में मंत्री भी हैं। ऐसे में इस सीट पर जीत दिलाना उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है।

### उप चुनाव में डिंपल निर्विरोध जीतीं थीं

- 2012 के उप चुनाव में डिंपल यादव को सपा ने टिकट दिया था। इस चुनाव में उन्हें भाजपा, बसपा और कांग्रेस के किसी उम्मीदवार ने पर्चा ही नहीं भरा था परिणाम स्वरूप वह निर्विरोध जीत गईं थीं।

## चुनावी चक्कर

**● कैसा होगा श्याम रंगीला का राजनीतिक रंग?:**

नाम है श्याम रंगीला। नाम ही नहीं काम भी इनका कुछ ऐसा ही है। दरअसल, श्याम रंगीला कॉमेडियन हैं और मोदी की मिमिक्री के बूते चर्चा में रहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी विशेष पहचान बना रखी है। रंगीला की चर्चा फिलहाल लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उतरने की है। वह राजस्थान से वाराणसी के लिए रवाना भी हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करके लिखा कि घर से निकलने से पहले दादी और पापा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह स्थानीय ग्रामीणों से भी आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। तीन दिन पहले भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके श्याम रंगीला ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुनने की वजह भी बताई थी। कहा था कि देश में ऐसा माहौल बन गया कि विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार टिकट लौटा रहे हैं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता। बहरहाल, वाराणसी पहुंचकर श्याम रंगीला का रंग वैसा ही रहता है या बदलता है, यह तो वक्त ही बताएगा।

**● जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर इनाम!**

फतेहपुर सीकरी में जनसभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक शख्स ने जूता फेंक दिया था। अब स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी के प्रत्याशी द्वारा जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपए इनाम का ऐलान किया गया। पार्टी के प्रत्याशी द्वारा बाकायदा वीडियो जारी करके इसके लिए ऐलान किया गया है। जारी वीडियो में पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद द्वारा कहा गया कि धर्मेंद्र धाकड़ ने हमारे नेता पर काली स्याही फेंकी थी, काले झंडे भी दिखाए थे।

# श्रीकला का टिकट कटने से गर्माई पूर्वांचल की राजनीति

### जौनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को दे रही थीं कड़ी टक्कर

### टिकट कटा, काटा या कटवाया गया दिन भर होती रही चर्चा

### टिकट कटने के पीछे कई थ्योरी पर होती रहीं चर्चाएं

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** जौनपुर से बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला का टिकट कटने के बाद पूर्वांचल का राजनीतिक पारा अचानक चढ़ गया। भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने और लगभग जीत के आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर अचानक रणभूमि से ही बाहर होना अब खासा चर्चा का विषय बन गया है। श्रीकला का टिकट क्यों कटा ?, किसके कहने पर कटा ?, क्या बीएसपी भाजपा की मदद कर रही है ?, राजा भइया को अमित शाह ने क्यों बुलाया ? जेल जाते ही धनंजय सिंह को लारेंस विश्नोई गैंग से क्यों जोड़ा गया ? और धनंजय सिंह को जमानत मिलते ही श्रीकला का प्रचार अचानक कैसे धीमा पड़ गया ?.... जैसे प्रश्न पूर्वांचल, अवध और राजधानी की राजनीतिक गलियारों में गूंज रहे हैं। उत्तर की तलाश में सभी पार्टियां और जनता है। सोशल मीडिया और एक्स पर भी टिकट कटने की घटना लगातार ट्रेंड कर रही है।



**थ्योरी-1** धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने पर भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को काफी नुकसान पहुंचने का अनुमान था। क्योंकि धनंजय का जौनपुर में मजबूत पकड़ है। क्षत्रिय वोटों का बंटवारा तय था। सपा ने यहां पीडीए फार्मूले के तहत बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। इस सीट पर यादव, मुस्लिम और कुशवाहा वोटर्स की ठीक-ठाक आबादी है। यादव और मुसलमान वोट सपा के साथ जुड़ा है, तो कुशवाहा वोटर में बाबू सिंह की अच्छी पकड़ है। पिछली बार गाजीपुर उनकी पत्नी बहुत कम अंतर से चुनाव हारी थीं।

**थ्योरी-2** कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा ने क्षत्रिय लॉबी का सहारा लेकर धनंजय सिंह पर दबाव बनाया था। हाल ही में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह से हुई थी। इसके बाद बस्ती से जुड़े बड़े नेता राजकिशोर सिंह भाजपा में शामिल हुए। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई। बताया जा रहा है कि क्षत्रिय नेताओं ने भी धनंजय सिंह को पीछे हटने का काफी दबाव बनाया।


**थ्योरी-3** बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा दिए गए भाषणों में भाजपा सरकार को टारगेट किया जा रहा था। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे में आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। कहना है कि सरकार आकाश आनंद को लगातार घेर रही थी। ऐसी स्थित में बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक अदृश्य दबाव महसूस किया जाने लगा था। रविवार की देर रात बसपा का कोआर्डिनेटर धनंजय सिंह के घर पर स्वयं मौजूद थे। टिकट कटने के पहले उसकी धनंजय सिंह से लंबी वार्ता हुई है।

**थ्योरी-4** दूसरी चर्चा यह है कि धनंजय सिंह की गतिविधियों को तिहाड़ जेल में बंद लारेंस विश्नोई से जोड़ने की कोशिश हुई। इसके बाद जांच एजेंसियां भी सक्रिय हुई। इसके बाद धनंजय सिंह ने अपने कदम भी पीछे किए।

### जिसको चाहूंगा वही बनेगा सांसदः धनंजय

इस पूरे घटनाक्रम में धनंजय सिंह बसपा पर भड़के रहे। उन्होंने कहा कि जौनपुर ही एक मात्र सीट थी जो बसपा के खाते में जा रही थी। कहा कि बसपा नेताओं के बयानों को लेकर वह आहत हैं। वह किसी से डरने वाले नहीं है। पहले भी मेरे ऊपर तमाम झूंठे मुकदमें दर्ज किए गए, लेकिन मैं डरा और डिगा नहीं। पहले भी मुकदमें लादकर मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया, आज भी वही हो रहा है। यह भी तय है कि जौनपुर से वही जीतेगा जिसे हम चाहेंगे। बसपा सिर्फ जौनपुर सीट की वजह से चर्चा में थी। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में भी मेरे ऊपर मुकदमें लादे गए क्या मैं उनसे डरा। अब हम आगे क्या करने वाले हैं इसका निर्णय हम लोग बैठकर लेंगे। अभी तत्काल मैं कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने कहा कि बसपा को टिकट नहीं काटना चाहिए था। बसपा कोआर्डिनेटर भी झूंठ बोल रहे हैं।

## अपनी ढपली अपना राग



मोदी जी ने आतंकवाद का खात्मा कर दिया। आज हमारे देश में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। –योगी आदित्यनाथ



आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुन: विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। – मनोज सिन्हा



कोई राजपाट नहीं है कि पिता छोड़ेंगे पुत्र राजा बन जाएंगे। यह लोकतंत्र है। जनता जिसको आशीर्वाद देगी, वहीं नेतृत्व करेगा। – ब्रजेश पाठक



वे शहजादे नहीं शहीदजादे हैं, गठबंधन के प्रत्याशियों को अवाम का जबर्दस्त समर्थन मिलते हुए देख रहा हूं। – अविनाश पाण्डेय


# रायबरेली व अमेठी में प्रियंका की अग्निपरीक्षा

## कांग्रेस जिला संगठन की कमजोरी को भांप चुनाव तक रहेंगी सक्रिय

### जनता के बीच जाकर पारिवारिक रिश्तों की डोर को करेंगी मजबूत

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** 2024 लोकसभा चुनाव आने वाले भविष्य को तय करेगी। अमेठी हो या फिर रायबरेली। कांग्रेस का गढ़ एक जगह से ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में पार्टी किसी भी कीमत पर अमेठी की सीट जीतना चाहती है। वहीं रायबरेली से राहुल गांधी मैदान में है। स्वाभाविक है ये सीटें कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इन दोनों सीटों पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इन सबके बीच यदि किसी की अग्निपरीक्षा है तो वह प्रियंका गांधी वाड्रा।



वह भले ही चुनाव मैदान में नहीं हैं, लेकिन हमेशा की तरह अपनी पार्टी की बतौर स्टार प्रचारक हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने दोनों लोकसभा चुनाव की बागडोर अपने हाथ में लिया था। इसमें अमेठी में राहुल को हार का सामना करना पड़ा। वहीं रायबरेली में सोनिया गांधी को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। यह तब हुआ, जब प्रियंका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

इसकी वजह कहीं ना कहीं संगठन का कमजोर होना माना जा रहा है। जीत के बाद जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों की स्थिति किसी से छिपी नहीं हुई है। पूरे समय तक सिर्फ कार्यालय तक ही सिमटे रहे। एक ओर जहां भाजपा बूथ स्तर पर लगातार पकड़ मजबूत बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस धरातल पर कम कागजों पर ज्यादा सक्रिय रही। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऐसे में संगठन के भरोसे जीत का दम भरना दिवास्वप्न से कम नहीं है। यही वजह है कि माहौल को भांपते हुए प्रियंका ने खुद ही मोर्चा संभालने का निर्णय लिया है।

### संगठन की सक्रियता न के बराबर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बात करने से पहले अगर विधानसभा में पार्टी उम्मीदवारों को मिले मतों को देखे तो साफ पता चलता है कि जिले में संगठन की सक्रियता न के बराबर है। शुरू सदर विधानसभा से करते हैं। यहां पर प्रतिष्ठित डा. मनीष चौहान को उतारा गया। संगठन से कम उन्हें अपना व्यक्तिगत मत ज्यादा मिला। पूरे चुनाव में मेहतन के बावजूद महज 6.50 प्रतिशत मत ही प्राप्त कर सके। वहीं सबसे खराब दशा ऊंचाहार विधानसभा की रही। यहां पर अतुल सिंह को महज 4.71 मत से संतोष करना पड़ा। इसी तरह हरचंदपुर विधानसभा से सुरेंद्र विक्रम सिंह को 8.05, सरेनी विधानसभा से सुधा द्विवेदी को 19.71 और बछरावां से सुशील पासी को सबसे अधिक 27.13 प्रतिशत मत मिले।

### विस चुनाव में मिले डेढ़ लाख से कम मत

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भले ही दम भर रहे हों, लेकिन वह कितने प्रभावशाली रहे वह विधानसभा चुनाव के आंकड़ों से साफ पता चलता है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख से भी कम मत मिले। इसमें पार्टी के कम व्यक्तिगत प्रत्याशी के ज्यादा रहे। यदि बछरावां और सरेनी विधानसभा में संगठन की भूमिका सक्रिय रहती तो जरूर प्रत्याशी को जीत हासिल होती। डा. मनीष चौहान, अतलु सिंह और सुरेंद्र विक्रम सिंह को शर्मिंदगी का सामना ना करना पड़ता।

### विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को मिले मत

| विधानसभा | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| सदर | डा. मनीष चौहान | 14,954 |
| सरेनी | सुधा द्विवेदी | 42,702 |
| ऊंचाहार | अतुल सिंह | 9,985 |
| हरचंदपुर | सुरेंद्र विक्रम सिंह | 16,230 |
| बछरावां | सुशील पासी | 56,835 |

## 7वें चरण में 13 लोस व एक विस सीट के लिए आज से नामांकन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊः** सातवें चरण में 13 लोकसभा व विधानसभा की एक सीट के लिए सात मई से नामांकन शुरू होंगे।

इस चरण में एक जून को मतदान होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 11 सीटें सामान्य श्रेणी व दो सीटें आरक्षित श्रेणी की हैं। इस चरण के अंतर्गत लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबट्र्सगंज (अजा) के लिए चुनाव होंगे। ये सीटें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व सोनभद्र समेत 11 जिलों के अंतर्गत आते हैं। इसी प्रकार दुद्धी (अजजा) विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र के अन्तर्गत है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं।

## रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही है इंडी गठबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और राम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। योगी के मुताबिक, ये इंडी गठबंधन का चरित्र है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है।

### इलेक्शन बायस्कोप



उत्सव कोई भी हो फूल विक्रेताओं की तो बल्ले बल्ले रहती है। फिर मौका इन दिनों चुनाव का है। जहां कहीं भी जनसभा होती है वहां समर्थक यथासंभव विशाल माला लेकर अपने नेता को गदगद करने पहुंच जाते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य की जनसभा में श्रावस्ती में देखने को मिला। –अमृत विचार

# मिश्रिख में पहली बार हो रहा है इतना शांत चुनाव

### 13 को होना है मतदान, मतदाता के मिजाज को नहीं भांप पा रहे प्रत्याशी

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ी प्रत्याशियों की चिंता

### भाजपा ने मौजूदा सांसद अशोक रावत पर दोबारा जताया भरोसा

### इंडी गठबंधन की प्रत्याशी संगीता और बसपा से बीआर अहिरवार हैं मैदान में

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 13 तारीख को मतदान होना है । भाजपा ने एक बार फिर यहां मौजूदा सांसद अशोक रावत पर फिर दांव लगाया है, तो वहीं इंडी गठबंधन ने सपा के चुनाव चिन्ह पर संगीता राजवंशी को मैदान में उतारा है। बसपा ने बीआर अहिरवार को उम्मीदवार घोषित किया है। जहां एक ओर अशोक राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं वहीं संगीता सपा के पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की बहू है, दोनों की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है तो दूसरी ओर बीआर अहिरवार पहली बार जिले में चुनाव लड़ने के लिए आए हैं। इससे पूर्व व सरकारी सेवा में थे। इनको केवल बसपा के कोर वोटरों का ही भरोसा है। मतदान में अब गिनती के दिन रह गए है लेकिन इस बार के चुनाव में जनता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इससे पहले हुए चुनावों में कभी इतना शांत माहौल नहीं रहा।



अशोक रावत



संगीता राजवंशी



बीआर अहिरवार

2019 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट के परिणाम को देखें तो यहां पर भाजपा ने अशोक कुमार रावत को मैदान में उतारा तो उनके सामने बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर नीलू सत्यार्थी थे। चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच चुनावी तालमेल के तहत यह सीट बसपा के पास आई थी। लेकिन इसका लाभ नहीं मिला। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही थी। चुनाव में भाजपा के अशोक कुमार रावत को 534,429 वोट मिले तो नीलू सत्यार्थी को 433,757 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस के प्रत्याशी को महज 26,505 वोट मिले थे, अशोक ने 100,672 मतों के अंतर से यह चुनाव जीता था।

2014 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट पर 57.86 फीसदी मतदान हुआ था। तब भाजपा उम्मीदवार अंजू बाला ने बसपा उम्मीदवार अशोक रावत को 87 हजार 363 वोटों से मात दी थी, अंजू बाला को 4,12,575 वोट और अशोक कुमार रावत को 3,25,212 वोट मिले थे, जबकि सपा के जय प्रकाश को 1,94,759 वोट मिले।


**भाजपा-सपा की पकड़ मजबूतः** सपा ने यहां पर पहले रामपाल राजवंशी को प्रत्याशी बनाया लेकिन स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया ।इसके बाद उनके पुत्र मनोज को सपा ने टिकट दिया वह भी चुनाव मैदान से हट गए अंत में उनकी बहू संगीता राजवंशी चुनाव मैदान में है । सपा प्रत्याशी के ससुर रामपाल राजवंशी का भी क्षेत्र में दबदबा है,भाजपा प्रत्याशी का कुनबा भी काफी पुराना राजनैतिक है ,लेकिन जनता की चुप्पी में सभी की धड़कनें बढ़ा रही है ।बसपा प्रत्याशी को लेकर कोई भी हलचल नहीं है ।वह दूसरे जिले के हैं। जनता पर वह अपनी कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं । उन्हें सिर्फ बसपा के पारंपरिक के वोट का ही भरोसा है ।फिलहाल इस क्षेत्र में चुनाव की कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। जिसका असर प्रत्याशियों पर साफ दिखाई पड़ रहा है ।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अशोक कुमार रावत | 5,34,429 |
| बसपा | नीलू सत्यार्थी | 4,33,757 |
| कांग्रेस | मंजरी राही | 26,505 |
| पीएसपी | अरुण कुमारी कोरी | 2,442 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंजू बाला | 4,12,575 |
| बसपा | अशोक कुमार रावत | 3,25,212 |
| सपा | जय प्रकाश | 1,94,759 |
| कांग्रेस | ओम प्रकाश | 33,075 |




### दिग्गज भी चुनावी प्रचार में

मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा की थी ।वहीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज क्षेत्र में 8 तारीख को जनसभा करने आ रही हैं ।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मां मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 8 तारीख को संडीला में वोटरों को रिझाने आ रहे हैं।

### पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र को हरदोई, सीतापुर और कानपुर जिले की विधानसभा सीटों को मिलाकर बनाया गया है. इसमें सीतापुर की मिश्रिख विधानसभा सीट, कानपुर की बिल्हौर और हरदोई जिले की बालामऊ, मल्लावां तथा संडीला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हरदोई संसदीय सीट की तरह यहां पर भी सभी पांचों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है।

### सपा ने बदले चार प्रत्याशी

समाजवादी पार्टी ने मिश्रिख लोकसभा सीट पर चार बार प्रत्याशी बदला पहले समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी उनके बाद बेटे मनोज राजवंशी और फिर मनोज राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट दिया था बाद में पूर्व सांसद राम शंकर भार्गव को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उनके चुनाव लड़ने से मना करने पर संगीता को फिर से टिकट दे दिया गया।

### सभी दलों ने हासिल की जीत

यह क्षेत्र सन् 1962 में अस्तित्व में आया था, इस सीट पर सबसे पहले जनसंघ का कब्जा था, सन् 1967 से 1996 तक यह क्षेत्र कांग्रेस के खाते में रहा, उसके बाद सन् 1996-98 तक यहां भजपा वर्चस्व था, 1999 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी की सुशीला सरोज, 2004 और 2009 में बहुजन समाज पार्टी के अशोक कुमार रावत ने यह सीट हासिल की थी।

# युवा मतदाताओं की भूमिका रहेगी अहम

बेनीगंज/कोथावां,हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होने वाली हैं, युवा अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे है, खासकर वह जो पहली बार मतदान कर रहे हैं, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में करीब ग्यारह लाख मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें से बहुत से मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जबकि कुछ दूसरी बार भी। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद को लेकर हर किसी की अपनी सोंच व अपेक्षाएं हैं।

संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की जनता व युवाओं की राय के मुताबिक उन्हें नेता नही लीडर चाहिए, जिनमें तेज व सही डिसीजन लेने की काबिलियत हो, उनका प्रतिनिधि ईमानदार, स्वच्छ छवि व विकास को तरजीह देने वाला होना चाहिए साथ ही साथ जनता के लिए सहजता से उपलब्ध हो, जनता के मुताबिक देश दुनिया की तरह उनके क्षेत्र की तस्वीर बदलनी चाहिए, युवाओं का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाले उद्योग ही काफी नहीं है, इसके लिए रोजगार परक योजनाओं पर ध्यान देने की भी काफी जरूरत है।

### क्या कहते हैं मतदाता

सरकार द्वारा लोगों के हित मे महत्वाकांक्षी योजनाओं लाने व उस पर कार्य करने का मुद्दा सबसे ऊपर रहने वाला हैं, जो भी सरकार हमारे देश को विश्व मे एक नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी हम सभी युवाओं का मत उसी को जाएगा। – मनीष कुमार वर्मा

मौजूदा सरकार ने लोगों के हित मे कार्य किया है चाहे वह गरीब हो या अमीर सरकार द्वारा सभी को समान रुप से देखा गया है, चिकित्सा से लेकर शिक्षा, राशन, वाहन, परिवहन आदि क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है जो कि मोदी की गारंटी है इसलिए हमारे नजरिए से एक बार फिर मोदी सरकार ही होनी चाहिए। – अशोक सिद्धार्थ,बेनीगंज

बीते दस वर्षों मे वह कार्य हुए हैं जो पिछले पचास सालों से अन्य सरकारों द्वारा नहीं किया जा सका था और आने वाले पांच वर्षों मे वह सबकुछ होने वाला है जिसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी क्योंकि इस बार विपक्ष जड़ से खत्म होने वाला है।–सत्यनारायण गुप्ता बेनीगंज



# पुलिस ने कब्र से निकलवाया शव सिपाही समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट

## प्रेम प्रसंग छिपाने को किशोरी की जान लेने का लगा आरोप

संवाददाता, जहानाबाद (पीलीभीत)

• मुरादाबाद में तैनात है सिपाही एसपी के आदेश पर की कार्रवाई

**अमृत विचार** : किशोरी की मौत के मामले में जहानाबाद पुलिस ने आरोपी सिपाही और उसकी प्रेमिका समेत चार लोगों पर हत्या की एफआईआर दर्ज की है। सोमवार को पुलिस ने किशोरी का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अमखिड़िया निवासी जाकिरा पत्नी इकबाल अहमद ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ नेपाल के एक भट्टे पर काम करती है। उनकी 16 वर्षीय पुत्री शीरी दादा-दादी के साथ गांव में रहती थी। शीरी की सहेली का एक सिपाही राजकुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह अक्सर शीरी के मोबाइल से अपने प्रेमी सिपाही से बात करती थी। शीरी के मोबाइल में दोनों के प्रेम प्रसंग से जुड़े कुछ फोटो भी थे।

आरोप है कि 13 अप्रैल की रात सिपाही राजकुमार ने अपनी प्रेमिका और एक अन्य के साथ मिलकर शीरी की हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को दफना दिया। आरोप है कि प्रेम प्रसंग छिपाने के लिए सिपाही ने शीरी की हत्या कर दी।

अब एसपी के आदेश पर जहानाबाद थाने में आरोपी सिपाही राजकुमार, उसकी प्रेमिका समेत चार के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। बताते हैं कि आरोपी सिपाही पूर्व में जहानाबाद थाने में तैनात था। वर्तमान में मुरादाबाद जनपद में तैनात है। पुलिस ने डीएम से अनुमति लेकर सोमवार को शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# खेत पर तारकशी में करंट से किसान की मौत

**वजीरगंज, अमृत विचार** : खेत के चारों ओर तारकशी करके करंट छोड़ने का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है। किसानों की मौत हो रही हैं। इसके बाद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सोमवार सुबह खेत पर शौच को गए किसान की तारकशी के करंट से मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। मृतक के परिजन ने खेत मालिक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव लहरा लाडपुर निवासी वीरेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग छह बजे उनके पिता मिश्री लाल (55) पुत्र गोवर्धन शौच के लिए खेतों की ओर गए थे। मिश्री लाल एक खेत से होकर गुजरे। उस खेत में पशुओं को आने से रोकने के लिए तारकशी की गई थी। जिसमें एक ट्यूबवेल से करंट भी छोड़ा गया था।

# चुनाव के दौरान बढ़ती है गुंडों की गर्मी

संवाददाता, खुदागंज (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज कायम होने के बावजूद चुनाव आते ही गुंडों की गर्मी बढ़ने लगती है। चुनाव परिणाम आने के बाद इन गुंडों की गर्मी धीरे-धीरे शांत होती जाएगी। यह बात उन्होंने मैनपुरी की घटना का जिक्र करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखे हमले किए।

उन्होंने भाजपा सरकार के विकास कार्य भी गिनाए। खुदागंज में सोमवार को पार्टी प्रत्याशी अरुण सागर के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले काकोरी के महानायक पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की धरा को नमन किया। उन्होंने कहा कि अमर बलिदानियों का सपना पूरा हो रहा है। भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान मैनपुरी की घटना का जिक्र कर उनके तेवर तल्ख हो उठे। उन्होंने कहा कि सपा के गुंडों ने दो दिन पहले राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा को अपवित्र करने का प्रयास किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अपवित्र करने का प्रयास किया था। अकबर और औरंगजेब की इन औलादों को बताया जाना चाहिए कि नया भारत राष्ट्र नायकों का अपमान स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने अपने 22 मिनट के भाषण में विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया।



• मुख्यमंत्री ने खुदागंज की सभा में मैनपुरी की घटना का जिक्र कर सपा पर किए सियासी हमले

### राम विरोधी हैं सपा और कांग्रेस : मुख्यमंत्री

**उन्नाव।** एक समय था जब हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा होता था और आज उनके हाथ में टैबलेट है। देश से आतंकवाद का खात्मा हो चुका है। कश्मीर चैन की नींद सो पाता है। जो राम का नहीं है वह हमारा भी नहीं हो सकता है। सपा-कांग्रेस का इतिहास रहा है राम का विरोध करना। कभी भी सपा-कांग्रेस पर विश्वास मत करना। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। योगी ने भगवंतनगर स्थित आरआरबीएन इंटर कॉलेज में सभा कर उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के पक्ष में वोट करने की अपील की।

# आयोग के निर्देश पर नोटिस, शिवपाल ने छोड़ा बदायूं

**बदायूं, अमृत विचार** : चुनाव आयोग के आदेशानुसार प्रशासन ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव व जसवंतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया। नोटिस जारी होने के बाद शिवपाल सिंह बदायूं छोड़कर चले गए हैं। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 5 मई की शाम को चुनाव प्रचार थम चुका है। नियमानुसार कोई बाहरी व्यक्ति चुनाव से 48 घंटे पहले और चुनाव प्रचार के बाद जिले में नहीं रह सकता। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव बदायूं लोकसभा से न तो प्रत्याशी और न ही मतदाता हैं। वह पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर रह रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस द्वारा शिवपाल सिंह को नोटिस दिया गया है कि वह जिले से चले जाएं। इसके बाद वह बदायूं से चले गए हैं।

# भाजपा नेत्री के घर पावर कॉर्पोरेशन की टीम ने की छापेमारी, हंगामा

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** बिजली चोरी से जुड़ी शिकायत मिलने के बाद पावर कॉर्पोरेशन की टीम ने सोमवार को भाजपा नेत्री के आवास पर छापेमारी की तो जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने के आरोप लगाए।

जेई पर अभद्रता करने का आरोप लगा। जबकि, जेई ने बिजली चोरी करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेत्री के घर से शुरू हुआ विवाद सड़क तक पहुंचा गया और कोतवाली के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया गया। कोतवाली में एक तरफ से पावर कॉर्पोरेशन के कर्मचारी थे तो दूसरी ओर भाजपाई जमा थे। पुलिस दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास करती रही। इसके बाद दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को सूचना मिली कि सिरसा रोड पर नारायणपुर ग्राम पंचायत की राम वाटिका में रह रही भारतीय जनता पार्टी की नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना के घर बिजली चोरी की जा रही है। इस पर एसडीओ शशांक कांडपाल, जेई जयपाल सिंह, कर्मचारी दानिश खान, अखिलेश कुमार यादव टीम के साथ सोमवार दोपहर जाकर छापा मारा। जेई ने घर में घुसकर चेकिंग शुरू की। आरोप है छत पर बिना कनेक्शन तार जोड़कर बिजली जलाई जा रही थी। इसको लेकर सवाल जवाब किए तो विवाद शुरू हो गया।

# गर्मी में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कहा कि भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखी जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अध्यक्ष सोमवार को स्थानीय निकाय निदेशालय में वितरण निगमों के अधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में अमरोहा, बदायूं, बुलंदशहर, हापुड़, सीतापुर व वाराणसी में तैनात अधिकारियों के खराब परफार्मेन्स पर स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये गये। अध्यक्ष ने कहा कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। अधिकारी और कर्मचारी अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करें।

# सपा के पक्ष में वोट करने को धमकाया चेयरमैन समेत 9 पर दर्ज की गई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• कस्बा ककराला निवासी दो महिलाओं की तहरीर पर दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार** : दो महिलाओं ने नगर पालिका ककराला के चेयरमैन व अन्य पर उन्हें सपा के पक्ष में मतदान करने को धमकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला की वार्ड 17 निवासी यूसुफ जहां ने पुलिस को तहरीर दी कि वह भाजपा की समर्थक है। नगर पालिका चेयरमैन इंतखाब खां सकलैनी 5 मई को सुबह लगभग 8 बजे अपने साथी वार्ड 15 निवासी जमीर पुत्र अख्तर खां, अहसाब खां पुत्र बच्चू खां, वार्ड 21 के मेंबर फीरोज पुत्र बस्सू खां, वार्ड 20 के फीरोज खां पुत्र सुबहानी और जाहिद उर्फ टमाटर पुत्र नौसे उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। धमकाया कि साइकिल को वोट न करने पर जान से मार देंगे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं ककराला की वार्ड 9 निवासी नूर अफ्शा ने भी पुलिस को तहरीर दी कि 5 मई को ककराला चेयरमैन इंतखाब खां, वार्ड 15 निवासी असहाब खां और अज्ञात लोग उनके पास आए और समाजवादी पार्टी को वोट देने को कहा। नूर अफ्शा ने कहा कि वह भाजपा को वोट देंगी। इससे नाराज चेयरमैन और उनके साथियों ने गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में देर शाम तक चेयरमैन इंतखाब खां से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। चेयरमैन के भाई मोनिश अहमद खां ने कहा कि सत्ता के दबाव में एफआईआर दर्ज की गई है। जो भी आरोप लगाए गए हैं निराधार और झूठे हैं। थाना अलापुर के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि थाने पर दो तहरीर प्राप्त हुई थीं। जिनके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### दवा के गोदाम में आग से लाखों की क्षति

**रामपुर, अमृत विचार** : शॉर्ट सर्किट से दवा के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये की दवा जलकर राख हो गई। सोमवार की सुबह 5:30 बजे दवा के गोदाम में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक लाखों रुपये की दवाएं जलकर राख हो गई। सदर कोतवाली के मोहल्ला राजद्वारा निवासी हिमांशु अग्रवाल की सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शादी की मढ़ैया में सिंघल ड्रग एजेंसी है। रोजाना की तरह रविवार शाम भी वह गोदाम बंद करके घर चले गए थे। सोमवार की सुबह करीब 5:30 बजे उन्हें पता चला कि एजेंसी में आग लग गई है। जानकारी मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंच गए।

### कुंदरकी में दवाखाना सील, 10 लाख की दवाएं जब्त

**कुंदरकी, अमृत विचार** : गांव जलालपुर खास स्थित डॉ. फहीम के हुसैनी दवाखाना पर एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। यहां टीम ने अभिलेखों की जांच के बाद दवाखाने को सील कर दिया और करीब 10 लाख रुपये की दवाइयां जब्त कर लीं। एसडीएम सदर ने बताया कि दवाखाना चलाने वाले व्यक्ति के पास कोई डिग्री और दवा खाने का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। जहां अवैध रूप से बड़े पैमाने पर दवा बनाई जा रही थी। दवाखाने में आयुर्वेदिक विभाग और ड्रग विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में छापेमारी की। आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवा मिली।

### चलती कार बनी आग का गोला, मची अफरातफरी

**अमरोहा, अमृत विचार** : नौगांवा अमरोहा रोड पर चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। चालक ने कार से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। बाद में बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के अमरोहा नौगांवा रोड का है। सोमवार रात को यहां से चालक अपनी कार लेकर नौगांवा से अमरोहा की ओर आ रहा था, जैसे ही वह कार से पंजतनी गेट पर पहुंचे, तभी कार में अचानक आग लग गई। चलती आग एकदम आग का गोला बन गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक आग पर काबू पाया तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आग लगने के बाद चालक ने किसी तरह से कार से कूद कर जान बचाई। कार में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।

### नवंबर तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा राममंदिर

**अयोध्या, अमृत विचार** : मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के दौरान राम मंदिर के शिखर तक के कार्य को पूरा करने और सप्त मंदिरों के निर्माण की डेडलाइन नवंबर तय कर दी गई। परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में दूसरे दिन सोमवार को हुई बैठक से पहले जन्मभूमि परिसर के सभी निर्माण स्थलों का निरीक्षण भी किया गया। यह निर्माण कार्य नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। राम मंदिर की तरह अंतरराष्ट्रीय श्री रामकथा संग्रहालय को भी आकर्षक और भव्यता देने की तैयारी शुरू हो गई है।

# मुकदमे को लंबित रखने के कारण पुलिस अफसर पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी एक छात्र के मुकदमे के निस्तारण में पुलिस उप-निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा द्वारा असहयोग करने की आलोचना करते हुए कहा कि कोर्ट के ईमानदार अनुरोध की पूरी तरह से और जानबूझकर अवहेलना वास्तव में स्तब्ध करने वाली है। एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते उनसे कानून और कार्यवाही के संरक्षक के रूप में अपना पूरा सहयोग और समर्थन प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है, ऐसे में उनका ऐसा बर्ताव निंदनीय और अस्वीकार्य है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने अनिकेत दीक्षित की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की। कोर्ट ने पाया कि आईपीसी की धारा 306 के तहत वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशन कल्याणपुर, कानपुर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और 4 अप्रैल 2018 से आरोपी जेल में बंद है। इस पर कोर्ट ने जिला न्यायालय को 31 अगस्त 2024 तक मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया।

# नियुक्ति पत्र की नियमों व शर्तों में बदलाव करना डीआईओएस को अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नियुक्ति पत्र के नियमों एवं शर्तों में संशोधन के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक, सिद्धार्थनगर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है, साथ ही यह जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है कि किन परिस्थितियों में उन्होंने नियुक्ति पत्र की एक शर्त को लिपिकीय त्रुटि का परिणाम बताकर बदल दिया जबकि नियुक्ति पत्र में किसी भी प्रकार के संशोधन का अधिकार डीआईओएस को नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने शिवकुमार त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले को आगामी 9 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। मालूम हो कि उक्त पदाधिकारी, जो श्री विंध्याचल आयुर्वेदिक संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, चुरी, महुलानी, सिद्धार्थनगर में प्रबंध संचालक है, उन्होंने उक्त विद्यालय में चयनित बृहस्पति नाथ त्रिपाठी के नियुक्ति पत्र में एक शर्त को लिपिकीय त्रुटि बताते हुए उसे सुधारकर एक नया नियुक्ति पत्र 2 मई 2024 को जारी कर दिया।

# छात्र को यातनाएं देने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार** : ऑनलाइन गेम में हारे 20 हजार रुपये देने में देरी करने पर नीट की तैयारी करने वाले नाबालिग छात्र को यातनाएं देने के आरोपी छह दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोस्तों ने ब्याज जोड़कर उससे 50 हजार रुपये की मांग की थी। उसने एतराज जताया तो आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर बेरहमी से मारा-पीटा था। उसे नग्न करके गुप्तांग में डोरी से ईंट बांधकर लटका दी थी। छात्र को एलपीजी कैन से जलाने का प्रयास कर और कई यातनाएं दीं थीं। हैवानियत का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। अभी मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। सोमवार को पीड़ित छात्र की भाभी काकादेव थाने पहुंची और आरोप लगाया कि उनके देवर को दस दिन तक 11 दोस्तों ने बंधक बनाकर यातनाएं दीं। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि पीड़ित छात्र इटावा जिले के थाना लवेदी का रहने वाला है। इंटर की परीक्षा पास करने के बाद वह नीट की तैयारी करने के लिए काकादेव कोचिंग मंडी आया था। आरोपी दोस्त भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

# नौटंकी सम्राट रंपत नहीं रहे

**कानपुर, अमृत विचार** : रंपत का चेहरा सामने आते ही लोगों की हंसी छूट जाती थी। रंगीन छींटदार शर्ट, सादी पतलून, सिर पर हैट, आंखों में गाढ़ा काजल और अक्सर पटरे वाला घुटनों तक पहना जाने वाला अंडरवियर पहने रंपत जैसे ही नौटंकी के स्टेज पर कदम रखते थे, तो लोग बरबस ही हंस पड़ते थे। उसके मुंह खोलने से पहले ही स्टेज पर मौजूद रानीबाला और सामने बैठे दर्शक समझ जाते थे कि कुछ तगड़ा होने वाला है। इसके बाद खास भाव भंगिमा में उनके द्विअर्थी संवाद चालू हो जाते थे। यह सही है कि वह अपने नाम के आगे जो शब्द इस्तेमाल करते थे, वह निखालिस गाली जैसा था। लेकिन रंपत ने कनपुरिया गाली के इसी शब्द को देश के कोने-कोने में पहचान दिला दी। सोमवार को रंपत के लब हमेशा के लिए खामोश हो गए। नौटंकी को द्विअर्थी संवादों के जरिए नयी पहचान दिलाने वाले रंपत ने लोगों को जमकर गुदगुदाया। कानपुर के चौक सराफा वाले श्रीकृष्ण पहलवान, रेलबाजार वाली गुलाब बाई फिर उनकी विरासत को काफी दिनों तक उनकी बेटी मधु और बिट्टन (आशा) संभाले रहीं। लेकिन नब्बे की दशक की शुरुआत में रंपत सिंह भदौरिया उर्फ रंपतने इस कला में कदम रखा तो पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## उत्तराखंड

# दुग्ध संघ के महाप्रबंधक निर्भय नारायण हटाए गए

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : नैनीताल दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह को हटा दिया गया है।

नैनीताल दुग्ध संघ में लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। इस संबंध में एक शिकायतकर्ता ने नैनीताल दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह पर कई आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त दीपक रावत से शिकायत की थी। मंडलायुक्त ने शिकायत को सही ठहराते हुए अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर शासन ने देहरादून-नैनी डेरी विकास विभाग के निदेशक को निर्भय नारायण के विरुद्ध विभागीय जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# सूख रही भीमताल झील, बढ़ने लगी चिंता

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार** : भीमताल झील लगातार सूख रही है। जलस्तर घटने से झील में गाद और मलबा सड़ रहा है। झील के किनारे दुर्गंध आने लगी है। कुछ समय पूर्व तक झील किनारे हवा का आनंद लेने वाले पर्यटक दुर्गंध के कारण बच कर निकल रहे हैं।

वर्तमान में भीमताल झील का हाल वर्ष 2008 के जैसा हो गया है। करीब 16 वर्ष पूर्व झील का जलस्तर कम हो गया था जिसके बाद झील में जलमग्न कैंचुला देवी का मंदिर दिखाई दिया था। साथ ही झील के दो मुख्य स्रोत भी दिखे थे। उस समय श्रद्धालुओं के अनुसार जल स्रोतों से लगातार पानी धरती से निकल रहा था, जिसकी रफ्तार काफी कम थी। कैंचुला देवी का मंदिर झील में जल मग्न है। इसके दर्शन कई समय बाद होते हैं। श्रद्धालुओं को मंदिर की जानकारी देने के लिए उक्त स्थान पर एक बड़ा झंडा लगाया गया है। झील के सूखने की रफ्तार यही रही तो एक माह से भी कम समय में फिर से कैंचुला देवी के मंदिर के दर्शन होने के आसार हैं।



भीमताल झील में जल स्तर कम होने से दिखाई देने लगी है मिट्टी। • अमृत विचार

• बारिश नहीं हुई तो एक माह से कम समय में दिखाई दे सकता है झील में जलमग्न कैंचुला मंदिर

# केदारनाथ की उत्सव डोली धाम को रवाना

**देहरादून, अमृत विचार** : श्रीकेदारनाथ की चल उत्सव विग्रह डोली ने सोमवार को धाम के लिए प्रस्थान किया। डोली को रवाना करने के लिए शीतकालीन गद्दीस्थल पर भक्त उमड़ पड़े। सुबह पूजा अर्चना के बाद डोली को मंदिर के गर्भ गृह से बाहर सभा मंडप में विराजमान किया गया, जिसमें हक हकूकधारियों की ओर से भगवान की चल उत्सव विग्रह डोली का श्रृंगार किया गया। बाबा केदार की चांदी की डोली को सजाया गया। रावल भीमा शंकर ने सोने का मुकुट मूर्ति को पहनाया। प्रधान पुजारी शिव शंकर ने छह माह केदारनाथ में पूजा करने का संकल्प लिया। इसके बाद डोली की आरती हुई, जिसके बाद डोली ने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर की परिक्रमा की।

# पहले युवती का गला रेता, फिर नहर में कूदा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : देहरादून के रायवाला में युवक ने अपनी ही दोस्त का चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। बाद में शराब के नशे में युवक चीला नहर में कूद गया। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें नहर में युवक की तलाश कर रही हैं।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सोमवार तड़के छिद्दरवाला क्षेत्र के अंतर्गत तीनपानी पुलिया के नीचे युवती का शव मिला। मृतका की शिनाख्त आरती डबराल (26) पुत्री शिवप्रसाद डबराल निवासी 20 बीघा गली नंबर 2 आईडीपीएल ऋषिकेश के रूप में हुई। मृतका के पिता देहरादून कोतवाली में दरोगा हैं जबकि वह ऋषिकेश के निजी स्कूल में शिक्षिका थी। वह रविवार शाम 6 बजे घर से दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में जाने की बात कहकर निकली थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि शैलेन्द्र भट्ट (26) पुत्र प्रकाश भट्ट निवासी टिहरी गढ़वाल बसंत कॉलोनी में बहन के साथ रहता था। वह सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। वह भी रविवार शाम 5 बजे घर से निकला था लेकिन रात को घर नहीं पहुंचा। तब उसकी बहन ने ऋषिकेश कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। शैलेंद्र के दोस्त ने पुलिस को बताया कि वह चीला नहर में कूद गया है। शैलेंद्र का कहना था कि वह बड़ी वारदात को अंजाम देकर आया है। शैलेंद्र ने दोस्त को वारदात के बारे में नहीं बताया था। पुलिस ने दोनों घटनाओं को जोड़ते हुए जांच की तो पता चला कि शैलेंद्र 6 सालों से आरती को जानता था। उसने हत्या से एक दिन पहले चाकू खरीदा था, इसी चाकू से उसने आरती का गला रेतकर हत्या कर दी। फिर एक दोस्त को बुलाया और स्कूटी देकर ऑटो से चीला शक्ति नहर किनारे पहुंचा। यहां उसने दूसरे दोस्त के साथ शराब पी और नहर में कूद गया। पुलिस ने मौके से हत्या में इस्तेमाल किया चाकू भी बरामद किया है।



• मृतका थी दरोगा की बेटी, रविवार शाम जन्मदिन की पार्टी में जाने के लिए निकली थी घर से

# जंगल में लगी आग के धुएं से कई क्षेत्रों में हवाई सेवाएं प्रभावित

संवाददाता, पंतनगर/हल्द्वानी

• हल्द्वानी से चम्पावत, पिथौरागढ़ को सोमवार को सेवा की गई बहाल

**अमृत विचार** : जंगल की आग से हवाई सेवा प्रभावित है। धुएं से दृश्यता नहीं होने से पंतनगर एयरपोर्ट से देहरादून-पंतनगर व पिथौरागढ़ हवाई सेवा और हल्द्वानी हेलीपोर्ट से चम्पावत, पिथौरागढ़, मुनस्यारी के लिए हेलीकॉप्टर की सेवा बंद है। हालांकि सोमवार को हल्द्वानी से चम्पावत व पिथौरागढ़ के लिए सेवा शुरू की गई।

पंतनगर एयरपोर्ट से 26 फरवरी को देहरादून-पंतनगर वाया पिथौरागढ़ के बीच व्यावसायिक हवाई सेवा शुरू हुई थी, लेकिन पिथौरागढ़ के जंगलों में लगी आग से कम दृश्यता होने से चार दिन से यह सेवा बंद है। पिथौरागढ़ में नैनी सैनी एयरपोर्ट के पास जंगलों में आग लगी है, जिससे रन वे पर दृश्यता मात्र 1200 से 1500 मीटर है। जबकि विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए न्यूनतम दृश्यता तीन हजार मीटर होनी चाहिए। हल्द्वानी में गौलापार स्थित हेलीपोर्ट से पिथौरागढ़, चम्पावत और मुनस्यारी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हुई थी।

# एसबीआई की तिजोरी में मिले 6 नोट नकली

**काशीपुर, अमृत विचार** : काशीपुर की एसबीआई ब्रांच में तिजोरी से दो हजार रुपये के 6 नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया, जिसके बाद बैंक के उच्च अधिकारियों ने इसकी सूचना आरबीआई को दी। उधर आरबीआई की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दावा अनुभाग निर्गम विभाग, महात्मा गांधी मार्ग, कानपुर के प्रबंधक आईपीएस गहलोत ने एसएसपी ऊधम सिंह नगर को तहरीर भेजकर बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक में अन्य बैंकों की करेंसी चेस्ट शाखाओं से प्राप्त प्रेषण में जाली नोट अधिक संख्या में पाये जा रहे हैं।

# अब बिनसर सेंचुरी के जंगलों में लगी आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : जिले में वनाग्नि का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के स्यूनराकोट में वनाग्नि के कारण चार लोगों की जान जाने के बाद भी विभाग ने इस घटना से कोई सबक नहीं लिया है। जिस कारण आए दिन जंगल लगातार धधक रहे हैं और लाखों करोड़ों रुपये की वन संपदा जलकर राख में तब्दील हो रही है। अल्मोड़ा जिले में जगह जगह वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार की रात जिले के बिनसर सेंचुरी लगे जंगलों को भी अराजक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। लेकिन सूचना मिलने के बाद भी सोमवार को वन विभाग इस क्षेत्र में लगी आग पर काबू नहीं पा सका। रविवार की देर शाम बिनसर सेंचुरी से सटे इलाकों के जंगलों को अज्ञात लोगों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। रात के समय हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जंगलों ने आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। आग का भयावह रूप देख किसी की भी हिम्मत आग बुझाने की नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने वनाग्नि की घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को भी दी। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। परिणाम स्वरूप सोमवार को भी जंगल धू धू कर जलते रहे और वन संपदा राख में तब्दील होती चली गई। इधर जिले के सोमेश्वर, सल्ट, भैंसियाछाना, लमगड़ा, मानिला, द्वाराहाट, धौलादेवी आदि क्षेत्रों के ग्रामीण कस्बों में सोमवार को जंगल आग से धधकते दिखाई दिए। वनाग्नि के कारण पूरे जिले में वातावरण में धुंध फैली हुई है।



आग से धधक रहे जंगल।

# कोर्ट ने पूछा-बनभूलपुरा हिंसा पीड़ितों को मुआवजा दिया या नहीं

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर बनी मस्जिद व मदरसा हटाने के दौरान हुई हिंसा के दौरान मारे गए दो लोगों के आश्रितों व घायलों को मुआवजा देने के मामले में मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की।

उन्होंने इस प्रकरण में नैनीताल जनपद के जिलाधिकारी से 10 दिनों में जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 दिनों बाद होगी। उच्च न्यायालय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के 19 फरवरी 2024 के पत्र का स्वतः संज्ञान लिया। इस पत्र में कहा गया था कि बनभूलपुरा हिंसा के दौरान दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद मृतकों के परिवारों के रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आश्रितों व घायलों को मुआवजा दिलाने की प्रार्थना की गई थी। सोमवार को इस प्रकरण में मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने पहली सुनवाई की।

## एक नजर

### ग्राम्य विकास के अधिकारियों कर्मचारियों का वेतन फंसा

**लखनऊ।** ग्राम्य विकास विभाग को वेतन का बजट आवंटित नहीं हुआ है। इस कारण अप्रैल का प्रदेशभर के अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। अप्रैल का सभी सरकारी विभागों को बजट आवंटित होने के साथ वेतन का भुगतान कर दिया गया है। लेकिन, ग्राम्य विकास विभाग को बजट आवंटित नहीं हुआ है। जबकि यह प्रकिया पहले की जाती है। इस वजह से सीडीओ, डीडीओ, बीडीओ, एडीओ, वीडीओ, लिपिक संवर्ग, सहायक, चालक आदि को वेतन नहीं मिला है। इस तरह से ब्लाक, जिला व मंडलों पर करीब 15 हजार अधिकारी व कर्मचारी तैनात हैं। कहना है कि बजट की मांग समय पर नहीं की गई। अब बजट आवंटन से लेकर अन्य प्रकिया में काफी समय लगेगा। ऐसे में 20 मई के आसपास वेतन भुगतान होने की उम्मीद है। इस मामले पर ग्राम्य विकास मुख्यालय के अधिकारियों से बात करना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका।

### अयोध्या से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत, दो गंभीर

**प्रतापगढ़।** अयोध्या से रामलला का दर्शन कर कार से घर जा रहे श्रद्धालुओं की कार प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर मानगर कोतवाली के सोनावा में डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार आग का गोला बन गई। हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार में कुल पांच लोग सवार थे। प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी पुरवा खास के रहने वाले 24 वर्षीय अंकित साहू पुत्र सुभाष चंद्र हैदराबाद में पानी-पूरी बेचता था। वह अपने दोस्त व रिश्तेदारों संग रामलला का दर्शन करके अयोध्या से स्विफ्ट डिजायर कार से लौट रहा था। नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनावां में सुलतानपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। मौके पर ही अंकित व उसी गांव के उसके दोस्त 24 वर्षीय शिवम तिवारी पुत्र चंद्रमा प्रसाद तिवारी की मौत हो गई। हादसे से कार में आग भी लग गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। अंकित के बुआ के बेटे 24 वर्षीय सत्यम साहू, 25 वर्षीय विवेक साहू निवासी करेहड़ा करेली प्रयागराज व रिश्तेदार 15 साल के अखिल साहू पांचों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अंकित व शिवम को मृत बताया।

## सपा प्रमुख ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद लिया निर्णय

# सपा की रणनीति के तहत है श्यामलाल पाल का चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए श्यामलाल पाल अब तक नरेश उत्तम पटेल की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में संगठन का काम देख रहे थे। ऐन चुनाव के समय समाज वादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का प्रदेश अध्यक्ष बदलने का फैसला पार्टी की राजनीतिक रणनीति के तहत माना जा रहा है।

सपा प्रमुख ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद श्यामलाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। श्यामलाल ने वर्ष 1996 में और वर्ष 2007 में विधानसभा प्रतापपुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। दरअसल, नरेश उत्तम पटेल कुर्मी समाज से आते हैं और प्रदेश स्तर पार्टी में उन्हें आगे करके सपा ने ओबीसी समाज के वोट बैंक को जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन उनके लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद पार्टी अति पिछड़े समाज से आने वाले श्यामलाल पाल को यह अहम जिम्मेदारी दी है। पाल बिरादरी को सपा लोकसभा चुनाव में अपने साथ जोड़ने के लिए उन्हीं के बीच के नेता को आगे किया गया है।

दरअसल, राज्य में ओबीसी में लगभग दर्जनों और जातियां हैं, जो अति पिछड़ों की श्रेणी में शामिल हैं। श्याम लाल पाल इसी समुदाय से आते हैं। यह समाज लंबे समय तक बसपा का कोर वोटबैंक माना जाता था, लेकिन, अब भाजपा के साथ जुड़ा माना जाता है।

**बसपा से भी तो करना है मुकाबला**

उप्र. में बसपा ने भी पाल समुदाय के वोटों की भूमिका को देखते हुए विश्वनाथ पाल को प्रदेश अध्यक्ष बना रखा है। इसके मुकाबले भी सपा का ताजा दांव माना जा रहा है। खासकर मुलायम परिवार के सदस्य जिन सीटों से लड़ रहे हैं, उसमें बदायूं लोकसभा सीट से लेकर फिरोजाबाद, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, इटावा, मैनपुरी सीट शामिल है। इसके अलावा कन्नौज लोकसभा सीट पर भी पाल समुदाय काफी अहम है। अब देखना यह है कि अखिलेश यादव की उम्मीदों पर श्याम लाल पाल कितने खरे उतरते हैं?

**उमेश पाल और राजू पाल फैक्टर**

सपा को प्रयागराज में उमेश पाल के हत्याकांड से भी कम झटका नहीं लगा, क्योंकि इस हत्या का आरोप अतीक अहमद और उनके बेटों पर लगा था। अतीक सपा से विधायक और सांसद रह चुके हैं। उमेश की हत्या से पहले राजू पाल की हत्या में भी अतीक का नाम आया था। इस नजर से भी सपा का निर्णय देखा जा रहा है।

## आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सुनवाई जारी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्यवाही को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया। अब 7 मई को दोपहर 2:30 बजे से फिर इस मामले की सुनवाई होगी।

# आतंक पैदा करने की राजनीति से है सत्य का मुकाबला: प्रियंका

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी सोमवार को यहां कहा कि सच्चाई का मुकाबला किसी न किसी तरह का आतंक पैदा करने की राजनीति से है। आपने हमेशा सत्य को जिताया है। आगे भी हमें सच्चाई के साथ खड़े रहना है। हम आपके लिए समर्पित हैं, आप देश के लिए समर्पित रहे।



भुएमऊ गेस्ट हाउस में सोमवार को रायबरेली और अमेठी लोकसभा के कार्यकताओं से मुखातिब हुईं प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रचार समाप्त होने तक रायबरेली व अमेठी में ही रह कर पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए कार्य करने का ऐलान किया। कहा कि रायबरेली से उनके परिवार का पुराना नाता है। जब तक चुनाव आयोग मुझे यहां से जाने के लिए नहीं कहता है, तब तक मैं यहां पर रहूंगी। दिन में रायबरेली के साथ अमेठी का भ्रमण करूंगी। रात में आप सभी के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनाऊंगी। आप सबके लिए हमारे दरवाजे सदैव खुले रहेंगे। उन्होंने सभी से तनमन से चुनाव में लगने के लिए कहा। उन्होने इस दौरान महिलाओं व बेरोजगारी सहित तमाम मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर प्रियंका इस समय चर्चा में है और यह इसे आक्रामक तरीके से हर जगह उठा रही है।

# नीट एसएस न होने से प्रभावित होंगी संस्थानों में चिकित्सकीय सेवाएं

## एक साल तक सीनियर रेजिडेंट व असिस्टेंट प्रोफेसर नहीं मिलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अनुसार इस साल नीट एसएस (सुपर स्पेशयलिस्ट)-2024 की परीक्षा न होने से चिकित्सा संस्थानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ेगा। पहला नुकसान, तैयारी करने वाले पीजी डॉक्टरों की उम्मीदें टूटेंगी, दूसरा चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों को मिलने वाले बतौर एसआर (सीनियर रेजीडेंट) और तैनात होने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर एक साल तक नहीं मिलेंगे।

कोरोना में मिलने वाले दर्द को आम लोग भले ही भूल गये हों, मगर उस दौरान विशेषज्ञता हासिल करने वाले चिकित्सक और वर्तमान में विशिष्ट विशेषज्ञ बनने के लिए उम्मीद लगाए पीजी चिकित्सक नहीं उबर पा रहे हैं। साल 2021 में नीट एसएस परीक्षा न होने की वजह से 2020 बैच के एमडी व एमसीएच करने वाले चिकित्सकों को दो साल तक बतौर एसआर (सीनियर रेजीडेंट) वन चिकित्सकीय सेवाएं देनी पड़ी थी। यही हाल 2023 बैच के चिकित्सकों का होगा, अगर परीक्षा नहीं होती है तो इन्हें भी दो साल तक बतौर एसआर वन दो साल सेवाएं देनी पड़ेंगी। समस्या, यहीं खत्म नहीं होती है। नये एसआर न मिलने से अस्पतालों में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं प्रभावित होंगी। विशिष्ट विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों का चिकित्सकीय कार्य प्रभावित होगा।

इस संबंध में डॉ.अंकित पचौरी, उपाध्यक्ष रेजिडेंट्स डॉक्टर एसोसिएशन का कहना है कि मेडिकल कॉलेजों में मरीजों का सबसे ज्यादा लोड सीनियर रेजिडेंट्स पर होता है। अगर नीट एसएस 2024 नहीं होगी, तैयारी कर रहे पीजी कर चुके चिकित्सकों का नुकसान होने के साथ ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। हालांकि हम विभिन्न प्रांत के रेजिडेंट्स चिकित्सकों की इस मुद्दे पर वार्ता हो रही है। सकारात्मक परिणाम न मिलने पर एनएमसी तक आवाज उठायी जायेगी।

**सुपर स्पेशयलिटी विभाग**

क्रिटिकल केयर मेडिसिन (सीसीएम), कार्डियोलॉजी, कार्डियक एनेस्थेटिक, क्लीनिकल हेमेटोलॉजी, इम्यूनोलॉजी रूहमटोलॉजी, इंडोक्राइन सर्जरी, इंडोक्राइनोलॉजी, गेस्ट्रोइंट्रो सर्जरी, जीरियाटिक मेंटल हेल्थ, मेडिसिन जेनेटिक्स, नियोनैटोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, पीडियाट्रिक गेस्ट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक एंड रीक्रंस्ट्रक्शन सर्जरी, पल्मोनरी मेडिसिन, सर्जिकल गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, वस्कुलर सर्जरी, न्यूरोरेडियोलॉजी व इंटरवेस्नल रेडियोलॉजी, व यूरोलॉजी आदि विभागों में करीब 246 सीटें हैं।


## बसपा ने जौनपुर व बस्ती में प्रत्याशी बदले

**लखनऊ, अमृत विचार :** एक बार फिर सोमवार को मायावती ने जौनपुर व बस्ती लोकसभा सीट के बसपा के टिकट पर नामांकन कर चुके प्रत्याशी बदलकर सभी को चौंका दिया। धनंजय सिंह की वजह से चर्चा का केन्द्र बनी जौनपुर सीट पर धनंजय की पत्नी श्रीकला की जगह वर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट थमा दिया। वहीं बस्ती में पार्टी ने दयाशंकर सिंह की जगह लवकुश पटेल को उम्मीदवार बनाया है। माल एवन्यू स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर 13वीं सूची जारी की। इसमें दो लोकसभा सीटों के अलावा सोनभद्र में दुद्धी विधानसभा सीट पर रवि सिंह खरवार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने बताया, उक्त निर्णय पार्टी प्रमुख मायावती के निर्देश पर लिये गये हैं। अबतक प्रदेश की 78 लोकसभा सीटों पर घोषित कर चुकी बसपा ने, कई परिवर्तन किये हैं, कुछ सीटों पर तीन-तीन बार बदलाव किये हैं। मगर, सबसे ज्यादा चर्चा जौनपुर सीट पर प्रत्याशी बदलने को लेकर है।

# अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश करते समय कर्मचारी के पूरे सेवा रिकॉर्ड पर विचार जरूरी

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई विशेष स्थान नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं निकलता कि न्यायिक जांच को पूरी तरह से अलग कर दिया गया हो। हालांकि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपीलीय अदालत के रूप में मामले की जांच नहीं कर सकती हैं, लेकिन आदेश के दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और मनमाना होने की संभावना पर उसमें हस्तक्षेप अवश्य कर सकती है।



कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मौलिक नियम 56 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने से पहले संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक राय बनाने की आवश्यकता होती है, जिससे कर्मचारी की पूरी सेवा पर विचार करने के बाद उसे सेवानिवृत्ति देने का फैसला लिया जाए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की एकलपीठ ने रतन कुमार यादव की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 3 सप्ताह के भीतर उन्हें सेवा में शामिल करने का निर्देश दिया है, साथ ही 6 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को बकाया वेतन, वरिष्ठता और अन्य लाभों सहित सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची को वर्ष 1998 में पुलिस उप-निरीक्षक के पद पर सीधे भर्ती मिली थी। सेवाकाल के दौरान उन्हें मुन्ना बजरंगी गिरोह के साथ मुठभेड़ में एके-47 की पांच गोलियां लगीं। इसके बाद याची को वर्ष 2001 में इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई और उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उनकी पदोन्नति कर उन्हें गाजीपुर में तैनात किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गाज़ीपुर द्वारा कुछ जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ लगातार चल रही जांच प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आधी-अधूरी जांच के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का कलंक और दुगनी सजा याची को झेलनी पड़ी। स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के सेवा रिकॉर्ड पर विचार किए बिना दंडात्मक आदेश पारित किया। अंत में जिसे टिकाऊ ना मानकर कोर्ट ने रद्द कर दिया।

# गायत्री प्रजापति की सुनवाई से जज ने खुद को किया अलग

विधि संवाददाता, लखनऊ

- दुराचार के मामले में दोषसिद्धि को दी है गायत्री ने चुनौती

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के आपराधिक अपील पर सुनवाई के दौरान दो सदस्यीय खंडपीठ के एक न्यायमूर्ति ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। इसके पश्चात न्यायालय ने मामले को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेजने का निर्देश दिया ताकि सुनवाई के लिए मामले को नई बेंच को निर्दिष्ट किया जा सके।

सत्र अदालत ने 12 नवंबर 2021 को दुराचार के एक मामले में गायत्री प्रजापति व अन्य अभियुक्तों को दोषसिद्ध ठहराते हुए, उम्र कैद की सजा सुनायी है। गायत्री समेत सजा पाए अभियुक्तों ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर, सत्र अदालत के उक्त निर्णय को चुनौती दी है, साथ ही अपील के लम्बित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग की हुई है। 1 मई को गायत्री व अन्य अपीलार्थियों के जमानत प्रार्थना पत्रों पर न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम ने उक्त सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, हालांकि इसका कोई कारण आदेश में नहीं उद्धत किया गया है। अब उक्त जमानत याचिका पर अगली सुनवाई दूसरी खंडपीठ के समक्ष 8 मई को होने की सम्भावना है।

उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

## पुनर्वास विवि में नेट मेरिट के आधार पर होगा शोध कार्य

**लखनऊ, अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अब नेट मेरिट के आधार पर शोध होगा। पीएचडी करने वाले छात्रों को पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। विवि के कुलपति का कहना है कि पीएचडी संचालकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह बताते हैं कि अब तक विवि में पीएचडी के लिए छात्र केवल परीक्षा में हासिल किए गए अंकों के आधार पर प्रवेश लेते थे, लेकिन पहली बार व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। अब शोध को लेकर प्रवेश नेट मेरिट के आधार पर होगा। नेट की मेरिट के आधार पर ही शोध में पार्ट टाइम पीएचडी को भी प्राथमिकता दी गई है। बताते हैं कि इसी के साथ रिसर्च एडवाइजरी कमेटी गठित की गई है।

# 73 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की जगी आस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 26 अप्रैल से 3 मई तक दोबारा खोला गया था पोर्टल, डॉटा मिलान शुरू
- 45 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं का डाटा मिलान हुआ

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के 73 हजार छात्र-छात्राओं ने दोबारा आवेदन कर दिया है। आवेदनों के मिलान का काम शुरू हो गया है और यह 15 मई तक चलेगा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। अनुसूचित जाति के 73 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आया पाया था। अधिकारियों ने फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरने के निर्देश दिए थे। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से तीन मई तक दोबारा पोर्टल खोला गया। छात्र-छात्राओं ने आवेदन में सुधार करते हुए पुनः आवेदन किया। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा गया है। समिति के स्तर पर आवेदनों का मिलान किया जा रहा है और 45 हजार से अधिक का मिलान हो चुका है। जिला समिति से जो आवेदन स्वीकृत होंगे के बाद भुगतान की प्रक्रिया शुरू होगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि समिति को 15 मई तक मिलान का काम पूरा कर लेना है। मिलान में जितने आवेदन ठीक मिलेंगे उनको भुगतान किया जाएगा।


## वर्ग पहेली-62

**बाएं से दाएं**

1. 1. नकली वस्तु 2. मिलावटी चीज़ 3. कसौटी पर न उतरने वाली।
5. 1. ओछापन, क्षुद्रता 2. छिछोरे का काम।
6. 1. सुरक्षा राशि 2. शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से ली जाने वाली सुरक्षा राशि।
7. 1. लकड़ी का वह भाग जो ज़मीन में धंसा हुआ होता है जिसके कुंदे पर लुहार काम करता है

**ऊपर से नीचे**

2. कलम या पेन जिसकी नलिका में स्याही भरी रहती है।
3. 1. बांस की खमाचियों या पतली लचकदार टहनियों की बनी हुई बड़ी टोकरी, झाबा, खांचा 2. पशुओं को कटा हुआ चारा डालने का पात्र।
4. (पुराण) 1. काली माता 2. दुर्गा का एक रूप।



**वर्ग पहेली -61 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ि | क | रा | ■ | 2 बे | खौ | 3 फ़ |
| ■ | ■ | ■ | 4 ल | ■ | ■ | क़ी |
| 5 अ | भि | ले | ख | न | ■ | रा |
| ह | ■ | ■ | पे | ■ | ■ | ना |
| रि | ■ | 6 घो | ड़ा | गा | ड़ी | ■ |
| म | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| न | ■ | 7 ते | लि | या | मै | ना |

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

**सुडोकू -140 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 23 .40 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 15 .32 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष:** आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप के कारण आपका अपमान हो सकता है। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थों को पीछे रखते हुए लोकहित के लिए काम करें। ठण्डी वस्तुओं का सेवन करें। आपके विरुद्ध दुर्भावना रखने वाले लोगों की पहचान होगी।

**वृष:** आज कुछ कारणों से आपके फोकस में कमी आयेगी। परिवार में उथल-पुथल हो सकती है। शाम के समय सत्सङ्ग और ध्यान आदि में मन लगा सकते हैं। अचल संपत्ति को लेकर कोई बड़ा निर्णय न लें। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन:** आज अपनी अपेक्षाओं के अनुसार मेहनत नहीं कर पायेंगे। मन में बैठे डर को निकालने का प्रयास करें। सार्वजनिक उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। लेकिन आप उससे सन्तुष्ट शायद ही रहें। शोध कार्यों में आज आपको सफलता मिल सकती है।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में नया परिवर्तन आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। व्यवसायिक पार्टनर के साथ समय बितायेंगे। कर्जों को चुकाने में सफलता मिलेगी। जिस अवसर का इंतजार कर रहे थे, वह आपको आज मिल सकता है।

**सिंह:** आज आपकी मांसपेशियों में दर्द हो सकता है। किसी पर भी आंख मून्दकर भरोसा न करें। दांपत्य संबंधों में प्रेम भावना बढ़ेगी। अपनी क्षमता का सही उपयोग करेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें। व्यापार में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कन्या:** आज आपको कुछ विरोधाभासी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मन में अनावश्यक विषयों के विचार चलते रहेंगे। इसीलिए आपको खाली नहीं बैठना चाहिए। सेहत को लेकर की गई लापरवाही भविष्य में नुकसान देह सिद्ध हो सकती है।

**तुला:** आज अपनी बुद्धि विवेक से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। मन में दबी हुई भावनाओं को तुरन्त व्यक्त न करें। कर्मचारियों की सहायता से आपका कार्यभार कम होगा। वृद्धजनों की सेवा करेंगे। शाम को थोड़ा अकेलापन महसूस होगा।

**वृश्चिक:** आज आप आवश्यक सामान की ख़रीदारी कर सकते हैं। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी।

**धनु:** आज समाजसेवा को लेकर मन में भाव उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के कारण सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी की आलोचना न करें। तकनीकी कार्यों में रुचि लेंगे।

**मकर:** आज महिला सहकर्मियों का अपमान न करें। अधिक देर बैठकर काम करने से नुकसान होगा। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न हों।

**कुंभ:** आज उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक अन्तर्द्वंद का शिकार हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। किसी पुराने मित्र की मुलाक़ात से आनन्द की अनुभूति होगी। दांपत्य जीवन की कठिनाई दूर होगी।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप न होने दें। परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन अच्छा नहीं है। अपने भीतर अहम् भाव न पनपने दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
15 अगस्त — सुबह : 09 .00
आसमान ऊंचा — शाम : 06 .00

&pictures
ऑल द वेस्ट — दोपहर : 12 .05
हिचकी — शाम : 06 .02

SONY PIX
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 10 .03
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — रात : 09 .05

ZEE CINEMA
खिलाड़ी 786 — सुबह : 10 .45
जीते हैं शान से — रात : 07 .25

colors CINEPLEX
द ग्रेट गैम्बलर — सुबह : 11 .25
मैरी कॉम — रात : 08 .48

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर शाम : 06 .02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी से लड़ाई के बाद पति एक बाबा के पास पहुंचा।
पति (मोनू) – बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए?
बाबा– हां, एक मंत्र तो है जिससे बच्चा तेरे सारे दुख खत्म हो जाएंगे।
पति– हां बाबाजी, बताइए क्या है वो?
बाबा –बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी।
बाबा की बात सुनकर पति हैरान...

भगवान – क्या चाहिए तुझे?
पप्पू – एक नौकरी, पैसों से भरा कमरा, सुकून की नींद और गर्मी से छुटकारा।
भगवान–तथास्तु
आज पप्पू एटीएम में गार्ड है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1750, फॉर्चुन ली0 1590, जय जवान 1390, सचिन 1525, सूरज 1415, अवसर 1620, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (कलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7550, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी** - डालमियां 4200, पीलीभीत 4160, नवाबगंज (नई) 4150, बहेड़ी (नई) 4160 रुपये।

# दुबई चखेगा रामपुर की मिर्च का स्वाद

## मैंगो पैक हाउस निर्यात करेगा 15 टन जी-4 प्रजाति की हरी मिर्च, 12-15 दिन तक रहेगी सुरक्षित

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के रामपुर की हरी मिर्च का स्वाद दुबई के लोग चखेंगे। लखनऊ के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस 75 टन हरी मिर्च का पहली बार निर्यात करेगा। इसमें दो प्रजाति जी-4 व 6813 की मांग आई है। पहले चरण में 15 टन जी-4 मिर्च मंगलवार को मुंबई के शिपयार्ड भेजी जाएगी और वहां से कंटेनर पानी के जहाज से दुबई जाएगा। दूसरे चरण में 6813 प्रजाति की मिर्च का निर्यात होगा। इस तरह कुल चार चरण में मिर्च भेजी जाएगी।

दुबई के अलावा वहां के विक्रेता आसपास शहरों में भी बिक्री करेंगे। मिर्च रामपुर के बड़े पांच-छह किसानों से 26 रुपये प्रति किलो में खरीदी है। खासियत है कि जल्द खराब नहीं होगी। स्वाद सामान्य मिर्च से अधिक तीखा है। इसकी लंबाई चार से पांच इंच तक है।

**6 डिग्री के तापमान में करते हैं ठंडा और कठोर:** पैक हाउस में निर्यात के लिए सबसे पहले मिर्च की धुलाई व छंटाई कर ग्रेडिंग होती है। इसके बाद कीड़े व रोग न लगे इसके लिए शाटिंग करते हैं। फिर 6 डिग्री तापमान में प्रीकूल यानी मिर्च की सिकुड़न दूर कर सीधा और कठोर बनाते हैं। इसके बाद इतने ही तापमान में ठंडा करते हैं और तैयार होने के बाद पैकिंग कर कंटेनर में 6 डिग्री के तापमान में रखते हैं। इस प्रक्रिया से 12-15 दिन तक मिर्च सुरक्षित रहती हैं। जबकि पैक हाउस से शिपयार्ड तक और वहां से पानी के जहाज से उत्पाद पहुंचने में 7 से 8 दिन लगते हैं।

### बहरीन से हुई थी शुरुआत

मैंगो पैक हाउस ने आम के अलावा हरी मिर्च के निर्यात की शुरुआत पिछले वर्ष सैंपल के तौर पर बहरीन से की थी। रामपुर की करीब दो टन मिर्च भेजी गई थी। शुरुआत में मांग के अनुसार मिर्च की उपलब्धता नहीं हो सकी और परिवहन, खर्च समेत अन्य समस्याएं रहीं। जो निर्यात हुआ वह हवाई जहाज से किया था। इसमें खर्च भी अधिक आया था। इस कारण इस बार प्रयास नहीं किए गए। इसलिए दुबई पर फोकस किया गया है। यहां कृषि उत्पादों की बराबर मांग रहती है।


लखनऊ में संचालित मैंगो पैक हाउस में मिर्च की छटाई करते कर्मचारी।

"रामपुर की मिर्च का दुबई को पहला निर्यात आज से करेंगे। इस सीजन का भी यह पहला निर्यात है। अन्य देशों से भी आर्डर लेने का प्रयास कर रहे हैं। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी और निर्यात से किसानों को फायदा होगा।
**-अकरम बेग,** महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, रहमान खेड़ा, लखनऊ।

## इंडिया रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.1% किया

**मुंबई।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय बने रहने, कॉरपोरेट और बैंकिंग क्षेत्र के बही-खाते में कर्ज की कमी और आरंभिक निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय से मिले मजबूत समर्थन ने उसे वृद्धि अनुमान में संशोधन करने के लिए मजबूर किया है। इसके साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उपभोग मांग का व्यापक आधार नहीं होना और वैश्विक स्तर पर सुस्त वृद्धि के कारण निर्यात में आने वाली बाधाएं भारत की जीडीपी वृद्धि को सीमित कर सकती है।

## सोने की कीमत में 230 रुपये और चांदी में 700 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 230 रुपये की बढ़त के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 230 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,312 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 11 डॉलर की बढ़त है। सोने ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू किया क्योंकि शुक्रवार को उम्मीद से कमजोर अमेरिकी नौकरी बाजार की रिपोर्ट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 83,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 82,350 |
| चांदी तैयार | 82,450 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 807 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,250 |
| चांदी आभूषण | 81,700। |

## जियो, एयरटेल व वोडाफोन आइडिया स्पेक्ट्रम नीलामी में लेंगी भाग

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी दूरसंचार कंपनियों ने छह जून से शुरू होने वाली 96,317 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम नीलामी में बोली लगाने के लिए आवेदन जमा कर दिया है। इससे पहले 2022 में हुई पिछली नीलामी में अडाणी समूह की कंपनी का नाम आश्चर्यजनक रूप से बोली लगाने वालों में आया था। हालांकि, इस बार की नीलामी में कोई नया नाम नहीं है।

एक आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को बताया-सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी।

### बीएसएनएल अगस्त से शुरू करेगी 4जी सेवाएं

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है।

## जी मीडिया कॉरपोरेशन ने सीईओ अभय ओझा को किया बर्खास्त

**नअ दिल्ली।** जी मीडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभय ओझा को चार मई की तारीख से बर्खास्त कर दिया गया है। जी मीडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में ओझा की सीईओ के पद पर सेवा समाप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय चार मई, 2024 से प्रभावी माना जाएगा। जी समूह की कंपनी ने कहा-संगठन के साथ नियुक्ति निरस्त होने के साथ ही अभय ओझा सीईओ अब नहीं रह गए हैं।

## पी-नोट्स के जरिए निवेश 6 साल के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेबी ने फरवरी के अंत तक के जारी किए आंकड़े

भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश फरवरी के अंत में 1.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जो पिछले छह साल का उच्चतम स्तर है। इस आंकड़े में शेयर, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स के जरिये किया गया निवेश शामिल है।

सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) उन विदेशी निवेशकों को पी-नोट्स जारी करते हैं जो अपना पंजीकरण कराए बगैर भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें समुचित जांच-पड़ताल से गुजरना पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय बाजारों- इक्विटी, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स से निवेश का मूल्य फरवरी के अंत में 1,49,517 करोड़ रुपये था, जबकि जनवरी अंत में यह 1,43,011 करोड़ रुपये था। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि यह राशि जून, 2017 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, जब पी-नोट्स से निवेश 1.65 लाख करोड़ रुपये था। पी-नोट्स में वृद्धि आमतौर पर एफपीआई प्रवाह के रुझान के अनुरूप होती है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि फरवरी में निवेश बढ़ने का श्रेय मजबूत कॉरपोरेट आय और दिसंबर तिमाही के दौरान दर्ज सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के रुझान को दिया जा सकता है। फरवरी तक इस मार्ग से डाले गए कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये में से 1.27 लाख करोड़ रुपये शेयरों में, 21,303 करोड़ रुपये ऋण प्रतिभूतियों में और 541 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों में निवेश किए गए।



# राष्ट्रीय

# ओडिशा में बीजद अस्त और कांग्रेस पस्त : मोदी

## ओडिशा की चुनावी जनसभा में बोले प्रधानमंत्री, भाजपा को लेकर लोग हैं आश्वस्त

बेरहामपुर/नबरंगपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) 'अस्त' हो रहा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 'पस्त' है, लिहाजा लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर आश्वस्त हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को भगवान जगन्नाथ का पुत्र बताते हुए कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) सरकार की 'एक्सपायरी डेट' चार जून है। राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। ओडिशा के आदिवासी बहुल क्षेत्र नबरंगपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि उनकी सरकार मूल निवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''आपने मोदी के नेतृत्व के दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। मोदी ने आदिवासी कल्याण के लिए बजट को पहले के आवंटन की तुलना में पांच गुना बढ़ा दिया।" मोदी ने दावा किया कि केंद्र की सरकार ने आदिवासी इलाकों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल स्थापित किए हैं और ऐसे स्कूलों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। कहा कि उनके मंत्रालय में सात प्रतिशत लोग एसटी, एससी और ओबीसी श्रेणी के हैं।



### लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी: राहुल



**अलीराजपुर (मप्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी। राहुल ने यह भी कहा कि इस बार के चुनाव का उद्देश्य देश के संविधान को बचाना है क्योंकि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान बदलना चाहते हैं। मध्य प्रदेश में रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले अलीराजपुर जिले के जोबट कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों के हित में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाए। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से जातिगत जनगणना की वकालत की और दावा किया कि इससे लोगों की स्थिति के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा और देश में राजनीति की दिशा बदल जाएगी।

## राजस्थान: सड़क हादसों में सात की मौत, 20 से अधिक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनू और टोंक जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार झुंझुनू में सोमवार को मिनी बस और कार में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। यह हादसा थली गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद मिनी बस से टकरा गई। सिंघाना थाना प्रभारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान करणवीर (27), रिंकू (25) और राहुल (19) के रूप में हुई है। ये तीनों हमीरवास से झुंझुनू के सिंघाना जा रहे थे। मृतकों में बाइक सवार सुरेश (40) और मिनी बस चालक हनुमान (45) भी हैं। घायल सिंघाना के अस्पताल में भर्ती हैं। उनमें से कुछ को झुंझुनू रेफर किया गया है। वहीं एक अन्य हादसे में एक कार डिवाइडर पार कर ट्रक से जा टकराई, जिसके बाद दोनों सड़क किनारे पलट गए। हादसे में कार सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें कोटा रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान प्रद्युम्न (20) और आयुष (20) के रूप में की गई है।

## कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने प्रज्वल को देश से बाहर क्यों जाने दिया: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरोपी के भाग जाने की सूचना थी तो राज्य सरकार को हवाई अड्डे पर नजर रखनी चाहिए थी
- वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद आपत्तिजनक वीडियो जारी कर कांग्रेस कर रही राजनीतिक खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जोर देकर कहा कि प्रज्वल रेवन्ना जैसे व्यक्ति के लिए कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति होनी चाहिए। उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि उसने जद (एस) सांसद को देश से बाहर जाने दिया और वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में चुनाव संपन्न होने के बाद आपत्तिजनक सेक्स वीडियो जारी किए। मोदी ने एक समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है क्योंकि यह कानून और व्यवस्था का मुद्दा था। उन्होंने कहा कि हजारों वीडियो की मौजूदगी से लगता है कि यह उस समय का है जब जनता दल (सेक्यूलर) का कांग्रेस के साथ गठबंधन था। ये वीडियो तब एकत्र किए गए थे जब वे सत्ता में थे। वोक्कालिगा समुदाय द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद चुनाव के दौरान उन्होंने इसे जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने इस घटनाक्रम को बेहद संदिग्ध बताते हुए कहा कि प्रज्वल रेवन्ना को देश से बाहर भेजे जाने के बाद वीडियो जारी किए गए। यदि राज्य सरकार के पास सूचना थी तो उसे हवाई अड्डे पर नजर रखनी चाहिए थी।

### एसआईटी ने एचडी रेवन्ना के आवास का किया निरीक्षण

**बेंगलुरु।** महिला के कथित अपहरण और उसे गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाने के संबंध में जनता दल (सेक्यूलर) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच कर रहे एसआईटी ने सोमवार को बेंगलुरु के बसवनगुडी में उनके आवास का निरीक्षण किया।

## एक नजर

### जैन आचार्य सुनील सागर महाराज का निधन

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में धर्मप्रभावना कर रहे दिगम्बर जैनाचार्य 108 सुनील सागर महराज के संघस्थ मुनि श्री सम प्रतिष्ठित सागर महाराज का सोमवार को निधन हो गया। सागर महाराज के निधन से जैन समाज में शोक छा गया है। श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति के महामंत्री महावीर अजमेरा ने बताया कि समाधिस्थ मुनि समप्रतिष्ठत सागर जी महाराज अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने जैन परम्परा में शरीर त्यागने के लिए 24 घंटे में एक बार ग्रहण करने योग्य अन्न-जल भी छोड़ रखा था। आज उन्होंने शरीर त्याग दिया।

### बंगाल में बम विस्फोट किशोर की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को एक बम विस्फोट में एक किशोर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद लॉकेट चटर्जी ने घटना की एनआईए जांच की मांग करते हुए दो घंटे से अधिक समय तक एक सड़क को जाम कर दिया। घटना हुगली जिले के पांडुआ में एक तालाब के पास घटी जहां कुछ लड़के खेल रहे थे तभी अचानक विस्फोट हो गया था।

## अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो देश में होगा जंगलराज

समस्तीपुर, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में चुनावी रैली में किया दावा

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में आए तो देश में 'जंगलराज' होगा। शाह ने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि 'इंडिया' गुट के नेता भ्रष्ट हैं। बिहार के समस्तीपुर जिले में भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''झारखंड में एक मंत्री के घर से 30 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामदगी साबित करती है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता भ्रष्ट हैं।

शाह ने कहा-अगर वे सत्ता में आए तो देश के साथ-साथ बिहार में भी पूरी तरह से जंगलराज' हो जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को दावा किया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित तौर पर जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाबी नकदी बरामद की गई है। अमित शाह ने कहा-इंडिया गुट से प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या शरद पवार बनेंगे प्रधानमंत्री? क्या ममता बनर्जी (प्रधानमंत्री) बनेंगी या एमके स्टालिन या उद्धव ठाकरे?



### देश में आतंकी हमलों के दौरान कांग्रेस व टीएमसी ने साधी चुप्पी

**दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)।** अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के समय देश में आतंकी हमलों के दौरान चुप्पी साधे रखने का आरोप लगाया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीएमसी ने आतंकी हमलों के दौरान इसलिए चुप्पी साधे रखी क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक के नाराज होने का भय था। शाह ने दावा किया कि जहां भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 10 साल के कार्यकाल की विशेषता देश में आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना है।

## बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

धन शोधन का मामला

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दिल्ली शराब नीति से संबंधित दर्ज किए गए धन शोधन के मामले में उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने धन शोधन मामले में सुश्री कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी। कविता को 15 मार्च को ईडी और बाद में सीबीआई ने न्यायिक हिरासत में रहते हुए गिरफ्तार किया था। अदालत की ओर से जेल में उससे पूछताछ की अनुमति दिए जाने के बाद सीबीआई की गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने इस मामले में अन्य लोगों के अलावा दक्षिण से सरथ चंद्र रेड्डी को भी गिरफ्तार किया था। रेड्डी ने कथित तौर पर कविता के आश्वासन पर शराब घोटाले में शामिल हुआ था कि उसके दिल्ली सरकार में संपर्क हैं और वह व्यवसाय में भी उसकी मदद करेगी। सीबीआई ने आगे आरोप लगाया कि नवंबर-दिसंबर 2021 में कविता ने रेड्डी को उन्हें आवंटित पांच रिटेल क्षेत्रों के लिए प्रति क्षेत्र पांच करोड़ की दर से 25 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा था।

## आयकर मामले में सीरम इंस्टीट्यूट की याचिका पर सुनवाई 17 तक स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की याचिका पर सुनवाई 17 मई तक के लिए स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय ने आयकर कानून में 2016 के संशोधन के खिलाफ कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी दातार के बहस के लिए समय मांगने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। कंपनी ने बंबई उच्च न्यायालय के चार दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

## एनआईए अदालत ने पांच लोगों को सुनाई सजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने आतंकी संगठन आईएसआईएस की विचारधारा को बढ़ावा देने और भारत में हिंसा के माध्यम से आतंक फैलाने के लिए प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) समूह द्वारा रची साजिश से संबंधित मामले में सोमवार को दो महिलाओं समेत पांच लोगों को अलग-अलग जेल की सजा सुनाई।

आरोपियों में से एक पर भारत में खलीफा का शासन स्थापित करने और देश में एक ही दिन में 100 आईईडी धमाके करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था।

## राहुल पर विवि में नियुक्ति की प्रक्रिया पर झूठ बोलने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश के विभिन्न कुलपतियों और शिक्षाविदों ने की कार्रवाई की मांग

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में झूठ फैलाने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष टी जी सीताराम समेत विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविदों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सीएसजेएम विवि, कानपुर के कुलपति विनय पाठक, पेसिफिक विवि, उदयपुर के कुलपति भगवती प्रकाश शर्मा आदि कई अन्य कुलपति भी शामिल हैं।

### राहुल ने कहा था कांग्रेस की सरकार बनी तो राम मंदिर का फैसला पलट देंगे : आचार्य प्रमोद कृष्णम



**संभल।** कल्कि पीठाधीश्वर व कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बातचीत में कहा कि कांग्रेस कभी भी राम की नहीं हो सकती है। उसने तो राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। यहां तक राम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो उस कार्यक्रम में भी राहुल गांधी नहीं पहुंचे थे। उन्होंने यह कहकर चौंका दिया कि राम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक के दौरान अमेरिका के रहने वाले अपने नजदीकी से राहुल गांधी ने यह कहा था कि यदि उनकी सरकार आई तो वह शाहबानों प्रकरण की ही तरह राम मंदिर का फैसला भी बदल देंगे। शाहबानो मामले में भी सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदला जा चुका है। कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि मैं कांग्रेस में 32 साल तक रहा। इससे भी ज्यादा रहा। कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका के रहने वाले अपने एक शुभचिंतकों के इशारे पर कहा था कि अगर हमारी सरकार बनती है तो हम राम मंदिर के फैसले को पलट देंगे।



## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

# भारतीय महिला-पुरूष रिले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

नासाउ (बहामास), एजेंसी





भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3 : 28 . 54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा।

पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरूष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे। उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरूष दोनों वर्गों में भाग लिया था।

मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरूआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरूष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## सरकार के फैसले पर ही भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान : शुक्ला



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है।

# सूर्या के शतक ने आसान की मुंबई की जीत


## 18वें ओवर में हासिल किया लक्ष्य, हैदराबाद को सात विकेट से हराया




मुंबई, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव नाबाद (105) और तिलक वर्मा नाबाद 37 रनों की पारियों की तूफानी पारियों की के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को आईपीएल के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया है। मुंबई की 12 मैचों में यह चौथी जीत है।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में इशान किशन (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में रोहित शर्मा (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में नमन धीर को शून्य पर आउट कर मुंबई को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला। सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों में 12 चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 102 रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं तिलक वर्मा 32 गेंदों में 37 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक और सूर्यकुमार के बीच 143 रनों की साझेदारी मुंबई के लिए आईपीएल में चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।



इससे पहले सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में बुमराह ने अभिषेक को आउट कर पहली सफलता दिलाई। पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया। कमिंस ने 17 गेंदों में नाबाद 35 रनों की पारी खेली। मुंबई की ओर से हार्दिक और पीयुष ने तीन-तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

**143** रनों की साझेदारी मुंबई के लिए तिलक और सूर्यकुमार ने की जो आईपीएल में चौथे विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है

**हैदराबाद 173/8** 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का तिलक बो चावला | 48 | 30 | 7/1 |
| अभिषेक शर्मा का इशान बो बुमराह | 11 | 16 | 0/1 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 5 | 6 | 1/0 |
| नितीश रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक | 20 | 15 | 2/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 2 | 4 | 0/0 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 | 12 | 1/1 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 | 12 | 0/0 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 3 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 2/2 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 8 | 7 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

**मुंबई 174/3** 17.2 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन का मयंक बो यानसेन | 9 | 7 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का क्लासेन बो कमिंस | 4 | 5 | 1/0 |
| नमन धीर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 9 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 102 | 51 | 12/6 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 | 32 | 6/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3 .2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0

## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अलग रणनीति बनाएंगे : बाबर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाए जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था।




### वीजा मुद्दों के कारण आमिर के आयरलैंड रवाना होने में विलंब


**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 शृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है।

## भारत की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

**धर्मशाला।** भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा इंग्लैंड में लाड्र्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।



## रूबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन



**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रे रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता।

## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को 65 करोड़ का बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है।



राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक एनसीए की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।

## रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए। अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी, संजू सैमसन और रियान को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा।

### भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला में बनाई 4-0 बढ़त

**सिलहट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (39) रन और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने सोमवार को वर्षा बाधित चौथे टी-20 मुकाबले में डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से बांग्लादेश को 56 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम पांच मैचों की शृंखला में 4-0 बढ़त बना ली है। वर्षा के कारण बांग्लादेश को 14 ओवर में जीत लिए 125 रनों के लक्ष्य मिला था। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और भारतीय गेंदबाजों के आगे बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं खेल सका। बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी और मुकाबला 56 रनों से हार गई।

## एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप में पांच को स्वर्ण पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते।



ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में निशा ने कजाखस्तान की ओटिनबे को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया।


## बॉलीवुड हलचल

# हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नेटफिलक्स पर संजय लीला भंसाली की नई सीरीज हीरा मंडी इस वक्त चर्चा में है। 1 मई को प्रदर्शित आठ एपिसोड वाली इस कहानी पर भंसाली की पूरी छाप है। चर्चा इसलिए भी है कि इसमें भर-भर के ग्लैमर है इतना कि उसे ग्लैमर का ओवर डोज भी कहा जा सकता है। सेट्स को भव्य दिखाने के लिए एनीमेशन का इस्तेमाल भी किया गया, जो नकली समझ आ जाता है। सेक्स और गाली-गलौच भरपूर मात्रा में तो है ही फूहड़ भी है। परिवार के साथ बैठकर देखने के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता। तवायफों पर आधारित कहानी में बार-बार उनकी तहजीब और रवायतों का महिमा मंडन किया गया है कि कोठे तहजीब सीखने की जगह हुआ करते थे पर तवायफों से भद्दे संवाद बुलवाते समय भंसाली ये बात भूल जाते हैं। हीरा मंडी की स्टारकास्ट जबरदस्त है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सेगल, श्रुति शर्मा, प्रतिभा रांटा, फरदीन खान, अध्ययन सुमन और शेखर सुमन आदि हैं। ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी भी प्रभावित करती हैं। बड़े शेखर से ज्यादा छोटे शेखर प्रभाव छोड़ते हैं। ताहा शाह बदूशा ने आंखों से अच्छा अभिनय किया है। माहौल है 1940 के आसपास का लाहौर। 'हीरा मंडी : द डायमंड बाजार' की मुख्य कहानी मल्लिका जान मनीषा कोइराला की कहानी है, जो हीरा मंडी की सबसे ताकतवर तवायफ है। उनके बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मुख्य किरदार के लालच में मनीषा कोइराला ने करियर की दूसरी पारी में छीछालेदर ही करवा ली। वह आतंक का पर्याय है। उसकी बेटी बिब्बो जान क्रांतिकारियों का साथ दे रही है। दूसरी तवायफ बेटी आलमजेब शेरो-शायरी करती है। उसका पुराना गुनाह नए तेवर में फरीदन सोनाक्षी सिन्हा बनकर लौट आता है। सोनाक्षी का अभिनय बेहद कमजोर है। कोठों पर कब्जे की जंग में आजादी की जंग का तड़का है। जो कहानी को मकसद देता है। वरना तवायफों के बारे में आज कोई क्यों जानना चाहेगा। क्योंकि ना तो कहानी असली है ना ही इतिहास। अगर कुछ है तो वो तवायफों के जेवर और नवाबों के तेवर। सिरीज देखते समय आप कहानी या पात्रों से खुद को रिलेट नहीं कर पाते। हां आजादी की जंग थोड़ा जोश जरूर भरती है। अमीर खुसरो का बसंत गीत सकल बन फूल रही सरसों बढ़िया है। इन कहानियों में षड़्यंत्र है, जरूरत से ज्यादा ग्लैमर है और मोहब्बत की कशिश भी है। कहानियों के भीतर इतनी कहानियां हैं कि आप से कहानी का मुख्य सिरा ही छूटने लगता है। पूरी कहानी में भंसाली के दिमाग में पाकीजा छाई हुई है। डांस स्टेप्स, सिचुएशन्स सिनेमेटोग्राफी, कॉस्ट्यूम, संवाद अदायगी सभी पाकीजा की थर्ड कॉपी लगते हैं। जब भंसाली पाकीजा से इतने ही प्रभावित थे तो उसका भावनात्मक पहलू भी याद कर लेते। उसकी शालीनता और मोहब्बत के ऊंचे मानदंड भी याद रखते। आज तवायफों का दौर देखने वाले तो नहीं है पर पाकीजा हर सिने प्रेमी ने देखी है। कह सकते हैं कि हीरा मंडी में जो अच्छा है वो मौलिक नहीं है जो मौलिक है वो अच्छा नहीं है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# आतंकियों का पता बताने पर मिलेंगे 20 लाख, स्केच जारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर का जिला पुंछ में वायु सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले के बाद से ही गहन तलाशी अभियान चल रहा है। सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है। ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है।



## कुलगाम में मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार देर रात तक सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान के दौरान कुलगाम के रेडवानी पाईन गांव में आतंकियों से पुंछ हमले के चार दिन बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर इसकी पुष्टि की है।

# अब अहमदाबाद के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** दिल्ली और देशभर के कई के स्कूलों और हाई आड्डों को बम से उड़ाने की धमकी कुछ दिन बाद अब अहमदाबाद के दस स्कूलों के धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें इन स्कूलों को उड़ा देने की धमकी दी गई है।

लोकसभा चुनावों से पहले स्कूलों को आए इन ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुरुआती जानकारी में स्कूलों को रूसी सर्वर से मेल आने की बात कही जा रही है। गुजरात में लोकसभा चुनावों की वोटिंग से पहले आए धमकी भरे ई-मेल ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। कई सारे स्कूल बंद हैं। ईमेल पर अहमदाबाद की आठ स्कूलों ईमेल पर धमकी मिल की है। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें अहमदाबाद के बड़े स्कूल शामिल हैं।

# भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका का हित सुरक्षित

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता बोले-चीनी प्रभाव को रोकने के लिए शक्ति बनकर उभरा भारत

भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है।

कैलिफोर्निया के कारोबारी चुघ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के उत्कर्ष को लेकर बड़ा उत्साह है। भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के माध्यम से, बल्कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता की वजह से महत्वपूर्ण भूमिका में है।

चुघ ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच एक मजबूत रिश्ता होगा। कई लोगों ने इसे 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी कहा है। वहीं, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखता है। अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत के साथ किसी अन्य देश की तुलना में अधिक है।




# भारतीयों के बहिष्कार के बाद घुटनों पर आया मालदीव

*दुबई। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आने के बाद मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में आई गिरावट से मालदीव सकते में आ गया है। अब द्वीप राष्ट्र के पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से देश में घूमने आने का निवेदन कर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भारत और अपने देश के ऐतिहासिक संबंधों पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गत छह जनवरी को अपने एक्स पर प्राचीन लक्षद्वीप के फोटो व वीडियो साझा करने पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद भारतीयों ने मालदीव जाने का बहिष्कार कर दिया था।*

## पर्यटकों की संख्या में 42% की आई गिरावट

गत वर्ष की तुलना में इस शुरुआती चार माह में भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या 42 प्रतिशत की गिरावट आई है। साल की शुरुआत में मालदीव आने वाले पर्यटकों में भारतीय शीर्ष पर थे, लेकिन कुछ ही समय में भारतीय पर्यटकों की संख्या छठे स्थान पर पहुंच गई।



## भारतीयों का करेंगे गर्मजोशी से स्वागत

मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने विशेष साक्षात्कार कहा कि हमारी नवनिर्वाचित सरकार भी भारत के साथ काम करना चाहती है। हम सदैव शांति और मैत्रीपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देते हैं। हमारी सरकार और लोग भारतीय आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। पर्यटन मंत्री होने के नाते मैं भारतीयों से कहना चाहता हूं कि वे कृपया मालदीव के पर्यटन हिस्सा बनें। हमारी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर करती है।

## एक नजर

### हमास ने इजराइल के साथ संघर्ष विराम प्रस्ताव को किया स्वीकार

**काहिरा।** हमास ने कहा कि उसने इजराइल के साथ पिछले सात महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिए मिस्र और कतर की ओर से पेश किए गए संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि हमास के सर्वोच्च नेता इस्माइल हानिया ने कतर के प्रधानमंत्री और मिस्र के खुफिया मामलों के मंत्री को फोन पर यह जानकारी दी। मध्य पूर्व के ये दो देश इजराइल और हमास के बीच महीनों से जारी बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं। लेकिन इजराइल ने इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। हमास ने रविवार को इजराइल पर मिसाइलें दागीं थी। इजराइल ने पलटवार करते हुए हमला किया जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई।

### मध्यप्रदेश में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से सवार पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जबलपुर जिला प्रशासन के अनुसार मृतकों में देवेंद्र बरकड़े, राजवीर, अनूप, लकी और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हैं। सभी बच्चे पास ही के गांव तिनेटा देवरी के निवासी हैं। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया है कि सभी बच्चे एक ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर जा रहे थे, तभी तेज गति के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे मौत हो गई।

### एनटीए का दावा, नीट-स्नातक प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल से यह पता चला है कि सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।

### भारतीय उच्चायुक्त- ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के बीच संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाई को छूने के लिए तैयार है। वांग और बागले की बैठक की तस्वीर साझा करते हुए उच्चायोग ने कहा कि उच्चायुक्त और विदेश मंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर अहम चर्चा की।

# भारतीय मूल की सुनीता तीसरी बार करेंगी अंतरिक्ष की यात्रा

## पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान आज होगा रवाना, साथ रहेंगे बुच विल्मोर

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष जाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके साथ बुच विल्मोर भी रहेंगे। नासा के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरिक्ष जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान होगा, जो मंगलवार को उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार, यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट और बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान 7 मई की सुबह आठ बजकर चार मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

मिशन को संचालित करने जा रहीं सुनीता विलियम्स ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी सी घबराई हुई हैं। लेकिन नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, जब मैं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा। डॉ. दीपक पांड्या और बोनी पांड्या के घर जन्मीं सुनीता विलियम्स एक बार फिर इतिहास रचेंगी। वह ऐसी पहली महिला होंगी, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरेंगी। वह साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष जा चुकी हैं। विलियम्स ने दो मिशनों में अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।




अंतरिक्ष में जाने से पहले मीडिया से बात करतीं भारतवंशी सुनीता विलियम्स साथ में हैं बुच विल्मोर।

### भगवान गणेश की मूर्ति साथ लेकर जाएंगी विलियम्स

तीसरी बार उड़ान भरने से पहले विलियम्स ने बताया कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति साथ लेकर जाएंगी। उनका मानना है कि गणेश उनके लिए भाग्यशाली हैं। वह अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति साथ ले जाने को लेकर खुश थीं। इससे पहले सुनीता अपने साथ अंतरिक्ष में भगवदगीता लेकर गईं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें समोसे बहुत पसंद हैं।

### भारतवंशी विलियम्स दो बार जा चुकी हैं अंतरिक्ष में

सुनीता विलियम्स के पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे, लेकिन बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी कर ली। फिलहाल, सुनीता अब बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन का पायलट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनका जून 1998 में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ था। नौ दिसंबर 2006 में वह पहली बार अंतरिक्ष गई थीं। उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजे गए 14वें शटल डिस्कवरी के साथ रवाना किया गया था। इसके बाद 2012 में उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्होंने कजाकिस्तान के बैकोनूर से रूसी रॉकेट सोयूज टीएमए-05एम से उड़ान भरी थी।



स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान

# हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी अंतरिम जमानत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## न्यूजक्लिक मामला: अमित चक्रवर्ती को यूएपीए मामले में रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती को चीन समर्थक प्रचार प्रसार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने चक्रवर्ती की सेहत पर विचार करते हुए आदेश पारित किया और कहा कि अभियोजन पक्ष को याचिकाकर्ता की हिरासत से रिहाई पर कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि वह मामले में सरकारी गवाह बन गया है और माफी दे दी गई है। हाईकोर्ट ने संबंधित मामले में तीन मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को 25,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करने पर रिहा किया गया है।

# भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

मेलबर्न/चंडीगढ़

- ऑस्ट्रेलिया में किराए को लेकर भारतीय छात्रों के बीच हुआ विवाद एक की हालत गंभीर

ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान उनके भतीजे की हत्या की गई। शनिवार सुबह नौ बजे मेलबर्न में हुए इस विवाद में एक और छात्र की हालत गंभीर है। छात्र का नाम नवजीत संधू था, जो कि हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। छात्र के चाचा यशवीर के अनुसार कुछ छात्रों के बीच किराए को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब नवजीत इस विवाद को सुलझाने गया, तो उस पर बुरी तरह चाकुओं से हमला किया गया। यशवीर ने बताया कि नवजीत अपने दोस्त के साथ उसके घर से कुछ सामान लेने गया था क्योंकि उसके पास कार थी। जब वह घर के बार अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तो उसे घर के अंदर से शोर की आवाज सुनाई दी। नवजीत ने जब घर के अंदर घुसकर विवाद सुलझाने की कोशिश की, तो उसके सीने पर बुरी तरह से चाकू से हमला किया गया। इसके बाद नवजीत की मौत हो गई।

नवजीत के जिस साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह भी करनाल का ही रहने वाला था। यशवीर ने बताया कि रविवार की सुबह उनके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। नवजीत डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। परिवार ने भारत सरकार से नवजीत का शव भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

# भारतीय तटरक्षकों ने केरल के निकट जब्त की ईरानी नौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को जब्त किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया है कि, जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे। चालक दल ने नाव के मालिक पर शोषण का आरोप लगाया था। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने शोषण के प्रकृति का खुलासा नहीं किया है।

## मोदी ने शेयर किया डांस का वीडियो, कहा- रचनात्मकता देखकर मजा आ गया

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक एनिमेटेड वीडियो सामने आया है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वीडियो की तारीफ की और कहा कि चुनाव की गहमा-गहमी के बीच ऐसे वीडियो चेहरे पर मुस्कान लाते हैं। यह वीडियो एथीस्ट कृष्णा आईडी से पोस्ट किया गया है और इसमें लिखा है, यह वीडियो पोस्ट कर रहा हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि 'द डिक्टेटर' मुझे इसके लिए गिरफ्तार नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने इसे दोबारा पोस्ट करते कहा कि आप सभी की तरह मुझे भी खुद को नृत्य करते हुए देखकर आनंद आया। चुनाव की गहमा-गहमी के बीच इस प्रकार की रचनात्मकता वास्तव में आनंददायक है।

# प. देशों के खिलाफ परमाणु अभ्यास करेगा रूस

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया अभ्यास करने का आदेश

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है। इस कदम से पश्चिमी देश पुतिन के खिलाफ है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है। बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है।



## आज से शुरू होगा पुतिन का पांचवां कार्यकाल

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत मंगलवार को करने जा रहे हैं। रूसी सरकार के सूत्रों के अनुसार 87 प्रतिशत वोट के साथ निर्वाचित होने वाले पुतिन सात मई को पांचवीं बार राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे और इस के साथ ही उनका 2030 तक नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होगा।

# अवमानना मामले में डोनाल्ड ट्रंप पर फिर लगा जुर्माना

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को अमेरिका की एक अदालत ने अवमानना का दोषी मानते हुए ट्रंप पर एक बार फिर जुर्माना लगाया है। साथ ही अदालत ने उन्हें जेल भेजने की चेतावनी भी दी है।



गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए उन्हें एक हजार अमेरिकी डॉलर जुर्माने के रूप में भरने होंगे। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जुआन मर्चन ने कहा कि गैग आदेश के उल्लंघन के लिए एक हजार डॉलर का जुर्माना पूर्व राष्ट्रपति को नहीं रोक पा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है ट्रंप के कारावास पर विचार करने के लिए मजबूर होना होगा। बता दें, सोमवार को गुप्त धन मामले की सुनवाई का 12वां दिन था। इससे पहले 30 अप्रैल को अदालत ने ट्रंप को नौ हजार डॉलर का अर्थदंड सुनाया था। अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था।

# डिजिटल मीडिया के नियमों पर अर्जियों की सुनवाई एक साथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियम-2021 को चुनौती देने वालीं सभी याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा। ये नियम ऑनलाइन मीडिया पोर्टल और प्रकाशकों, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों और सोशल मीडिया मध्यस्थों के कामकाज को विनियमित करने से संबंधित हैं।

इसके तहत, सोशल मीडिया और प्रसारण कंपनियों के लिए विवादास्पद सामग्री को तेजी से हटाना, शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति करना और जांच में सहायता करना शामिल है। सभी याचिकाएं देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित थीं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया है। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा, सभी याचिकाएं 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को चुनौती देने वाली देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित याचिकाओं को 22 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया था। पीठ ने कहा था, विरोधाभासी निर्णयों से बचने के लिए, केंद्र सरकार सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह कराना चाहेगी। क्योंकि इनमें से बड़ी संख्या में मामले दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन हैं।

विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का चला पता

# सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष मे बृहस्पति जैसा खोजा गया आश्चर्यजनक एक ग्रह न केवल बेहद गर्म है, बल्कि 800 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से यहां तूफान उफान पर रहता है। रात के समय घने बादलों से ढक जाता है। इस ग्रह (एक्सोप्लैनेट) का नाम डब्लूएएसपी-43 बी है।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का पता चल पाया है। वेब में लगे उपकरण इसके वातावरण का विश्लेषण कर पाने में सक्षम है। रात को बादलों से ढके रहने वाले इस ग्रह का आसमान दिन के समय साफ रहता है। हमसे 283 प्रकाश-वर्ष दूर यह अत्यधिक गर्म होने के साथ यहा भूमध्यरेखीय हवाएं 8,000 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक सुपरसोनिक गति से चलती हैं। जर्नल नेचर एस्ट्रोनॉमी ने 30 अप्रैल, 2024 को यह शोध प्रकाशित हुआ है। यह पहला ग्रह है, जिसकी जलवायु बेहद आश्चर्यजनक है। वेब टेलीस्कोप ने इस गर्म एक्सोप्लैनेट के मौसम का नक्शा बनाया है। इसके अत्यधिक गर्म होने की वजह अपने तारे के बेहद करीबी होना है, जो मात्र 2 मिलियन किमी की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा करता है। यह बुध और सूर्य के बीच की दूरी के 1/25 से भी कम है। यह ग्रह ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका एक हिस्सा हमेशा तारे के सामने होता है, जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी के सामने होता है। इसलिए ग्रह का एक पक्ष लगातार दिन के उजाले में है, जबकि दूसरा पक्ष निरंतर अंधकार में है। पूर्व में हबल स्पेस टेलीस्कोप और स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप से इस ग्रह के संकेत मिले थे। कैलिफ़ोर्निया के बे एरिया पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।



ग्रह डब्लूएएस पी-43 की तस्वीर।

## 1260 डिग्री सेल्सियस है दिन का तापमान

डब्लूएएसपी-43 बी का दिन का तापमान 1260 डिग्री सेल्सियस रहता है, जबकि रात के समय 600 डिग्री सेल्सियस रह जाता है। अत्यधिक गर्म होने के कारण यह ग्रह रहने योग्य नहीं है। इस खोज से ग्रहों की दुनिया की प्रकृति की अजूबी जानकारी मिलती है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सिविल सेवा के इस्पाती ढांचे में लगा जंग, सुधार की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव बोले- भारतीय प्रशासनिक सेवा उदासीनता की राह पर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने सिविल सेवा में सुधार और पुनर्निर्माण की वकालत करते हुए कहा है कि अंग्रेजों का बनाया हुआ 'इस्पाती ढांचा' अब जंग खा चुका है। समय के साथ आईएएस ने अपनी प्रकृति और अपनी राह खो दी है। इसमें अयोग्यता, उदासीनता और भ्रष्टाचार आ गया है।

केंद्रीय वित्त सचिव सहित विभिन्न अहम पदों पर रहे सुब्बाराव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में महिलाओं की कम संख्या को लेकर अपनी नई किताब जस्ट ए मर्सिनरी? नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर में भी यह बात लिखी है। उन्होंने इस संबंध में मीडिया से कहा कि नौकरशाही के इस्पाती ढांचे में निश्चित रूप से जंग लग गया है। संघ लोक सेवा आयोग हर साल आईएएस, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एवं अन्य सेवाओं के अधिकारियों का चयन करता है। लेकिन इस सेवा में सुधार की जरूरत है। इसका समाधान जंग लगे हुए ढांचे को फेंकना नहीं है, बल्कि उसकी मूल चमक को वापस ले आना है। उन्होंने कहा कि यह नकारात्मक दृष्टिकोण राह से भटके अधिकारियों के एक समूह द्वारा बनाया गया है लेकिन चिंता की बात यह है कि वह समूह अब छोटा नहीं रह गया है।

